CMYK

अधिकतम :42°C
न्यूनतम: 28°C
सेंसेक्स 82,391.72
निफ्टी 25,104.25
सोना 99,070
चांदी 1,09,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, बुधवार 11 जून 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 220 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 14 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**कैटरीना कैफ बनीं मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**यार्कशायर के लिए खेलेंगे ऋतुराज गायकवाड़**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## कारगिल: कैप्टन थापर सहित 65 शूरवीरों को मिला सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर वीर सैनिकों के अदम्य साहस की दी जा रही जानकारी

**नई दिल्ली।** सेना ने 26वें कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत इस लड़ाई के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले योद्धाओं के परिजनों को सम्मानित करने की कड़ी में मंगलवार को कैप्टन विजयंत थापर (वीर चक्र) सहित 65 शूरवीरों के परिजनों को उनके घर जाकर सम्मानित किया।

सेना ने बताया है कि कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर सेना सर्वोच्च बलिदान देने वाले योद्धाओं के घर-घर जाकर वीर सैनिकों के परिजनों तथा देशवासियों को भारत मां के इन वीर सपूतों के अदम्य साहस और उनके शौर्य की पराकाष्ठा के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही सेना सभी वीर सेनानियों के घर जाकर सम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह भेंट करके उन्हें सम्मानित कर रही है। सेना के अधिकारियों का एक दल कैप्टन थापर के नोएडा स्थित आवास पर पहुंचा और उनके माता-पिता से मुलाकात कर उन्हें आभार पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सेना के अधिकारी इसके अलावा यहां राजधानी दिल्ली में वीर चक्र से सम्मानित राइफलमैन



अनसुया प्रसाद की पत्नी, जयपुर में हवलदार बस्ती राम की पत्नी , कुरूक्षेत्र में लांस नायक गुरमेल सिंह के माता-पिता, राजस्थान के वैशाली नगर में नायक आनंद सिंह की पत्नी और देहरादून में सेना पदक से सम्मानित हवलदार हरिओम के परिजनों सहित 60 से अधिक योद्धाओं के परिजनों से मिले और उन्हें सम्मानित किया।

## दिल्ली के अपार्टमेंट में आग, कूदने से दो बच्चों समेत तीन की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ दमकल की आठ गाड़ियों ने आग पर पाया काबू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला स्थित एक अपार्टमेंट में आग लगने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना पूर्वाह्न करीब 10:00 बजे द्वारका सेक्टर 13 स्थित शब्द अपार्टमेंट की है।

आग की लपटों में घिरे फ्लैट से जान बचाने के लिए करीब 35 साल के यश और उनके परिवार के दो अन्य बच्चों ने सातवीं मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तत्काल पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आग की इस घटना में यश की पत्नी और बड़े बेटे भी घायल हो गए। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने दमकल की आठ गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

### यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर लगा 15 हजार हर्जाना

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने तथ्यों को छिपाकर निगरानी याचिका दाखिल करने पर यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर 15 हजार रुपये का हर्जाना लगाकर याचिका खारिज कर दी। यह मामला बरेली के एक मकान व इमामबाड़े के पास की 17 दुकानों की वक्फ डीड का था। न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह फैसला यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से दाखिल पुनरीक्षण (निगरानी) याचिका पर दिया। इसमें विवादित संपत्तियों के लिए मुतवल्लियों की तैनाती के वक्फ ट्रिब्यूनल के वर्ष 2024 के एक फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था। दरअसल, यह मामला बरेली में 1934 में शुरू हुआ, जिसमें नवाब मोहम्मद हुसैन खां ने अपनी कोठी और वहां स्थित इमामबाड़े के पास की 17 दुकानों की वक्फ डीड की थी। उनकी मृत्यु के बाद उनकी बेटी ने वक्फ डीड को चुनौती देकर सिविल जज बरेली की अदालत में दीवानी दावा दाखिल किया। जहां, 1952 में इस वक्फ डीड को शून्य घोषित किया गया।

### सरकार ने नेवार्क हवाई अड्डे पर पकड़े गए भारतीय नागरिक की जानकारी मांगी

**नई दिल्ली।** अमेरिका में न्यू जर्सी के नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय नागरिक को हिरासत में लिए जाने की सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर को संज्ञान में ले कर सरकार ने राजनयिक चैनलों के माध्यम से अमेरिकी प्रशासन से संपर्क कर जानकारी मांगी है। सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि एक सोशल मीडिया पोस्ट का संदर्भ का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि न्यू जर्सी के नेवार्क हवाई अड्डे पर एक भारतीय नागरिक को हिरासत में लिया गया था। इस पर विदेश मंत्रालय ने औपचारिक रूप से इस मामले को नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास के समक्ष उठाया है। वाशिंगटन में हमारा दूतावास और न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास भी विवरण का पता लगाने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में रहे हैं।

### योग संगम पोर्टल पर पंजीकरण 50 हजार के पार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के 21 जून को 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में हिस्सेदारी के लिए देश भर से 50 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि 21 जून सुबह साढ़े छह बजे से पौने आठ बजे तक योग अभ्यास में भाग लेने के लिए 50 हजार से अधिक संगठनों ने पंजीकरण कराया है। इनमें से 11 हजार से अधिक पंजीकरण के साथ राजस्थान सबसे आगे निकल गया है। तेलंगाना में सात हजार से अधिक पंजीकरण हुए हैं, जबकि मध्य प्रदेश में करीब पांच हजार पंजीकरण हुए हैं।

### विदेश मंत्री का दावा: पाक को फिर उसी की भाषा में समझाएंगे

# पाक का तबाह एयरबेस राफेल की दक्षता का सबूत

**ब्रुसेल्स।** भारत ने पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लगभग तीन सप्ताह बाद पुनः चेतावनी दी है कि संघर्ष के मूल कारण अब भी यथावत बने हुए हैं और आगे कभी भी आतंकवादी हमलों से उकसाए जाने पर भारत पाकिस्तान में कहीं भी और किसी भी हद तक हमला करने के लिए तत्पर है।

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने ब्रुसेल्स की यात्रा के दौरान बेल्जियम के समाचारपत्र पोलिटिको के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि यह (पाकिस्तान) एक ऐसा देश है जो राज्य की नीति के साधन के रूप में आतंकवाद के उपयोग में पूरी तरह से लिप्त है। यही पूरा मुद्दा है। यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले महीने युद्ध शुरू होने की परिस्थितियां अभी भी हैं, उन्होंने कहा कि यदि आप आतंकवाद के प्रति प्रतिबद्धता को तनाव का मूल कारण कहते हैं, तो बिल्कुल, यह है। दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने के बाद से एक भारतीय अधिकारी द्वारा भारतीय पक्ष को हुए नुकसान के बारे में कुछ टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि भारत के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना को इसके विपरीत कहीं अधिक व्यापक नुकसान पहुंचाया है, जिससे पाकिस्तान को शांति के लिए गुहार लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि जहां तक मेरा संबंध है, राफेल कितना प्रभावी था या अन्य प्रणालियां कितनी प्रभावी थीं - स्पष्ट रूप से, मेरे लिए प्रसन्नता का सबूत पाकिस्तानी पक्ष में नष्ट और अक्षम हवाई क्षेत्र हैं। लड़ाई 10 तारीख को एक कारण से और केवल एक कारण से बंद हुई, जो यह था कि 10 तारीख की सुबह हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर प्रहार किया और उन्हें अक्षम कर दिया।

संघर्ष के मूल कारण यथावत बने हुए हैं , भारत ने दी पाकिस्तान को चेतावनी



### आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है: नित्यानंद राय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य दुनिया भर में भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है इसलिए इसे निर्णायक रूप से पराजित करना जरूरी है। श्री राय ने मंगलवार को यहां 23वें राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति, विकास और मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुभव है कि आतंकवाद को पूरी तरह से हराने के लिए हमें केवल सैन्य कार्रवाई से ज्यादा की जरूरत है। इसके लिए वैश्विक सहयोग जरूरी है। देशों को एक साथ आना चाहिए, खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए और आतंकवादियों के इरादों तथा तंत्र का पर्दाफाश करना चाहिए जिससे कि उनके नेटवर्क को प्रभावी ढंग से खत्म किया जा सके। आतंकवाद की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह किसी एक देश की भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है।

### देश में कोरोना मामलों की संख्या सात हजार के करीब

**नई दिल्ली।** देशभर में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों की संख्या मंगलवार सुबह तक 6815 पहुंच गई और पिछले 24 घंटों के दौरान इसके संक्रमण से तीन और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 68 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार मंगलवार सुबह आठ बजे तक 324 नए संक्रमण के मामले सामने आए, जिससे कुल सक्रिय मामलों की संख्या 6,815 हो गई और इस बीमारी के संक्रमण से 7644 मरीज स्वस्थ हो गए हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से तीन और मरीजों की जान जाने से मृतकों की संख्या 68 हो गई है। इस अवधि में राष्ट्रीय राजधानी, केरल और झारखंड से एक-एक मरीज की मौत हुई है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं। देश में 30 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में कोरोना सक्रिय मामलों में वृद्धि हुई है।

## 11 साल से रक्षा में बढ़ा आत्मनिर्भरता का ग्राफ: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है: मोदी



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि देश में पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और सरकार ने रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर शीर्ष नेतृत्व की ओर से सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया जा रहा है।

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में देशवासियों के सामूहिक संकल्प और रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भरता तथा प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता की ओर ले जाने के अटूट दृढ़ संकल्प पर गर्व व्यक्त किया। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पिछले 11 वर्षों में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जिसमें आधुनिकीकरण और रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है।

### राजघाट पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की प्रदर्शनी आज से

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी में राजघाट पर 11 से 15 जून तक एक प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है, जिसमें सशक्तिकरण, समावेशिता और सांस्कृतिक गौरव के साथ सरकार की विभिन्न उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राजघाट पर गांधी दर्शन के बिरसा मुंडा लॉन में 'लोक संवर्धन पर्व' नाम से इस कार्यक्रम की परिकल्पना समावेशी विकास के उत्सव के रूप में की गई है।

## खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ लोकसभा में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू करने का किया आग्रह

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर लोकसभा में उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए जल्द से जल्द प्रक्रिया शुरू करने का आग्रह करते हुए कहा है कि यह संवैधानिक व्यवस्था है इसलिए इस दिशा में शीघ्र कदम उठाए जाने आवश्यक हैं।

श्री खड़गे ने कहा कि संविधान में लोकसभा में अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष पद की व्यवस्था का प्रावधान किया गया है, लेकिन मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है इस संवैधानिक व्यवस्था को नकारा जा रहा है। उनका कहना था कि पिछली दो लोकसभाओं में इस पद को खाली रखा गया है और फिर वही प्रयास किया जा रहा है, जो गलत है इसलिए सरकार को इस दिशा में तत्काल कदम उठाने चाहिए। उन्होंने लिखा कि पहली से 16वीं लोकसभा तक, हर सदन में एक उपाध्यक्ष होता रहा है। मोटे तौर पर, मुख्य विपक्षी दल के सदस्यों में से उपाध्यक्ष की नियुक्ति करना एक सुस्थापित परंपरा रही है। हालांकि, स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार यह पद लगातार दो लोकसभा कार्यकालों के लिए रिक्त रहा है। 17वीं लोकसभा के दौरान कोई उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था और यह चिंताजनक मिसाल मौजूदा 18वीं लोकसभा में भी जारी है।

### मोदी से मिली दिल्ली की मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को यहां पीएम मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में दोनों नेताओं की मुलाकात का फोटो साझा किया है और लिखा है कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की है। श्रीमती गुप्ता की प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान क्या बात हुई इस बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन सूत्रों ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है।

## डिजिटल नाकाबंदी: मणिपुर में ठप हुआ सामान्य कामकाज

इंफाल, वार्ता

■ ऑनलाइन सेवाएं ठप, बाढ़ प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल करने की कोशिशें जारी

**मणिपुर में** बार-बार इंटरनेट बंद होने से सरकारी, निजी और व्यापारिक संस्थानों का कामकाज गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। राजधानी इंफाल सहित पांच जिलों में सात जून को एक स्थानीय संगठन के नेता की गिरफ्तारी के बाद इंटरनेट बंद कर दिया गया।

इसके बाद, अनिश्चितकालीन कर्फ्यू और अरम्बाई टेंगोल की ओर से 10 दिन तक इंटरनेट बंद करने की घोषणा की गई। इससे सभी ऑनलाइन सेवाएं ठप हो गई हैं। वहीं, बाढ़ प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल करने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन लोग ऑनलाइन रिचार्ज नहीं कर पा रहे। मणिपुर में अधिकतर घरों और दफ्तरों में प्रीपेड बिजली कनेक्शन हैं, जो रिचार्ज खत्म होते ही कट जाते हैं। इम्फाल के केशमपट में मणिपुर राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसपीडीसीएल) का एकमात्र रिचार्ज काउंटर है। इंटरनेट बंद होने से ऑनलाइन रिचार्ज संभव नहीं है। इसके अलावा, बैंकों में जरूरत के मुताबिक नकदी नहीं मिल रही, सिर्फ 500 रुपये के नोट मिल रहे हैं। एटीएम भी ठीक से काम नहीं कर रहे, जिससे बाजार में नकदी की भारी कमी हो गई है। एमएसपीडीसीएल के प्रीपेड बिजली रिचार्ज काउंटर पर लंबी कतारें लगी हैं। यहां के एक उपभोक्ता ने बताया कि काउंटर तक पहुंचने में दो घंटे लग रहे हैं।

## यूपी में बदलेगा मौसम, गरजेंगे बदरा

■ अगले 36 घंटों में आंधी और गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 36 घंटों में आंधी और गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान व्यक्त किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 36 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं वर्षा अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं, वहीं 12 जून से पूरे प्रदेश में कहीं-कहीं आंधी और बूंदाबांदी का अनुमान है। मौसम का बदला मिजाज 16 जून तक जारी करने की संभावना है। इस दौरान आंधी और वर्षा के चलते गर्मी से फौरी राहत मिलने की आशा है। विभाग के अनुसार प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में झांसी और आगरा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। इस दौरान लू और उमस भरी गर्मी लोगों को झुलसाती रही। गर्मी और लू के चलते राज्य के अधिकतर इलाकों में सुबह 11 बजे से सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा है, जिससे कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

## बेंगलुरु भगदड़: आरसीबी के मार्केटिंग हेड को राहत नहीं

बेंगलुरु, वार्ता

■ कर्नाटक हाईकोर्ट ने 11 जून तक फैसला सुरक्षित रखा

**बेंगलुरु भगदड़** मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरसीबी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया है। अदालत ने 11 जून तक आदेश सुरक्षित रखा है। चार जून को बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने सोसले की याचिका पर अपना आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा। सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा ने छह जून को गिरफ्तार किया था। सोसले ने अपनी याचिका में छह जून को सुबह उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि पुलिस की कार्रवाई राजनीतिक निर्देशों से प्रभावित है। वहीं, इससे पहले बेंगलुरु भगदड़ के बाद विवादों में घिरे कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ की ओर से बड़ी जानकारी आई थी। जानकारी के मुताबिक, ए. शंकर और ईएस जयराम ने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरसीबी के आईपीएल ट्राफी समारोह के दौरान मची भगदड़ की नैतिक जिम्मेदारी ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी बेंगलुरु भगदड़ मामले में फंसते दिखाई पड़े। सामाजिक कार्यकर्ता एचएम वेंकटेश ने कोहली को हादसे का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। आरसीबी ने मंगलवार को पंजाब किंग्स को हराकर आईपीएल 2025 का खिताब जीता था। यह इस फ्रेंचाइजी का पहला आईपीएल खिताब था, जिसके बाद बेंगलुरु में जश्न मनाने का फैसला किया गया था। बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक सरकार ने मुआवजे की राशि को बढ़ाने का ऐलान किया था। कर्नाटक की सिद्दारमैया सरकार ने मृतकों के परिवारों को 25 लाख रुपया मुआवजे के रूप में देने की घोषणा की। पहले यह रकम 10 लाख थी।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछे नौ सवाल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने बेंगलुरु भगदड़ मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इस मामले में हुई गिरफ्तारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से नौ सवाल पूछे हैं।

अदालत ने जवाबदेही पर जोर दिया और घटना तथा उसके बाद की स्थिति से निपटने में सरकार के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए। मालूम हो कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल 2025 में खिताबी जीत के बाद आरसीबी के जीत के जश्न में भगदड़ मची थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक घायल हुए थे। सरकार की कार्रवाई का ब्यौरा मांगते हुए हाईकोर्ट ने कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे महाधिवक्ता (एजी) से स्पष्टीकरण के लिए कई तीखे सवाल पूछे। अदालत को बताया गया कि भगदड़ की जांच सीआईडी को सौंप दी गई है। हालांकि, बेंगलुरु सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) ने गिरफ्तारियां की हैं और कब्बन पार्क पुलिस द्वारा आरोपियों को पेश किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने राज्य से नौ प्रमुख प्रश्न पूछे कहा कि विजय उत्सव मनाने का निर्णय कब और किसने लिया तथा इसे किस तरीके से आयोजित करना था, यातायात को विनियमित करने के लिए क्या कदम उठाए गए, प्रशंसक/भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए गए, आयोजन स्थल पर क्या चिकित्सा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं, क्या समारोह के समय उपस्थित होने वाले लोगों की संख्या के बारे में पहले से कोई आकलन किया गया था, क्या घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा दी गई? यदि नहीं, तो क्यों, घायलों को अस्पताल पहुंचाने में कितना समय लगा, क्या किसी खेल आयोजन या इस प्रकार के उत्सव में 50000 या उससे अधिक की भीड़ के प्रबंधन के लिए कोई एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार की गई थी,क्या कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कोई अनुमति ली गई थी?। राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है तथा उम्मीद है कि वह अपना जवाब सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करेगा।

### सीतारमण ने FSDC की बैठक में की अर्थव्यवस्था की समीक्षा

**मुंबई।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक में देश की अर्थव्यवस्था की समीक्षा की। वित्त मंत्रालय ने एक्स पर बैठक का फोटो जारी करते हुए कहा कि श्रीमती सीतारमण की अध्यक्षता में एफएसडीसी की इस 29वीं बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी मौजूद थे। इसमें भारतीय स्टेट बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा, सेबी के अध्यक्ष तुहिन कांता पांडे, वित्त सचिव एवं आर्थिक मामलों के सचिव, राजस्व सचिव के साथ ही सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार और वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई में एमबीबीएस तीसरे वर्ष के छात्र ने की आत्महत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में सरकारी सहायता प्राप्त मेडिकल कॉलेज और सर जे जे अस्पताल में एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा प्राथमिक जांच से पता चला है कि छात्र अवसाद में था। पुलिस के अनुसार रोहन रामफेर प्रजापति (22) ने रविवार रात सर जे जे अस्पताल परिसर में अपने छात्रावास के कमरे के छत पंखे से कथित तौर पर फांसी लगा ली। घटना का पता तब चला जब उसका रूममेट रितेश विश्वकर्मा उसी दिन रात 10-50 बजे छात्रावास के कमरे में आया। उन्होंने बताया कि प्रजापति को अस्पताल के आपातकालीन खंड में ले जाया गया लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रजापति का शव उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है और जांच जारी है।

### बस्ती में हाईटेंशन तार से चिपककर सगे भाइयों की मौत

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र मे मंगलवार को हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो सगे भाईयों ी मौत हो गई। पुलिस सूत्रो ने बताया कि क्षेत्र के खुटहन गांव निवासी विश्वबल्लभ यादव (23) और शशि भूषण (25) सगे भाई है। मंगलवार को किसी काम के लिए दोनो एक लोहे की सीढ़ी ले जा रहे थे कि रास्ते में सीढ़ी हाईटेंशन तार में स्पर्श हो गई और दोनो गंभीर रुप से झुलस कर अचेत हो गए। दोनो को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि 10 फिट पर लटक रहे हाईटेंशन तार को ऊपर करने के लिये कई बार बिजली विभाग में शिकायत किया गया लेकिन बिजली विभाग द्वारा कुछ नहीं किया गया।

### आरक्षण पर जम्मू-कश्मीर कैबिनेट ने मसौदा तैयार किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मौजूदा आरक्षण नीति के खिलाफ शिकायतों पर गौर करने के लिए पिछले साल गठित जम्मू-कश्मीर कैबिनेट उप-समिति ने अपनी रिपोर्ट का मसौदा तैयार कर लिया है, जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। यह जानकारी कैबिनेट उप-समिति की प्रमुख जम्मू-कश्मीर की मंत्री सकीना इटू ने दी है।

### फारूक अब्दुल्ला वंदे भारत में सवार हुए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को श्रीनगर के नौगाम रेलवे स्टेशन से कटरा तक वंदे भारत ट्रेन में सफर किया और इस सेवा की सराहना की तथा इसे स्थानीय लोगों और पर्यटन के लिए वरदान बताया। गौरतलब है कि नौगाम रेलवे स्टेशन उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कश्मीर को जम्मू क्षेत्र और शेष भारत से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई घाटी को जम्मू के कटरा शहर से जोड़ने वाली दो सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों का परिचालन सात जून को शुरू हुआ। अब्दुल्ला ने ट्रेन में सवार होने से पहले संवाददाताओं से कहा कि ट्रेन सेवा पर्यटन को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी और निवासियों के लिए यात्रा को आसान बनाएगी।

# भारतीयों पर अत्याचार को लेकर ट्रम्प से बात करें पीएम

नई दिल्ली, वार्ता

■ अमेरिकी राष्ट्रपति दबाव बना रहे: कांग्रेस

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका में भारतीयों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीयों पर हो रहे अत्याचार को रोकने में विफल रहे हैं, इसलिए अब श्री मोदी को तत्काल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इस बारे में बात करनी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका में भारतीय नागरिकों के सम्मान को ठेस पहुंचाई जा रही है और अपमानित करने की घटना ट्रम्प के राष्ट्रपति पद पर बैठने के साथ से आरंभ हो गई थी जो रुकने का नाम नहीं ले रही है। रमेश ने कहा कि मोदी सरकार भारत और भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में विफल हो रही है। पहली बार किसी अमेरिकी राष्ट्राध्यक्ष ने वॉशिंगटन डीसी में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार भारत पर दबाव बनाए रखने का श्रेय ले रहे हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी युद्ध विराम या अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए हैं। भारत और भारतीयों के सम्मान की रक्षा करना पीएम की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है। हम मांग करते हैं कि मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से बात करें और भारतीयों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और अमेरिका में भारतीय छात्रों में व्याप्त भय के मामले में हस्तक्षेप करने की अपील करें।

# छह राज्यों में लू का अलर्ट, बारिश की संभावना नहीं

नई दिल्ली, वार्ता

■ 47.3 डिग्री पारे के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म, असम में अब भी 1.63 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित

देश के उत्तरी राज्यों में तेज गर्मी का दौर जारी है। देश के 6 राज्यों के 18 शहरों का तापमान सोमवार को 45 डिग्री के ऊपर रहा। इन राज्यों में राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और ओडिशा शामिल हैं। राजस्थान का श्रीगंगानगर 47.3 डिग्री पार के साथ देश में सबसे गर्म रहा।



दिल्ली-एनसीआर समेत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मंगलवार को भी हीट वेव और तेज गर्मी की चेतावनी जारी रही। दिल्ली में आज भी तापमान 45 डिग्री पार के पास जा सकता है। राज्य में अगले दो दिन के लिए हीट वेव-गर्मी का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राजस्थान में तेज हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है।

सबसे ज्यादा असर पश्चिमी जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, जालोर, सिरोही में है। हरियाणा में भी सोमवार को तापमान 45 डिग्री के आंकड़े को भी पार कर गया। प्रदेश में सिरसा 46.4 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार तो हुआ है, लेकिन राज्य के 1.63 लाख लोग अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य में इस साल बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में 27 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल कोई भी नदी खतरे के निशान के ऊपर नहीं बह रही है। पिछले 6 साल की तुलना में इस साल आंध्र प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून पहले आया, लेकिन यह भरपूर नहीं रहा। जून के पहले नौ दिनों में 59प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून 4 जून की अपनी सामान्य तारीख से 9 दिन पहले 26 मई को आंध्र प्रदेश पहुंचा था।

इन दिनों में राज्य में 24.4 एमएम की सामान्य औसत बारिश के मुकाबले केवल 10.1 एमएम औसत बारिश दर्ज की गई। पूरे राज्य में चार जिलों- कोनासीमा, बापटला, पूर्वी गोदावरी और कृष्णा के अलावा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के खास इलाके में पहले 9 दिनों में बारिश नहीं हुई। आंध्र प्रदेश के तटीय इलाके, यनम मंडल के दो जिले अनकापल्ली-विजयनगरम में सामान्य वर्षा हुई। श्रीकाकुलम में ज्यादा बारिश हुई। एलुरु में 80प्रतिशत, गुंटूर 95 प्रतिशत, काकीनाड़ा 66 प्रतिशत, एनटीआर 81प्रतिशत, एसपीएसआर नेल्लोर 64 प्रतिशत और पश्चिम गोदावरी जिलों में 96 प्रतिशत कम बारिश हुई।

## सीएम योगी ने सपा पर हमला बोलते हुए पूछा सवाल

# विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ क्यों नहीं बोली

बहराइच, वार्ता



■ सुहेलदेव समेत सभी महापुरुषों का सम्मान क्यों नहीं किया गया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि मुस्लिम वोट बैंक के कारण समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के नेता विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोलते थे। कांग्रेस, सपा व अन्य दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि सपा कांग्रेस के लोगों ने क्या किया।

महाराजा सुहेलदेव समेत अन्य महापुरुषों को पहले क्यों सम्मान नहीं मिल पाया। इनके नाम पर भव्य स्मारक, मेडिकल कॉलेज, विश्व. विद्यालय पहले क्यों नहीं बना, क्योंकि उन्हें वोटबैंक की चिंता थी। महापुरुषों का नाम रखने पर तुष्टिकरण की नीति फेल न हो जाए। जब भाजपा देश-प्रदेश में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नाम पर सरदार पटेल की सबसे बड़ी प्रतिमा केवड़िया गुजरात में स्थापित कराई, तब सपा राष्ट्रतोड़क जिन्ना का गुणगान कर रही थी। जब हम लोग महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव को मनाने की बात करते थे, तब सपा व कांग्रेस में होड़ लगती थी कि गाजी मियां का विवाह होना चाहिए। हमने कहा कि विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन बंद और राष्ट्रनायकों का सम्मान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को चित्तौरा ब्लॉक के मसीहाबाद ग्रामसभा में महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होने 40 करोड़ से बने महाराजा सुहेलदेव स्मारक का उद्घाटन और महाराजा सुहेलदेव की कांस्य की 40 फिट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने 1243 करोड़ की 384 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास भी किया। उन्होने यहां 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण भी किया। गाजी के नाम पर होने वाले आयोजनों को इस बार से पूरी तरह से बंद कराने वालों को सीएम ने धन्यवाद दिया। उन्होने जयंती पर महाराजा बलभद्र सिंह को भी याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार वर्ष पहले महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं को जवाब देने की मिसाल प्रस्तुत की थी, लेकिन इतिहास में उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। पीएम मोदी के विकास व विरासत के अभियान को बढ़ाते हुए भाजपा की डबल इंजन सरकार ने उन्हें सम्मान देने का संकल्प लिया था।

### बदायूं, बिजनौर समेत चार जिलों के धार्मिक स्थलों की विकास योजनाओं को मिली स्वीकृति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन को सशक्त बनाने के प्रयासों के तहत पर्यटन विभाग ने बदायूं, कौशांबी, प्रतापगढ़ और बिजनौर जिले के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं बौद्ध स्थलों के विकास के लिए दो करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य न केवल पर्यटन स्थलों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना तथा पर्यटन क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति देना भी है।

### खुद को तपाकर मोदी ने भारतीयों को बनाया विश्वास का प्रतीकः सीएम

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के अब तक के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार देते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 11 वर्ष का यह कार्यकाल नए भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर, स्वर्णिम कालखंड के रूप में प्रस्तुत करता है। इस स्वर्णिम कालखंड के लिए हम उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, आजादी के 65 वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व और अन्य अस्थिर सरकारों के कारण आमजन का विश्वास टूटा था, विश्वास खंडित हुआ था, वैश्विक मंच पर भारत की छवि तार-तार हुई थी। पिछले 11 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के रूप में भ्रष्टाचार से मुक्त, परिवारवाद से मुक्त, तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला एक ऐसा नेतृत्व मिला है जिन्होंने पूरे भारत को विश्वास का प्रतीक बनाकर भारत को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की एक सुदृढ़ नींव का निर्माण करते हुए अगले 25 वर्ष के व्यापक कार्य योजना पूरे भारतवासियों के सामने प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत में न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बल्कि सुरक्षा की मोर्चे पर, सुशासन के मोर्चे पर और आर्थिक मोर्चे पर भी एक नई पहचान बनाई है। शासन की नीति स्पष्टता, कार्य प्रणाली की पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही अब शासन की एक नई पहचान बनी है।

# यूपी में जल्द आएंगे नए ईएसआई अस्पताल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मेरठ, शाहजहांपुर व बरेली में चल रहा तेजी से निर्माण कार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का श्रम एवं सेवायोजन विभाग कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के तहत श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रहा है और इसी कड़ी में सरकार ने मेरठ, बरेली, शाहजहांपुर, गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के निर्माण के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईएसआई योजना के तहत वर्तमान में श्रमिकों को प्राथमिक और द्वितीयक चिकित्सा देखभाल, सुपर स्पेशियलिटी उपचार और आकस्मिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके तहत बीमांकित कर्मचारियों और उनके परिजनों को राजकीय मेडिकल कॉलेजों या जिला अस्पतालों में रेफर कर उपचार सुनिश्चित किया जाता है, साथ ही स्वयं के खर्च पर उपचार की प्रतिपूर्ति भी की जाती है। प्रदेश में ईएसआई निगम के 109 अनुबंधित निजी चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार उपलब्ध है। इसके अलावा, रोग रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डाट्स सेंटर के माध्यम से टीबी की निष्शुल्क जांच और उपचार प्रदान किया जा रहा है। चिकित्सा अवकाश प्रमाणीकरण की सुविधा भी इस योजना का हिस्सा है। उन्होने बताया कि सरकार की भावी योजनाओं में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण प्राथमिकता पर है। मेरठ, शाहजहांपुर और बरेली में नए अस्पतालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जबकि गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, 12 नए औषधालयों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के पीआईपी प्लान के तहत 237.50 लाख रुपये और 2025-26 के लिए 80.90 लाख रुपये के उपकरणों की स्वीकृति ईएसआई निगम से प्राप्त हो चुकी है, जिससे अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी थमी

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, और रियल्टी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिनों की तेजी आज थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 53.49 अंक गिरकर 82,391.72 अंक रह गया वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 25104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2991 कंपनियों के शेयरों में से 1609 में तेजी जबकि 1302 में गिरावट रही वहीं 80 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में बिकवाली हुई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 199 अंक की तेजी के साथ 82,643.73 अंक पर खुला, लेकिन भारी बिकवाली से थोड़ी देर बाद ही 82,240.40 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,445.21 अंक के मुकाबले 0.06 प्रतिशत उतरकर 82,391.72 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी25,199.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,103.20 अंक की तुलना में मामूली बढ़त के साथ 25,104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 1.27, बजाज फाइनेंस 1.16, टाटा स्टील 0.99, बजाज फिनसर्व 0.92, आईसीआईसीआई बैंक 0.84, मारुति 0.82, रिलायंस 0.69, महिंद्रा एंड मलहद्रा 0.65, एचडीएफसी बैंक 0.64, भारती एयरटेल 0.62, इटरनल 0.45, एसबीआई 0.37, सन फार्मा 0.29 और टाइटन 0.28 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टेक महिंद्रा 2.27, टाटा मोटर्स 2.01, इंफोसिस 1.51, एचसीएल टेक 1.18, इंडसइंड बैंक 1.17, टीसीएस 1.16, अल्ट्रासिम्को 1.16, आईटीसी 0.96, एक्सिस बैंक 0.93, नेस्ले इंडिया 0.78, एनटीपीसी 0.64, अदानी पोर्ट्स 0.51, कोटक बैंक 0.42, पावरग्रिड 0.18 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर लाभ में रहे।

### यूपी को निवेश का हब बनाने के लिए जुटेंगे निवेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 10 जून को लखनऊ में एक दिवसीय ' वैश्विक क्षमता केंद्र कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उद्योग जगत के निवेशकों, नीति निर्माताओं और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ गहन विचार-विमर्श भी होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव इस कॉन्क्लेव के मुख्य वक्ता होंगे। इनके साथ नासकॉम के उत्तर भारत क्षेत्र के प्रमुख अमित वर्मा भी उपस्थित रहेंगे, जो उद्योग की दृष्टि साझा करेंगे।

# खाद्य तेल चढ़ा, अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

नई दिल्ली, वार्ता



■ चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस पर रहे दालों में भी रहा टिकाव

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल में 182 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16666 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 13919 रुपये, पाम ऑयल 13765 रुपये और वनस्पति तेल 14798 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# यूपी के 28 हजार चौराहों का होगा कायाकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम कनेक्टिविटी युक्त प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में 2000 रुपए की धनराशि खर्च कर 28,830 चौराहों का कायाकल्प करेगी। लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है। इसके अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों को पूरा किया गया है। वहीं, प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है जिससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही, 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने की तैयारी है। इन सभी कार्यों के जरिए प्रदेश में रोड सेफ्टी को बढ़ावा देने और यातायात सुधार की प्रक्रिया में तेजी लायी जाएगी। विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपए की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों जिससे पैदल यात्रियों व साइकिल इत्यादि से चलने वाले राहगीरों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा। प्रक्रिया के अंतर्गत 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887-88 किमी की लम्बाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिन्हित कर लिया गया है।

# निजीकरण का टेंडर होते ही करेंगे हड़ताल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की राष्ट्रीय कोर कमेटी की दिल्ली में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का टेंडर होते ही पूरे देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे।

कोऑर्डिनेशन कमिटी के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में चल रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में आगामी 02 जुलाई को पूरे देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उप्र में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में आगामी 09 जुलाई को देशभर के तमाम बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और गरीब उपभोक्ताओं के व्यापक हित में केंद्र सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराए। बैठक में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल अभिमन्यु धनकड़, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के जनरल सेक्रेटरी मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्ता, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी आर के शर्मा, तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी ए सेकीजार, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के ए के जैन ,यशपाल शर्मा और सत्यपाल मुख्यतया उपस्थित थे। लखनऊ में आगामी 22 जून को किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की हो रही महापंचायत में कोऑर्डिनेशन कमेटी के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। 22 जून की महापंचायत बिजली के निजीकरण के विरोध में निर्णायक जन आंदोलन का फैसला लिया।

### निजीकरण के खिलाफ उपभोक्ता परिषद ने की सीबीआई जांच की मांग

**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में 43454 करोड़ खर्च कर सिस्टम में व्यापक बदलाव के जरिये 42 जिलों के 51 प्रतिशत शेयर निजी घरानो को बेचने की साजिश की जा रही है। इस संबंध में उपभोक्ता परिषद ने प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति शिकायती प्रस्ताव भेज कर कहा कि इसमें केंद्र का धन भी शामिल है जिसके कुछ नौकरशाहों की भूमिका संदिग्ध है। उन्होने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि यह देश का पहला ऐसा मामला जहां पर सरकारी धन का उपयोग करके निजी घरानो को उपकृत करने की साजिश चल रही है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा की तरफ से एक साक्ष्य आधारित प्रस्ताव राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग बताते हुए पूरे मामले पर हस्तक्षेप करते हुए इस भ्रष्टाचार से पर्दा उठाने के लिए सीधे सीबीआई जांच की मांग उठाई गई है और कहां गया है इसमें ऊर्जा सेक्टर के कुछ नौकरशाह की भूमिका संदिग्ध है। श्री वर्मा ने कहा कि आरडीएसएस योजना में बिजली कंपनियों पर जो लगभग 43454 करोड़ खर्च हो रहा है उसका ज्यादातर भाग भारत सरकार के खजाने से आ रहा है इसलिए इस पर भ्रष्टाचार के मामले में सीधे भारत सरकार सीबीआई की जांच करा सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप

खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भाजपा के डिप्टी सीएम समाज के लोगों को लड़ा रहे हैं: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अंदरूनी लघई में अब कौशांबी में दो भाजपाई उपमुख्यमंत्री, दो समाज के लोगों को आपस में लघ्वा रहे हैं।



उन्होने यहां जारी बयान में कहा कि पहले एक उपमुख्यमंत्री ने नाइंसाफी करते हुए 'पाल' समाज के लोगों को मोहरा बनाया। फिर दूसरे उपमुख्यमंत्री ने अपने उस समाज के नाम पर झूठी सहानुभूति दिखाई। जो समाज इन दोनों के 'ऊपरवालों' को नहीं भाता है, इसलिए पीछे से वो भी सक्रिय हो गये, जिनकी पहले वाले उपमुख्यमंत्री से पुरानी खींच.।तानी है और फिर इन ऊपरवालों के ऊपरवालों की भी आपस में टकराहट है। इसलिए केंद्र वाले, कौशांबी की राजनीति करने वालों के साथ खड़े हैं। श्री यादव ने कहा कि ध्यान से समझा जाए तो ये भाजपा की अंदर की राजनीति में मचा एक बघ घमासान है, जिसमें दो या दो से अधिक समाजों को आपस में भिघ्वाकर 'कौशांबी, लखनऊ, दिल्ली' की भाजपाई राजनीति अपना वीभत्स खेल-खेल रही है जिसका शिकार जनता हो रही है। इस लघई में वो भी कूद पडे हैं जिनका समाज 'सत्ता सजातीय' राजनीति का विशेष रूप से शिकार है और लगातार सत्ता के निशाने पर है, जिसके कारण दूसरे उपमुख्यमंत्री अपने समाज पर हो रहे अत्याचार और अपमान पर अपनी कुर्सी बचाने के लिए सुविधाजनक चुप्पी साधे बैठे हैं। उन्होने कहा कि कौशांबी के मामले में उनको लगा कि जब वो कुछ सक्रियता दिखाएंगे तो शायद सत्ता द्वारा निरंतर उत्पीघ्ति व अपमानित किये जा रहे उनके अपने समाज में वो मुंह दिखाने लायक बन जाएंगे। सच तो ये है कि भाजपाइयों को जनता या किसी समाज की कुछ नहीं पघी है, सब अपनी-अपनी खो चुकी घ्मीन की संभावना फिर से तलाशना चाहते हैं लेकिन अब जनता बहुत चौकन्नी और जागरूक है, वो भाजपा की विभाजनकारी नकारात्मक राजनी.ति को अब और पनपने नहीं देगी। श्री यादव ने कहा कि 'शीर्ष भाजपाइयों' और 'शिखर भाजपाइयों' के आपसी झगघ्े के कारण, हर वर्ग और समाज बीच में पिस रहा है। सच्चाई तो ये है कि समाज को बांटना और लघना ही भाजपाइयों की पुरानी साघ्शिाना सियासत रही है, जिसे उन्होंने उन अंग्रेजों से सीखा है, जिनका उन्होंने हमेशा साथ दिया था। उन्होने कहा कि कौशांबी भाजपा के अन्याय का शिकार है। भाजपा से हर वर्ग और समाज को अब और भी सचेत व सतर्क रहना पघ्ेगा, नहीं तो ये भाजपाई समाजों के बीच आग लगाकर अपनी सियासी रोटी सेंकने में लगे रहेंगे, एक को फंसाकर आत्महत्या पर मजबूर करेंगे तो दूसरे पर इनाम घोषित करवाएंगे। कौशांबी का बच्चा-बच्चा जानता है कि सच क्या है? श्री यादव ने कहा कि भाजपा राजनीति को इस स्तर पर ले जाएगी किसी ने सोचा भी न था। अब जनता, भाजपा की बंटवारे की इस राजनीति को समझ रही है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 14.17 लाख से अधिक किसानों से संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत प्रदेश के 75 जिलों में 12 दिन में लगभग 8100 स्थानों पर जनप्रतिनिधियों/कृषि वैज्ञानिकों, कृषि एवं सहवर्ती विभाग के अधिकारियों के साथ लगभग 14,17,500 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।

12 जून तक निरंतर किसानों से संवाद जारी रहेगा। उन्नाव के विकासखंड फतेहपुर के ग्राम मदारिया कलां, तालिबपुर अहली लावनी में डॉ- योगेश प्रताप सिंह, संयुक्त कृषि निदेशक, गुणवत्ता नियंत्रण की अध्यक्षता में अभियान चला, जिसमें सीआईएसएफ रहमान खेघ, किसान विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक, उप कृषि निदेशक रविचंद्र प्रकाश व विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, ग्राम प्रधान एवं किसान उपस्थित रहे। किसानों को वैज्ञानिक खेती करने संबंधी विभिन्न जानकारी दी गई। रवि चंद्र प्रकाश उप कृषि निदेशक द्वारा मिट्टी की जांच कराने पर जोर देते हुए कहा गया कि कृषि को उद्योग समझ कर खेती को वैज्ञानिक विधि से करके खेती में लाभ प्राप्त करें, जिससे किसान की आय में वृद्धि हो। कृषि वैज्ञानिक द्वारा जैविक खेती, बाग.वानी आदि पर नवीनतम जानकारी दी गई। केवीके के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा खरीफ फसलों के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अमरोहा जनपद के ग्राम पंचायत रामहट विकासखंड जोया में विधायक हरि सिंह ढिल्लो जी, केवीके वैज्ञानिक व कृषि अधिकारियों द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत किसानों को खरीफ फसल उत्पादन तकनीकी, डीएसआर विधि, उर्वरकों का संतुलित प्रयोग, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, मिलेट्स, प्राकृतिक खेती, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम कुसुम, एनएफएसएम योजना, कृषि यंत्रीकरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित सभी फसलों की उत्पादन तकनीक व अन्य सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। बाराबंकी के दरियाबाद विकासखंड के ग्राम मियांगंज मे विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषक गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगघ् से केवीके प्रभारी, वैज्ञानिक, संयुक्त कृषि निदेशक अयोध्या मंडल, बाराबंकी के उप कृषि निदेशक, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया। अधिकारियों ने कृषि विभाग से जुघ्े सभी योजनाओं की जैसे सोलर पंप, मैकेनाइजेशन, निवेशों की व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई। किसानों से नेचुरल फार्मिंग करने, गौ आधारित खेती पर फोकस करने एवं रासायनिक उर्वरकों एवं दवाओं में कमी लाने, फार्मर रजिस्ट्री पर कैसे लाभ मिले, समय पर धान की नर्सरी, दलहन एवं तिलहन और डीएसआर विधि से बुवाई आदि पर प्रकाश डाला गया।

# लखनऊ में युवक की मौत पर बवाल

**ग्वारी गांव के जीतू यादव की इंदिरा नहर डैम में मिली लाश, परिजनों ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाकर किया चौराहा जाम**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के गोमत.ीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नहर डैम के पास युवक जीतू यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने मंगलवार को शंकर चौराहे पर जाम लगाकर जोरदार प्रदर्शन किया। मृतक ग्वारी गांव का निवासी था और परिजनों का आरा.ेप है कि उसके दोस्तों ने हत्या कर शव डैम में फेंका है। परिजनों के अनुसार, सोमवार सुबह जीतू यादव को उसके दो दोस्त घर से बुलाकर ले गए थे। देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा, तो चिंतित स्वजनों ने तलाश शुरू की। दोस्तों से पूछताछ पर उन्होंने पहले अनभिज्ञता जताई, लेकिन पुलिस दबाव में बताया कि वे तीनों इंदिरा नहर के पीछे नहाने गए थे, जहां दो साथी डूबने लगे। उन्हें बचाने के प्रयास में जीतू डूब गया। डर के मारे वे किसी को कुछ बताए बिना घर लौट आए। रातभर पुलिस और ग्रामीणों ने खोजबीन की, लेकिन शव नहीं मिला। मंगलवार सुबह जीतू का शव डैम के पास बरामद हुआ। परिजनों का आरोप है कि उसके शरीर पर कई चोटों के निशान थे, जिन्हें पुलिस ने छिपाया और बिना सहमति के जबरन अंतिम संस्कार करवा दिया। इससे नाराज ग्रामीणों ने ग्वारी गांव के पास शंकर चौराहे पर जाम लगाकर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की। हंगामा बढ़ने पर गोमत.ीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को शांत करने का प्रयास किया। अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर ग्रामीणों ने जाम हटाया। पुलिस का कहना है कि फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट में यदि चोट या हत्या के संकेत मिलते हैं, तो उसी अनुरूप कठोर कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच गोमतीनगर थाने की पुलिस कर रही है।

# बाराबंकी में हत्या के मामले में छह को उम्रकैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में छह लोगों को उम्रकैद और दस-दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी है।

जिला न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने हत्या के एक मुकदमें का फैसला सुनाते हुए सभी आधा दर्जन लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को दस हजार रूपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अमित कुमार अवस्थी, सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष शरण गुप्ता ने बताया कि दो मार्च 2018 को कुलदीप चौहान अपनी पत्नी सावित्री देवी को उसके मायके ग्राम मरका मऊ थाना बदोसराय छोड़ने गया था, वापस आते समय ग्राम खुर्दा निवासी हरिश चन्द्र, विनोद , लल्लन,पप्पू, लपटू और उत्तम ने मिलकर कुलदीप की हत्या कर दी और शव पेड़ से लटका दिया। यह हत्या काफी दिन तक पुलिस के लिए पहेली बनी रही। बाद में पुलिस ने घटना का पर्दाफाश किया था। न्यायालय ने सुनवाई पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को हत्या का दोषी करार दिया और सजा सुनाई।

# महोबा में शराब कारोबारी से पांच लाख लूटे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**महोबा।** उत्तर प्रदेश में महोबा जिले के अजनर क्षेत्र में सोमवार देर रात तीन बदमाशों ने शराब के एक ठेकेदार से हथियार के बल पर साढ़े पांच लाख से अधिक रूपये लूट लिए। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश से सटी सीमा पर स्थित सीगोन ओर चमरुआ गांवों की कमपोजिट सरकारी शराब की दुकानों के स्वामी आबकारी के ठेकेदार सुधांशु दीक्षित देर रात बिक्री की 5 लाख 65 हजार की रकम लेकर मोटर साईकिल से घर वापस लौट रहे थे कि बुधवारा ओर बघोरा के बीच सघ्क पर अचानक सामने आये बाइक सवार तीन बदमाशों ने उनका रास्ता रोक दिया और तमंचो को उसके सीने में अघ कर रुपयों से भरा बैग छीन कर भाग गए। लूट का विरोध करने पर बदमाशों ने ठेकेदार के साथ मारपीट भी की। उन्होने बताया कि पीघ्ति द्वारा अजनर पुलिस थाने में पहुंच शिकायत किये जाने पर वारदात का पता चला- जिसके बाद पुलिस ने ततपरता दिखाते हुए आसपास के सम्पूर्ण क्षेत्र की घेराबंदी कर बदमाशों को दबोचने का अभियान चलाया।

## एक नजर

### मानसून से पहले आपदा प्रबंधन पर हुई चर्चा

**लखनऊ।** भारतीय सेना की मध्य कमान और उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूपी एसडीएमए) ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के समन्वय में मंगलवार को आपदा प्रबंधन पर एक राष्ट्रीय स्तर की नागरिक-सैन्य संगोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसियां, पूर्व चेतावनी एजेंसियां और प्रतिक्रिया बलों एवं पांच राज्यों-हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों ने हिस्सा लिया। मानसून की तैयारियों के रूप में यह संगोष्ठी एक समयोचित पहल है, जिसमें बाघ् और बाघ् से संबंधित आपदाओं के प्रति विभिन्न राज्यों की बहुआयामी संवे.दनशीलता को ध्यान में रखा गया है। संगोष्ठी में आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के लिए जिम्मेदार केंद्रीय मंत्रालयों की पूर्व चेतावनी एजेंसियों ने भाग लिया, जिसमें भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) और राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी) शामिल थीं। प्रतिक्रिया एजेंसियों में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, यूपी पीएसी (बाघ्) और यूपी अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं संगोष्ठी में शामिल थीं। बाघ् से प्रभावित होने वाले पांच उत्तरी राज्यों-हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के एसडीएमए की भाग लेने वाली टीमों ने बाघ् से निपटने के लिए अपने राज्यों में सीखे गये सबक, बेस्ट प्रैक्टिसेज और नवाचारों को प्रस्तुत किया। संगोष्ठी ने प्रमुख आपदा प्रबंधकों की भूमिका और जिम्मेदारियों को समझने के लिए एक मंच प्रदान किया, साथ ही डोमेन विशेषज्ञों से और बाघ् आपदा प्रबंधन में नवीनतम रुझानों के बारे में सीखा। इस संगोष्ठी में पांच राज्यों में समकालीन बाघ् और बाघ् से संबंधित आपदा मुद्दों को शामिल किया गया और आपदा प्रबंधन, प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने, भारत में प्राकृतिक आपदाओं की आर्थिक लागत, आपदा भेद्यता और घटना प्रतिक्रिया प्रणालियों से सीखे गए सबक पर ध्यान केंद्रित किया गया। जल शक्ति एवं बाघ् नियंत्रण विभाग के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने संगोष्ठी को सम्बोधित किया। संगोष्ठी में वरिष्ठ आपदा प्रबंधन और सैन्य नेतृत्व ने भाग लिया, जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल ए सेनगुप्ता, जीओसी-इन-सी, मध्य कमान भारतीय सेना, मनोज कुमार सिंह, मुख्य सचिव, उप्र, राजेंद्र सिंह, सदस्य और विभागाध्यक्ष, एनडीएमए, लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन (सेनि), सदस्य एनडीएमए और लेफ्टिनेंट जनरल योगेन्द्र डिमरी (से॰नि॰), उपाध्यक्ष, उप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शामिल हुए।

### पीली नदी का होगा जीर्णोद्धार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के जिला प्रशासन के पीली नदी के जीर्णोद्धार के प्रति गंभीर रुख अपनाया है। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में प्रस्तावित पीली नदी की खुदाई कराई जाने के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। डा चंद्र ने कहा कि जन सहयोग से पीली नदी का जीर्णोद्धार होगा। उन्होने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि इसके संबंध में एक कार्ययोजना बना ली जाए। राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि नाप कराए और वन विभाग को पौधरोपण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जेसीबी, ईंधन सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होने कहा कि पीली नदी के जीर्णोद्धार के तकनीकी सदस्य मुख्यतघ् सिंचाई विभाग, लघु सिंचाई विभाग पीडब्ल्यूडी होंगे तथा राजस्व विभाग नाप करेगा। उन्होंने अवगत कराया कि जेसीबी के स्वामियों द्वारा स्वेच्छा से 1200 घंटे श्रमदान करने की प्रतिबद्धता जाहिर की गई है। यह पुनीत कार्य है। इसमें उन्होंने पीली नदी के आस पास निवास करने वाले किसानों से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में स्वेच्छा से सहयोग करें। जो लोग भी इस कार्य को करेंगे उनके जलपान की व्यवस्था के लिए खंड विकास अधिकारी और उनकी पूरी टीम रहेगी। डीएम ने कहा कि श्रमदान के सहयोग से इस कार्य को आगे बढ़ाना है और किसी से कोई भी नकद धनराशि नहीं ली जानी है। श्रमिकों को पारितोषिक दिया जाएगा। उन्होंने प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों के द्वारा जो नदियों को शरीर की धमनी के रूप में देखते हैं, उनको भी अपना सहयोग देने की अपील की। उन्होंने कहा कि 12 जून से इस कार्यक्रम का शुभारंभ हो जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़यिा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान, डीसी मनरेगा सुशील त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी बदलापुर योगिता सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### युवक की चाकू मारकर हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र में शाम एक युवक की चाकू मार का हत्या कर दी गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी बबेरू सौरभ सिंह ने बताया कि आज शाम दो युवकों का खेलने के दौरान विवाद हुआ और विवाद के दौरान सर्वर के पुत्र 20 वर्षीय राशिद को हनीफ के पुत्र शहजाद ने चाकू मार कर घायल कर दिया। जिसे तुरंत उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा भेजा गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने से उसे तत्काल जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपी युवक शहजाद को गिरफ्तार किया गया है और वादी पक्ष की प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू की गई।

# जाते-जाते दो की जिंदगी में कर गए उजाला

**सीतापुर।** शहर के व्यापारी शाहजहांपुर रोड निवासी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल का लंबी बीमारी के चलते निधनं हो गया। उन्होंने 78 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उनके निधन के पश्चात उनके पुत्रों अरविंद अग्रवाल एवं आलोक अग्रवाल अपने पिता की इच्छा अनुसार उनका नेत्रदान करवाने के लिए सक्षम के अध्यक्ष संदीप भरतीया से संपर्क किया। सन्दीप भरतीया ने आंख अस्पताल सीता.पुर से संपर्क करके उनका नेत्रदान कराया। डॉक्टरों की टीम में अरुणेश मिश्रा, डॉक्टर मयंक ओझा, सिद्धार्थ गुप्ता, डॉक्टर श्रुति सक्सेना, पल्लवी एवं प्रिया शामिल थे।

# आयुष्मान योजना में करोड़ों की सेंध

**मात्र 22 दिन में छह हजार से अधिक कार्ड धारकों के नाम पर फर्जी भुगतान, लखनऊ में एफआईआर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत में करीब दस करोड़ रुपये का घोटाला सामने आया है।

हाईटेक तकनीक और डिजिटल भुगतान प्रणाली के बावजूद यह घोटाला मात्र बाईस दिन में छह हजार दो सौ उनतालीस कार्डधारकों के नाम पर फर्जी क्लेम पास कर अंजाम दिया गया। यह पूरा मामला तब उजागर हुआ जब नियमित ऑडिट के दौरान गड़बड़ी पकड़ में आई और हज़रतगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। जांच में सामने आया कि एक लेखा अधिकारी और एक महिला कर्मचारी की लॉगिन आईडी और पासवर्ड का दुरुपयोग कर संवेदनशील पोर्टल्स पर अनधिख्रत प्रवेश किया गया। इस दौरान तीन सरकारी लॉगिन आईडी ख्र लेखाधिकारी, आईएसए स्टाफ और सीईओ से अप्राकृतिक समय यानी रात में फर्जी पेमेंट डाले गए। इस प्रक्रिया में तीन सौ उनतीस अस्पतालों में से उनतीस निजी अस्पताल चिन्हित किए गए हैं जो संदेह के घेरे में हैं। एक मई से बाईस मई के बीच जारी इन भुगतानों की कुल राशि नौ करोड़ चौरानवे लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। पेमेंट प्रक्रिया में जिस सिस्टम इंटीग्रेटर एजेंसी (आईएसए) को सरकार ने जिम्मेदारी सौंपी थी, उसी के कर्मचारियों की संलिप्तता से यह पूरा मामला भीतरघात और सायबर फ्रॉड का गंभीर उदाहरण बन गया है। पुलिस और जांच एजेंसियों का मानना है कि यह केवल प्रारंभिक खुलासा है, आगे चलकर राशि और व्यापकता में यह घोटाला और बड़ा साबित हो सकता है। अभी तक आरोपियों की शिनाख्त नहीं हो सकी है, मगर एफआईआर अज्ञात के खिलाफ दर्ज की गई है और डिजिटल फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है। सरकार की डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफरघ् आधारित योजनाओं में यह घोटाला एक बार फिर यह साबित करता है कि सिस्टम की तकनीकी सुलभता को अगर सुरक्षा के समान स्तर पर नहीं रखा गया, तो जनहित की योजनाएं भ्रष्टाचारियों के लिए अवसर बनती रहेंगी। ऐसे में यह मामला केवल वित्तीय अपराध नहीं, बल्कि जनविश्वास के साथ विश्वासघात है।

# संगम नगरी में हनुमान मंदिर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**प्रयागराज।** प्रयागराज के कोतवाल कहे जाने वाले बंधवा स्थित हनुमान मंदिर में जेष्ठ मास के पांचवे और अंतिम मंगलवार को आस्था और विश्वास का जनसैलाब उमड़ा है।

ज्येष्ठ मास के पांचवे मंगलवार को संगम पर स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की अन्य दिनों की तुलना में काफी भीड़ रही। श्रद्धालु संगम स्नान करने के बाद बंधवा स्थित हनुमान मंदिर समेत आसपास के हनुमान मंदिर में मत्था टेका। हनुमान जी का दर्शन और पूजन करने के लिए भक्तों में गजब का उत्साह नजर आया। बंधवा, सिविल लाइन, झलवा, अल्लापुर, त्रिवेणीपुरम, झूंसी, धूमनगंज और सुलेमसराय आदि हनुमान मंदों में भोर से श्रद्धालुओं की लंबी कतार में खड़े रहे। पूजन और प्रसाद सामग्री की दुकान पर भी भक्तों की भीड़ नजर आयी।

फूलों से सजे हनुमान दरबार में भक्ति बयार के साथ आस्था का सैलाब उमडा है। मंदिरों में लढ्डू, तुलसी पत्र, सिंदूर और नारियल अर्पित कर हनुमान जी से देश में सुख और शांति तथा परिवार की खुशहाली की श्रद्धालुओं ने कामना की। बंधवा स्थित बड़े हनुमान जी के मंदिर में सुबह से ही भक्त आशीष पाने के लिए हाथों में तुलसी की माला एवं लढ्डू का प्रसाद और जुबां पर जय श्रीराम, जय-जय हनुमान का जयकारा लगाते हुए कतार में लगे रहे। बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भक्त बंधवा स्थित और सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर समेत तमाम मंदिरों में बैठकर हनुमान चालीस, हनुमानाष्टक, बजरंगबाण पाठ, तुलसीदास कृत रामचरित मानस का सुंदरकाण्ड का सामूहिक पाठ किया। संगम स्थित हनुमान मंदिर परिसर में संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमि.रत हनुमत बलबीरा, और हनुमान जी के जयकारों की गूंज होती रही। मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल रहा, जहां लोग भक्ति और आस्था में डूबे नजर आए। मंदिर परिसर घंट घड़ियालों की ध्वनि से गुंजायमान रहा।

# रोड सेफ्टी व कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव की ओर बढ़ा उप्र

**दो हज़ार करोड़ रुपये से लखनऊ सहित सूबे के 28 हज़ार चौराहों का कायाकल्प**

**ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार और दो लेन सड़कें होंगी पैव्ड शोल्डर युक्त**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ सहित उत्तर प्रदेश की सड़कें अब न सिर्फ सुरक्षित होंगी बल्कि सुव्यवस्थित और सुगम भी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश सरकार ने लोकनिर्माण विभाग के माध्यम से सड़क सुरक्षा और कनेक्टिविटी में व्यापक सुधार की कार्ययोजना तैयार कर ली है। इसके अंतर्गत दो हज़ार करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से प्रदेश के 28,830 चौराहों और तिराहों का कायाकल्प किया जाएगा, जिनमें रोड सेफ्टी के सभी मानकों के अनुरूप स्थायी व त्वरित सुधार किए जाएंगे। लोकनिर्माण विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 से 2024 के बीच 1,435 चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधार कार्य संपन्न हो चुका है। वहीं अब सरकार का ध्यान ऐसे मार्गों पर है, जो दो लेन से कम चौड़ाई के हैं या जहां पैव्ड शोल्डर का अभाव है। इन्हें कम से कम दो लेन चौड़ा बनाकर पेव्ड शोल्डर से युक्त किया जाएगा, जिससे पैदल यात्रियों, साइकिल सवारों और ग्रामीण यातायात को नई सहूलियत मिलेगी। इस योजना में 748 करोड़ रुपये की लागत से 895 मार्गों पर पेव्ड शोल्डर निर्माण कार्य किया जाएगा। इससे राज्यमार्गों की सुरक्षा और उपयोगिता दोनों में वृद्धि होगी। यही नहीं, 50 किलोमीटर से अधिक लंबे राज्य मार्गों पर 102 स्थानों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि भारी वाहनों के सुगम संचालन और पार्किंग में बाधा न हो। सरकार की नजर उन मार्गों पर भी है जहां यातायात की वास्तविक गति निर्माणकालीन डिजाइन गति से 50 प्रतिशत तक कम पाई गई।

# शिक्षा में सुशासन और पारदर्शिता की नींव को और भी सुदृढ़ कर रही सरकार: संदीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार प्रशासनिक दक्षता, तकनीकी सक्षमता और नेतृत्व कौशल के माध्यम से पूरी शिक्षा व्यवस्था को सशक्त और आधुनिक बनाने की दिशा में अग्रसर है। इसी क्रम में, नौ से 13 जून तक लखनऊ स्थित वित्तीय प्रबंधन प्रशिक्षण एवं अनुसन्धान संस्थान में 35 जिलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ है। शेष 40 जिलों के बीएसए को इसी कार्यक्रम के दूसरे बैच में 23 से 27 जून के मध्य प्रशिक्षित किया जाएगा। गौरतलब है कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएसए को निपुण भारत मिशन, समावेशी शिक्षा, वित्तीय प्रबंधन और डिजिटल पोर्टलों के प्रभावी संच.ालन जैसे विषयों में दक्षता प्रदान की जा रही है। इसका उद्देश्य शिक्षा प्रशासन को नीति क्रियान्वयन, तकनीकी नवाचार और मानव संसाधन विकास में अग्रणी बनाना है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण अपने आप में एक 'शिक्षा प्रशासन के लिए नेतृत्व पाठशाला' है, जो उत्तर प्रदेश की शिक्षा नीति में दूरगामी परिवर्तन का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का यह प्रयास केवल नीतिगत घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि उन नीतियों को ज़मीन पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए दृढ़, शिक्षित और तकनीकी रूप से दक्ष नेतृत्व भी तैयार कर रही है।

वित्तीय प्रबंधन प्रशिक्षण एवं अनुसन्धान संस्थान लखनऊ में हो रहा यह प्रशिक्षण कार्य निष्पादन, वित्तीय अनुशासन, तकनीकी दक्षता और नेतृत्व कौशल में बीएसए को निपुण बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। यह निपुण भारत मिशन की सफलता के लिए आधारशिला सिद्ध हो सकता है। पहले बैच में अमेठी, बागपत, बलरामपुर, बांदा, बस्ती, बुलंदशहर, चंदौली, देवरिया, फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गाज़ियाबाद, हमीरपुर, हाथरस, जालौन, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कासगंज, कौशांबी, खीरी (लखीमपुर खीरी), कुशीनगर, ललितपुर, महाराजगंज, महोबा, मैनपुरी, मेरठ, प्रतापगढ़, रामपुर, संभल, संत कबीर नगर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र और सुल्तानपुर के बीएसए प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# मासूम से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के सुरेरी क्षेत्र में एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने पड़ोस में रहने वाली पांच वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की मां द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज एक घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि थाना सुरेरी में पीड़िता की मां ने सूचना दी कि उसकी 5 वर्षीय पुत्री सोमवार शाम घर के बाहर खेल रही थी कि इस दौरान पड़ोस में रहने वाला नियाज शेख उसे बहला-फुसलाकर एक कोठरी में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। सूचना मिलते ही थाना सुरेरी पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए धारा 65(2)/333 भारतीय न्याय सं.हिता व 5(एम)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया और आरोपी को रामपुर निस्फी गांव से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पीघ्तिा को बेहतर इलाज के लिये जिला चिकित्सालय जौनपुर भेज दिया है।

गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस आरोपी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सीएचसी रामपुर ले जा रही थी, तभी रास्ते में कसेरु पुलिया के पास उसने अचानक सरकारी वाहन का दरवाजा खोलकर भागने की कोशिश की और पुलिया से नीचे गड्ढेमें कूद गया।

# झोलाछाप के इलाज से किशोर की मौत

### इलाज के दौरान मेरठ में तोड़ा दम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। झोलाछाप के इलाज से बच्चे की हालत बिगड़ गयी। किशोर ने मेरठ के अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना को लेकर गुस्साए परि. जनों ने जमकर हंगामा किया।

घटना आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव बीजनपुर की है। यहां किसान प्रेमपाल सिंह का परिवार रहता है। उनके बेटे राजकुमार (16) को रविवार को बुखार की शिकायत हुई परिजन गांव के ही झोलाछाप के पास लेकर पहुंचे। झोलाछाप के इलाज शुरू करते हुए किशोर की हालत बिगड़ती चली गयी। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए मेरठ लेकर पहुंचे। जहां सोमवार को सांय के समय प्रेमपाल की मौत हो गयी। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे तथा झोलाछाप को बुलाया। लेकिन तब तक वह ताला लगाकर गायब हो गया। जिससे गुस्साए परिजनों ने उसकी दुकान पर जमकर हंगामा काटा। बिना कानूनी कार्रवाई के शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया। बेटे की मौत पर मां भगवती का रो रोकर बुरा हाल है जबकि बहन अंजलि व छोटा भाई अंकुर भी पूरी तरह बदहवास थे।

# मजदूरों से भरी वैन ट्रक से टकरायी, चालक की मौत

### हादसे में दस मजदूर घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मजदूरो से भरी वेन के ट्रक में घुसने के कारण चालक की मौके पर मौत हो गई। 10 लोग घायल हो गये। एक्सीडेंट की सूचना मिलने पर मजदूरों के परिवारो में कोहराम मचा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगाचोली के करीब एक दर्जन मजदूर पड़ोसी गांव पिपलोती के तालिब पुत्र मेहंदी की वेन को बुक कर झांसी लाइट के काम में मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। मंगलवार की सुबह करीब 9:00 बजे मजदूरों से भरी वेन जनपद हमीरपुर में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवें से गुजर रही थी। मोदहा के बड़ा चौराहा के निकट खड़े हुए ट्रक में घुस गई। दुर्घटना होने के बाद वेन में बैठे मजदूरों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से विवेक पुत्र देवेंद्र, आकाश पुत्र रामेश्वर, विनय पुत्र रमेश, अयान पुत्र सुनील, नन्हे पुत्र अंतराम, गौरव पुत्र मूलचंद, राम बहादुर पुत्र हरपाल ग्राम गंगाचोली को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान वेन चालक तालिब पुत्र मेहंदी आयु 20 वर्ष की मौत हो गई। घायलों में से कई की हालत अति गंभीर बताई जा रही है। वेन चालक की मौत से परिवार में को. हराम मचा हुआ है। जब के घायलों के परिजन भी घबराये हुए हैं। दुर्घटना में तीन अज्ञात लोग का भी घायल होना बताया जा रहा हैं।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

### परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। कोतवाली क्षेत्र के गांव दियावली खालसा व धौरिया के बीच स्थित गंगा बांध किनारे खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे युवक का शव लटका मिलने से सनसनी फैल गई।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर सुल्तानठेर निवासी 28 वर्षीय अशोक पुत्र नानक चंद का शव हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव दियावली खालसा और धौरिया के बीच स्थित गंगा बांध किनारे एक खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ पर प्लास्टिक की रस्सी के सहारे लटका हुआ था। इस दौरान खेतों की तरफ काम करने जा रहे ग्रामीणों की नजर जब शव पर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान समेत दर्जनों ग्रामीण एकत्र होकर घटनास्थल पर पहुंच गये। ग्राम प्रधान के द्वारा मामले की जानकारी 112 डायल पुलिस तथा कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद युवक की पहचान हुई। फिलहाल पुलिस हत्या या आत्महत्या दोनों एंगल पर जांच पड़ताल कर रही है। वही फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया है। इसके बाद रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गये। परिजनों ने बताया कि मृतक अविवाहित था। वह सोमवार शाम से लापता था। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। युवक की मौत से मां कमला देवी समेत परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। कोतवाल वरुण कुमार द्वारा बताया गया कि प्रथम दृष्टया मामला सुसाइड का है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख व उनके भाई सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। खनन कारोबार में साझेदार बनाने के नाम पर एक कारोबारी से वर्ष 2022 में 3.80 करोड़ रूपये हड़पने के आरोप में स्थानीय पुलिस ने एडीजी कानून व्यवस्था लखनऊ के निर्देश पर समाजवादी पार्टी से पूर्व ब्लॉक प्रमुख रहे हाजी मुमताज अली, उनके भाई पूर्व जिला पंचायत सदस्य सहित चार आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी, धमकाने आदि संबधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता राजेश बब्बर पुत्र स्व.रामलाल बब्बर निवासी केटी टावर-3, फ्लैट संख्या-302, जेपी सेक्टर-128 नोएडा द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप है कि मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो निवासी गांव मौहम्मदाबाद थाना गजरौला से उसकी जान पहचान थी। मुमताज अली ने उससे कहा कि उसने खनन का एक सरकारी पट्टा जिला गाजियाबाद में 30.06.2020 को लिया है। पट्टे में सात करोड़ का व्यय हुआ है मगर फिलहाल आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण काम बंद है। मुमताज अली ने राजेश बब्बर से खनन में पैसे लगाने और 25 फीसदी का पार्टनर बनाने का प्रस्ताव रखा। जिसपर भरोसा करते हुए राजेश बब्बर ने माह मार्च 2022 में मुमताज अली को 50 लाख रूपये व अप्रैल माह में 35 लाख रूपये नकद दे दिए और उसके बाद कई तिथियों पर बैंकों के माध्यम से मार्च 2022 से नवम्बर 2022 तक मुमताज अली ने तीन करोड़ अस्सी लाख रूपये ले लिए। इसके बाद जब भी राजेश बब्बर मुमताज अली से कारोबार के लिये कहते तो वे इधर उधर की बात करते। राजेश बब्बर ने जब जानकारी निकाली तो उन्हें पता चला कि उनके साथ मुमताज अली द्वारा कूटरचित दस्तावेज और धोखा करके रकम ऐंठी गई है। जब राजेश बब्बर ने अपने पैसों की मांग की तो पहले तो आरोपी पक्ष द्वारा टालमटोली की गई मगर बाद में विभिन्न तिथियों को अंकित करते हुए एक करोड़ पिचहत्तर लाख रूपये के चार चैक दिए गए, सभी चैक नियत तिथि को बैंक में लगाए गए मगर सभी चैक बाउंस हो गए। जिसके बाद मुमताज अली से इस बारे में बताया गया और 15 अगस्त 2023 को एक होटल में पंचायत भी हुई, जिसमें सारा पैसा 28 अगस्त 2023 तक लौटाने और पूरे पैसे न दे पाने पर प्रतिदिन 15 लाख रूपये देने का भरोसा दिया, मगर पैसे नहीं दिए गए। राजेश बब्बर ने प्रकरण की शिकायत एडीजी कानून व्यवस्था लखनऊ से की। जिस पर उन्होंने स्थानीय गजरौला पुलिस को मामला दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने मुमताज अली, उनके भाई अब्बास अली, अमित चौधरी व अमित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि उन्हें अभी मुकदमे की जानकारी नहीं है।

**■ खनन पट्टे में पार्टनर बनाने के नाम पर एक कारोबारी से ऐंठे 3.80 करोड़**



# जलभराव की समस्या को मंत्री एके शर्मा से मिलीं चेयरमैन

### रूके विकास कार्यो के लिए धन आवंटित करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से भेंट कर नगर में पालिका द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो से अवगत कराया। जबकि जल भराव की समस्या करने की मांग भी की।

पालिकाध्यक्ष शशि जैन ने बताया कि नगर विकास मंत्री एके शर्मा से लखनऊ में भेंट की। उन्होंने बताय कि उन्हीं के निर्देश पर अमरोहा नगर पालिका द्वारा विकास कार्यो का नया आयाम स्थापित किया जा रहा है। जिसमें लिगेसी वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, घरेलु अथवा व्यवसायिक शौच टैंक मल गाद के वैज्ञानित पद्धति से ट्रीटमेंट हेतु 32 केएलडी फेकल स्लज ट्रीटमेंट की स्थापना वंदना योजना में प्राचीन तीर्थ स्थल वासुदेव तीर्थ का चयन, चौक चौराहो का जिणोद्धार आदि विकास कार्यो का पालिका द्वारा प्रमुखता से कराया जा रहा है। सफाई की बेहतर व्यवस्था है, पालिका का सीमा विस्तार, नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने जल निकासी की समस्या को लेकर कांठ रोड स्थित बान नदी की और जाने वाले नाले का काम काफी समय से बंद है। मंत्री ने भरोसा दिया कि उनकी समस्याओं को लेकर शीघ्र अधिकरियों से वार्ता की जायेगी। इस दौरान उनके साथ उनके बेटे व वरिष्ठ भाजपा ने अखिल जैन भी माजूद रहे।

**■ नगर विकास मंत्री ने दिलाया विकास कार्यो को पूरा करने का भरोसा**



# दो लाख व कार के लिए विवाहिता को निकाला

### पति समेत नौ ससुरालियों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ससुराल में विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया। विरोध करने पर मारपीट की। पीड़िता ने ननदोई और जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने पति समेत नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शहर के एक मोहल्ले में रहने वाले कारोबारी ने अपनी बेटी की शादी पास के मोहल्ले में रहने वाले युवक के साथ की थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने के ताने देकर प्रताड़ित करते थे। मायके से दो लाख रुपये और कार दिलाने का दबाव बनाया जाता था। विरोध करने पर कई बार जान से मारने की धमकी दी गई। आरोप है कि ननदोई और जेठ ने छेड़छाड़ की। विवाहिता ने शिकायत एसपी अमित कुमार आनंद से की थी। उनके निर्देश पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि पति समेत नौ लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर जांच शुरू करने की बात कही।

# मलकपुर में डेढ़ दर्जन घरों में लगी भीषण आग

### छह पशु मरे, लाखों की नकदी व घरेलू सामान हुआ जलकर राख, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रहरा**। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव मलकपुर मैं आज दोपहर अचानक डेढ़ दर्जन घरों में आग लग गई। आग लगने से छह मवेशियों की जलकर मौके पर ही मौत हो गई। गांव निवासी प्रेम पुत्र प्रानसुख के दो पशु,नंदराम पुत्र रामेश्वर के दो पशु, प्रेम पुत्र नरेश के दो पशु, मूलचंद पुत्र प्रेम की लगभग 40 हजार की नगदी सहित गृहस्थी का सामान, कल्लो देवी पत्नी राजपाल, शीलचंद्र पुत्र सु सुकन, अनिल पुत्र मंगली, आनंद पुत्र रामेश्वर, नरेश पुत्र हरदेव, भूपाल पुत्र होराम, विनोद पुत्र छोटेलाल, खजान पुत्र मंगली, पवन पुत्र रामेश्वर, वीर सिंह पुत्र साहब सिंह, लोकेश पुत्र छतर सिंह, रामौतार पुत्र नंदकिशोर, विजयपाल एवं जसपाल पुत्र सुक्कन के छप्परों के घरों में अचानक आग लगने से अफरा, तफरी मंच गई। आग के विकराल रूप की चपेट में अब तक छह मवेशियों की जलने से मौत हो गई है। स्थानीय प्रशासन को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पशुपालन विभाग समेत राजस्व और पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर आग में की घटना की जांच में जुट गई। किस कारण ओर कैसे आग लग गई। दमकल विभाग की टीम लगभग एक घंटे देरी से पहुंची तब तक भीषण आग की लपटें उठते देख स्थानीय ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने की कड़ी मशक्कत की तो कुछ राहत की सांस मिली। परंतु पूर्ण रूप से आग की लपटें शांत नहीं हुई। इस दौरान आग से छह मवेशियों की मौत हो गई।मौके पर पहुंची एसडीएम हसनपुर विभा श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी राजेंद्र सिंह खड़कवंशी, तहस. ीलदार परमानंद श्रीवास्तव,क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि नुकसान का जायजा लेने के बाद इसकी उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है। इस मामले में ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी राजेंद्र सिंह खड़कवंशी ने पीड़ित परिवारों को सरकार से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। उधर आंकड़ों के अनुसार आग लगने से लगभग 35 लाख रुपए का नुकसान का आकलन किया जा रहा है





## बच्चों के पोषण के लिये बांटी किटें



**शाह टाइम्स संवाददाता,गजरौला।** मंडलायुक्त मुरादाबाद के दिशा निर्देशों के क्रम में नगर पालिका परिषद गजरौला के सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से सेम एवं मेम बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिये चना, बॉर्नवीटा, पीनट, परमल, दलिया आदि की किटों का वितरण नगर स्वच्छता प्रेरक एवं पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने किया। इस मौके पर ईओ ललित कुमार आर्य, अवर अभियंता नवदीप कुमार, लिपिक अजय कुमार, ललित कुमार समेत कार्यालय सहायक दीपू कुमार, रवि सैनी, योगेश चौधरी व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं समस्त कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहा।

# हर घर जल योजना को समय से पूरा करें

### संयुक्त सचिव ने कलेक्ट्रेट में ली समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त सचिव अमित शुक्ला ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत जो भी कार्य कराये जायें वह गुणवत्तापूर्वक हों तथा पांच साल तक के लिए कार्ययोजना बनाकर निर्माण शुरू करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त सचिव अमित शुक्ला ने जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना, मध्य गंगा नहर व जल शक्ति योजना में कराये गये विकास कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने परियोजना चल रही है या लम्बित है, इसके बारे में भी जानकारी की। धनराशि के अभाव में कितनी परियोजनाएं अपूर्ण है। इसकी जानकारी उपलब्ध करायें। भूजल स्रोत कितने हैं, कितने जल की आवश्यकता है जल कितना रिचार्ज हो रहा है, ब्लाकवार कितने जल की जरूरत है इसके लिए भी उन्होने आवश्यक निर्देश दिये। मध्य गंगा नहर निर्माण परियोजना चरण 2 की स्वीकृति के सबंध में अधीक्षण अभियंता अलीगढ, संभल, बिजनौर, मेरठ, रूढकी से जानकारी ली। इस मौके पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, सीडब्ल्यूसी के निदेशक गोवर्धन प्रसाद, रहमान, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, पीडी अमरेन्द्र प्रताप आदि अधिकारी मौजूद रहे।



## एक नजर

### युवती को भगा ले गया अस्पताल संचालक

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को अस्पताल संचालक बहला फुसलाकर ले गया। युवती के परिजनों से अस्पताल संचालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। गांव निवासी युवती की मां का आरोप हैं कि उनकी 22 वर्षीय बेटी को डॉ जाबिर पुत्र हाजी मुबा. रक निवासी गांव बुढ़नपुर थाना डिडौली बहला फुसलाकर कही ले गया। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन कहीं कुछ पता नही चल सका। युवती की माँ का आरोप है कि इसमें इनकी मदद डॉ इकराम पुत्र मुन्ने निवासी चुचौला कला, भोले पुत्र मरहूम अतिका निवासी बछरायूं व जमशेद ने की। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया युवती के परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### आवारा कुत्तों ने कई लोगों को किया जख्मी



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गजरौला नगर व देहात क्षेत्र में आवारा कुत्ते प्रतिदिन किसी ने किसी को काटकर जख्मी कर देते हैं। मंगलवार को कई लोगों पर कुत्तों ने हमला करके घायल कर दिया, जिनमें से पांच घायलों को स्थानीय सीएचसी से जिला अस्पताल अमरोहा के लिये रेफर किया गया। मंगलवार को नगर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी राजवीर, जितेंद्र, प्रदीप, सोनू, हरकेश आदि पर आवारा कुत्तों ने हमला करके घायल कर दिया, वहीं नाईपुरा निवासी आरिफ, दिलशाद, शारिक, दिलदार, रफीक के साथ साथ मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी हरिओम, वीर सिंह, गुरदीप, राजू को भी कुत्तों ने काटकर जख्मी कर दिया। मंगलवार को एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ पड़ी। चिकित्सा केन्द्र अधीक्षक डॉ.योगेंद्र सिंह ने बताया कि मंगलवार को कुत्ते काटने से घायल मरीजों में से पांच को हॉयर सेंटर अमरोहा के लिये रेफर किया गया, बाकी को यहीं पर इंजेक्शन लगवाए गए। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में बंदर, कुत्ते, बिल्ली ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं, इसलिए इनसे बहुत ज्यादा ध्यान रखें।

### फर्जी तरीके से प्रधान की नियुक्ति का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा।** विकासखंड की ग्राम पंचायत मुसल्लेपुर में बिना किसी प्रस्ताव और बैठक के ही फर्जी तरीके से ग्राम प्रधान की नियुक्ति करने का आरोप लगा है। ग्रामीणों ने अपर जिलाधिकारी को शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। सोमवार को तहसील पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर एडीएम को शिकायती पत्र दिया कहा वर्तमान समय में ग्राम प्रधान विकास कुमार का हाई कोर्ट ग्रुप डी में चयन हो गया जिसके चलते ग्राम प्रधान ने इस्तीफा दे दिया। आरोप था कि ग्राम पंचायत सदस्यों की बिना सहमति, बिना किसी बैठक और प्रस्ताव के ही फर्जी तरीके से ग्राम पंचायत सदस्यों के हस्ताक्षर कर नए प्रधान का चयन कर लिया गया जो कि अवैध रूप से गलत और फर्जी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की जांच कराते हुए प्रधान पद की शपथ ने दिलाई जाए। ग्राम पंचायत में खोली बैठक के आधार पर चुनाव कराया जाए। ग्रामीणों और ग्राम पंचायत सदस्यों की मौजूदगी में ग्राम प्रधान का चयन हो। शिकायती पत्र पर जितेंद्र सिंह, बॉबी सिंह, चंद्रपाल, गौतम, महेंद्र, राजाराम, रिशिपाल, कुंवर सेन, छत्रपाल, मुनेंद्र, ऋषिपाल, राजपाल, प्रीतम, चंद्रपाल आदि के हस्ताक्षर थे। अपर जिलाधिकारी ब्रजेश त्रिपाठी में डीपीआरओ को मामले में जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है।

### मत्स्य पालन के लिए आवंटित तालाब पर अवैध कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा।** शासन के स्पष्ट आदेश हैं कि कही भी सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा न हो। जिलाधिकारी निधि गुप्ता भी लगातार अधिकारियों को निर्देश दे रही है कि सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को हटवाकर भूमि कब्जामुक्त करायी जाए लेकिन हालात फिर भी वही बने हुए है। सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ग्रामीण को मत्स्य पालन के लिए जिस सरकारी तालाब का आवंटन हुआ उस पर कुछ लोगो ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है लेकिन सरकारी फाइलों में सब चकाचक चल रहा है तभी तो अधिकारियों ने अवैध रूप से कब्जे वाले तालाब का मतस्य पालन के लिए आवंटन कर दिया गया। तहसील क्षेत्र के गांव जूझैला चक निवासी अनीता देवी का आरोप हैं कि उन्हें गांव में गाटा संख्या 169 तालाब की भूमि का मत्स्य पालन के लिए आवंटन हुआ है लेकिन उस भूमि पर गांव के ही कुछ लोगो ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। शिकायतकर्ता महिला ने मत्स्य पालन के लिए आवंटित भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। मामले में एडीएम ने जांचकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

### तालाब पर अवैध कब्जे का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता, मंडी धनौरा।** तहसील कार्यालय के गांव गंदुपाल में राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से तालाब पर भूमाफियाओं के अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने डीएम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। गांव निवासी विक्रम का आरोप है कि मंडी धनौरा के गांव गंदुपाल में तहसील अधिकारी लेखपाल, कानून गो और तहसीलदार की मिलीभगत से गाटा संख्या 32, 38/1, 38/2, 38/3, 71, 79 के तालाब पर पूर्ण रूप से अवैध कब्जा है जबकि 107 मि गाटे के तालाब के कुछ भाग पर अवैध रूप से कब्जा है। किसी भी तालाब में मछली पालन का काम नही है अधिकांश तालाबो की भूमि पर खेती की जा रही है। ग्रामीण से डीएम से शिकायत कर तालाब की भूमि को कब्जामुक्त कराने व तहसील अधिकारियों व कर्मियो के विरुद्ध भी कार्यवाही की मांग की है। डीएम ने मामले में धनौरा एसडीएम को जांच के आदेश दिए हैं।

# चार बच्चों की मां ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



परिवार में मचा कोहराम।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शुकुल बाजार अमेठी।** थाना क्षेत्र शुकुल बाजार के फतेहपुर गांव में सोमवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई। टेवसी ग्राम पंचायत की रहने वाली 30 वर्षीय सीमा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिवार के लोग जागे और बहू को बुलाने के लिए उसके कमरे में गए, तो सीमा को फांसी के फंदे से लटकता देखकर सन्न रह गए। पूरे घर में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घर पर एकत्र हो गए और तत्काल एंबुलेंस व पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सीमा अपने ससुराल में चार बच्चों के साथ रह रही थी और उसके पति उमाशंकर देहरादून में रहकर मजदूरी करते हैं, जिससे परिवार का भरण- पोषण होता है। अचानक घटी इस घटना से बच्चों की दुनिया जैसे उजड़ गई है।

मासूम बच्चों की आंखों में मां की मौत का गम साफ झलक रहा था।सूत्रों की मानें तो सीमा किसी मानसिक तनाव में थी, हालांकि आत्महत्या की ठोस वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। थाना अध्यक्ष अभिनेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# अमेठी में ट्रेन की चपेट में आने से 15 वर्षीय किशोरी की मौत

## मृतका की पहचान राम की पुत्री संतोषा के रूप में हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** सिंहपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम सेमरा चिलौली में सोमवार को बीती रात एक बेहद दुखद और हृदयविदारक घटना सामने आई है।



ट्रेन की चपेट में आने से एक 15 वर्षीय किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान ग्राम निवासी राम तीरथ की पुत्री संतोषा के रूप में हुई है घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। संतोषा की असमय मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हर कोई इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे से स्तब्ध और दुखी नजर आ रहा है। सूचना पर तत्काल इन्हौना थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है, ताकि हादसे की सच्चाई स्पष्ट हो सके गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्र में रेल पटरियों के आसपास सुरक्षा की कमी और जनजागरूकता का अभाव अक्सर इस तरह की घटनाओं को जन्म देता है। प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है कि वह इस मामले की गंभीरता से जांच कर उचित कदम उठाए।

# राष्ट्रीय लोकदल में शामिल हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विद्या कांत शर्मा

## दर्जनों समर्थकों के साथ थामा दामन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व विधायक शिवकरण सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में आज पार्टी मुख्यालय पर अवध बार एसोसिएशन लखनऊ के पूर्व पदा. धिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता विद्या कांत शर्मा ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें पार्टी के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव और प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह ने विधिवत रूप से सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि सदस्यता ग्रहण करने वालों में लखनऊ के रामकिशन मौर्या, मिथिलेश कुमार पाण्डेय, कल्लू रावत सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

उन्होंने भारत रत्न एवं किसान मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की नीतियों और पार्टी की विच. ारधारा को आत्मसात करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। प्रदेश सचिव गणेश प्रसाद, कोषाध्यक्ष बी एल प्रेमी, राजकुमार ओझा एवं विनोद प्रताप कुंवर भी इस मौके पर प्रमुखता से मौजूद रहे।

# थाना जगदीशपुर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जगदीशपुर अमेठी।** पुर परिसर में जेठ महीने के पांचवें मंगलवार के शुभ अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

थाना स्टाफ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला कार्यक्रम की शुरुआत श्री सुंदरकांड पाठ से हुई, जिसके पश्चात भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में जगदीश. पुर थाना अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने मुख्य आयोजक की भूमिका निभाई तथा आए हुए सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ष्धार्मिक आयोजनों से न केवल सामाजिक समरसता बढ़ती है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का भी संचार होता है।



सुंदरकांड पाठ और भंडारे में उमड़ा जनसैलाब।

इस अवसर पर मुसाफिरखाना पुलिस क्षेत्राधिक. ारी दिनेश कुमार मिश्रा, तहस. ीलदार राहुल सिंह, जामो थाना अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, भाले सुल्तान थाना प्रभारी तनुजपाल, विद्युत एसडीओ महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में कांस्टेबल, उप निरीक्षक एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय और अनुशासित बना रहा, जो सामा. जिक समरसता और पुलिस-जन सहयोग का एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# ज्येष्ठ मास के 5 वें मंगलवार को इन्हौना क्षेत्र हुआ भक्तिमय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**इन्हौना अमेठी।** क्षेत्र ज्येष्ठ मास के पांचवें मंगलवार को भक्तिमय दिखाई पड़ा सुबह से लेकर दोपहर बाद तक हनुमान चालीसा, सुंदरकांड का पाठ और हनुमान आरती के बाद तमाम जगहों पर भंडारे का आयोजन शुरू हो गया जहां जगेशरगंज बाजार में प्रधान जसवंत मौर्य प्रधान द्वारा सुंदरकांड का पाठ कराया गया तत्पश्चात हलुआ पूड़ी और सब्जी का भोग लगाकर भंडारे की शुरुआत हुई।



तमाम जगहों पर हुआ सुंदरकांड का आयोजन हनुमान चालीसा और भंडारा।

जिसमें सुखराम मौर्य द्वारा भक्तों को भरपेट भोजन कराया गया इसी प्रकार रेलवे स्टेशन अकबरगंज के निकट बेनीगंज में शिरीष गुप्ता ने भंडारे का आयोजन कराया जिसमें ब्लाक प्रमुख अंकित पासी समेत तमाम लोगों ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद! गृहण किया चिलौली गांव में अंकुर शुक्ला तथा इन्हौना में दिनेश सिंह पिंटू, डाक्टर उदय प्रताप सिंह, उत्तम सिंह ने हनुमान चालीसा और आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन सम्पन्न कराया, इसी प्रकार बीरमान पुरवा, जारमऊ गांव में भी पांचवें मंगलवार को भंडारे का आयोजन करवाया गया चिरैया गांव सभा के प्रधान संतोष सिंह चौहान द्वारा हनुमान मंदिर सराय गोपी में हनुमानजी की मूर्ति पर पूजन अर्चन के बाद भंडारे का आयोजन किया जिसमें सराय गोपी चौकी इंचार्ज सहित सिपाही अजीत यादव, समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहा भंडारे में महादेव यादव, अखिलेश सिंह, कन्हैया सिंह, राम सहाय सिंह, कोटेदार बिनोद कुमार, अमित कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# मंदिर में भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** खैराबाद के मोहल्ला नई बस्ती पनवड़ीया स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में मंगलवार को एक दिवसीय धार्मिक आयोजन बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा भाव से संपन्न हुआ।

इस भव्य आयोजन में नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ी, और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह व भक्ति के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका ईओखप्रेम शंकर गुप्ता एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता और सभासद उमेश जायसवाल द्वारा विधिवत पूजा-पाठ व मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। उन्होंने भगवान शिव की आराधना करते हुए नगर में सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। इस पावन अवसर पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में श्रीरामचरितमानस का पाठ करते हुए भक्तिभाव में डूबकर प्रभु श्रीराम व बजरंग बली हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना कर उन्हें भोग अर्पित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशाल जायसवाल , अजय शुक्ल, राजेश आदि मौजूद रहे।

# समर कैम्प के समापन पर बच्चों ने की ट्रेन की सैर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तिलोई अमेठी।** खानापुर चपरासमर वेकेशन को रचनात्मक और शिक्षाप्रद बनाने के उद्देश्य से खानापुर चपरा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में आयोजित समर कैम्प का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया।

इस अवसर पर बच्चों को विशेष रूप से ट्रेन की सैर कराई गई, जिससे बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ. जया त्रिपाठी ने जानकारी दी कि समर कैम्प प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 10 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कैम्प में बच्चों को खेलकूद, गायन, नृत्य, व्यायाम, आर्ट एंड क्राफ्ट, और भेलपुरी बनाना जैसे रचनात्मक व व्यावहारिक गति. विधियों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी ने उपस्थिति दर्ज की। उन्होंने विद्यालय में संचालित गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।कार्यक्रम का संच. ालन शिक्षा मित्र अंजू सिंह एवं मंजू सिंह द्वारा किया गया। समापन के दिन बड़ी संख्या में अभिभावकों और बच्चों की उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

# महिला थाना अमेठी की पहल रंग लाई



चार दंपतियों के बीच सुलह कराकर मिलाया जीवन का साथी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी। पति-पत्नी** के बीच आपसी मनमुटाव और विवादों को सुलझाने की दिशा में अमेठी महिला थाना ने एक सराहनीय कदम उठाया। प्रभारी निरीक्षक श्रीमती कंचन सिंह मय टीम द्वारा महिला थाना परिसर में पारिवा. रिक विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई।

इस दौरान दोनों पक्षों की बातों को गंभीरता से सुना गया और समस्याओं का समाधान निकालते हुए आपसी सुलह के लिए समझाया गया इस प्रयास का सकारात्मक परिणाम देखने को मिला, जब चार वैवाहिक जोड़े राजी-खुशी आपसी सहमति से एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए। सभी जोड़े सुलह के बाद एक साथ घर लौटे और अमेठी पुलिस की इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया महिला थाना टीम द्वारा दंपतियों को भावी वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गईं। अमेठी पुलिस की यह पहल न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देती है।

## हनुमान भक्ति में डूबा सीतापुर

**सीतापुर।** ज्येष्ठ मास का अंतिम मंगलवार पूरे जनपद में हनुमान भक्ति की धूम मची रही। हनुमान भक्तों ने मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना की। इस दौरान जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया। भंडारों में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। हर तरफ जय बजरंगबली के जयघोष गूंजते रहे।हनुमान मंदि. रों को सोमवार की रात ही सजा दिया गया था। भगवान हनुमान जी की प्रतिमा का विशेष श्रृंगार किया गया था। शहर के जेल रोड स्थित संकट मोचन बड़े महावीर मंदिर में भोर के वक्त से ही श्रद्धालुओं की लाइन लग गई।

# बैठक में डीएम ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** विकास भवन सभागार में विकास खण्डों के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला. धिकारी अभिषेक आनंद ने की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों एवं क्षेत्र पंचायतों के माध्यम से ऐसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जाएं, जिससे क्षेत्र की आधारभूत संरचना का सतत विकास हो। आमजनमानस अधिक से अधिक लाभान्वित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि 15वें वित्त आयोग हेतु समय से कार्ययोजना बनाते हुए लम्बित कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराये। उन्होंने कहा कि टाइड एवं अनटाइड ग्रांट की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया जाए। मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत समय से आवास पूर्ण कराये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित हाईटेक लाइब्रेरी में मानकों के अनुसार पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। गौआश्रय स्थलों में सीसीटीवी संचालित कराते हुए इसे जनपद स्तर पर विकास भवन में संचालित कन्ट्रोल रूम से जोड़े जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर जारी होने वाले जन्म प्रमाण-पत्र एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र समय से जारी कराये जाएं। गत 05 माह में कोई भी मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी न करने वाले पंचायत सचिवों को नोटिस जारी करने निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन्म, मृत्यु का विवरण दर्ज करने हेतु पंजिका बनायी जाए तथा सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) प्रत्येक सप्ताह एवं खण्ड विकास अधिकारी प्रत्येक 15 दिवस में इसका अवलोकन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में समुचित हाईमास्क सोलर लाइट स्थापित करायी जाएं। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प संबंधी शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं प्राथमिक विद्यालयों में जल जीवन मिशन के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु पानी का संयोजन कराया जाए। 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक-15. 06.2025 से 21.06.2025 के मध्य सभी ग्राम पंचायतों, विकास खण्ड कार्यालयों, अमृत सरोवरों आदि में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार व्यापक योगाभ्यास आयोजित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।

# भारतीय स्टेट बैंक परिसर का नवीनीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** भारतीय स्टेट बैंक की कमलापुर शाखा के नवीनीख्रत परिसर का उद्घाटन मंगलवार को धीरज कुमार, उप महाप्रबंधक, लखनऊ अंचल के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ।

इस अवसर पर बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राजीव रंजन गुप्ता, अभिलाष मिश्रा, धीरेन्द्र सिंह , शाखा प्रबंधक रोली जायसवाल, सोनिया ग्रोवर सहित अनेक सम्मानित अतिथि एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। नवीन रूप से सुसज्जित यह शाखा परिसर ग्राहकों को अत्याधुनिक बैंकिंग सुविधाएं एवं बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करेगा।

अपने उद्घाटन संबोधन में मुख्य अतिथि ने बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवा प्राप्त होगी और बैंक की साखा में वृद्धि होगी। आजकल का युग डिजिटल युग है। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन बैंक के द्वारा किया गया ।अभिनव सिंह, विजय सिंह, अरुण सिंह, रंजीत सिंह, राजनेश कुमार, सहित खाता धारक मौजूद रहे।

## एक नजर

### अंतिम ज्येष्ठ मंगलवार पर आस्था उमड़ी

**लखनऊ।** जेष्ठ मास का अंतिम मंगलवार श्रद्धा, भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम लेकर आया। प्रदेशभर में हनुमान भक्तों की टोलियां सुबह से ही मंदिरों की ओर उमड़ पड़ीं। लखनऊ समेत आस-पास के जनपदों में मंगलवार को हनुमान मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन, भंडारे और धार्मिक आयोजनों की बहार रही। हर गली, हर चौराहे, मंदिरों के प्रांगणों और सड़क किनारे श्रद्धालुओं ने सेवा-भाव से पंक्तिब) लोगों को भोजन कराया। लखनऊ के श्गेट टू लखनऊश कहे जाने वाले प्रमुख स्थलों पर विशेष भंडारों का आयोजन हुआ। आलमबाग हनुमान सेतु, अलीगंज बड़ा हनुमान मंदिर, अमीनाबाद के पंचमुखी हनुमान मंदिर, गोमतीनगर के विनीत खंड मंदिर, चिनहट के महादेव मंदिर तथा सपना ईश्वर मंदिर में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। अलीगंज हनुमान मंदिर में विशेष आयोजन के तहत इक्कावन किलो का लढ्ढू चढ़ाया गया, भव्य आरती हुई और भक्तों ने लाल वस्त्र पहनकर दर्शन किए। मंदिर प्रबंधन द्वारा भोग के साथ-साथ प्रसाद स्वरूप लढ्ढुओं और पंचामृत का वितरण किया गया। वहीं गोमती नगर के शिवालयों और हनुमान मंदिरों में महिला मंडल ने मिलकर सुंदरकांड का पाठ किया। मंदिरों के बाहर श्रमिकों, राहगीरों और श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी, पूड़ी-सब्जी, हलुआ और शरबत के भंडारे लगाए गए। चिनहट के महादेव मंदिर में विशेष रुद्राभिषेक के साथ-साथ श्हनुमान चालीसाश का सामूहिक पाठ हुआ और सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गौरतलब है कि जेष्ठ मास का अंतिम मंगलवार उत्तर भारत में विशेष धार्मिक महत्व रखता है। यह माना जाता है कि इस दिन संकटमोचन हनुमान भक्तों के सभी दुख हर लेते हैं और सुख-शांति प्रदान करते हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सुबह से ही लढ्ढुओं से सजे हनुमान मंदिरों की तस्वीरें और वीडियो वायरल होते रहे, जिनमें लखनऊ के प्रमुख मंदिरों के भंडारे और भक्तों की कतारें विशेष आकर्षण रहीं। कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, सीतापुर, हरदोई, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी भंडारों और मंदिर आयोजनों की खबरें आईं। अयोध्या में रामभक्त हनुमान को विशेष पूजन के साथ तुलसी की माला अर्पित की गई, वहीं सीतापुर में खैराबाद हनुमान मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। हर वर्ष की तरह इस बार भी जेष्ठ मास के अंतिम मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़, भक्ति-भाव और सेवा की परंपरा ने प्रदेश को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। मंदिरों की घंटियों की गूंज और भक्तों के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा।

### बारिश से पहले रोडवेज़ बसें होंगी दुरुस्त

**लखनऊ।** आगामी बारिश से पहले उत्तर प्रदेश की रोडवेज़ बसों की हालत सुधारने की कवायद तेज हो गई है। प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि किसी भी ऐसी बस को सड़कों पर न चलने दिया जाए, जिसकी मरम्मत नहीं की गई हो या जिससे पानी टपकता हो। वर्षा ऋतु के दौरान बसों की छत से पानी रिसने की कई बार शिकायतें सामने आई हैं, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी थी। खासकर पुरानी बसों में यह दिक्कत अधिक देखने को मिली है। इसे गंभीरता से लेते हुए मंत्री दयाशंकर सिंह ने परिवहन विभाग को समय रहते मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने साफ कहा है कि केवल वही बसें चलाई जाएंगी जो तकनीकी रूप से पूरी तरह फिट हों। बस अढ्ढों पर खड़ी गाड़ियों की भी विशेष जांच की जाएगी और जरूरत पड़ने पर छतों, सीटों और खिड़कियों की मरम्मत कराई जाएगी। सरकार की इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराना है, विशेषकर उन दिनों में जब बारिश से सड़कें भीग जाती हैं और यातायात प्रभावित होता है।

### मंदिर पर लगाया वाटर कूलर, किया भंडारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** राष्ट्रवादी काग्रेंस पार्टी के प्रदेश महासचिव व लखनऊ मण्डल प्रभारी प्रबीण कुमार सिंह ने मंगलवार को 148विधानसभा श्रेत्र के ग्राम पंचायत दुगानां बाला जी मन्दिर पर वाटर कूलर लगाया। साथ ही विशाल भण्डारा कराया गया। भीषण गर्मी को देखते हुऐ वाटर कूलर स्थापित कराया जिससे भीषण गर्मी में जनता को ठडां पानी पीने को मिल सकें। राष्ट्रवादी काग्रेंस पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रबीण कुमार सिंह धारा जनता के हर सुख सुविधा के लिये हर प्रकार हर सम्भव प्रयास करने में सदैव हर तरह कि जनता को किसी प्रकार कोई भी परेशानी न हो और जनता के साथ खड़े रहते हैं । उदघाटन के समय और भण्डारे का प्रसाद लिया लखनऊ से प्रदेश महासचिव मनीष तिपाठी बस्ती जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह दिलीप कुमार सिंह व प्रदेश महासचिव प्रबीण कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष ललित सिंह सकरनं ब्लॉक अध्यक्ष अरोज गिरी मेराज अहमद जिला मिडिया प्रभारी सत्यप्रकाश सिंह, लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक अरविन्द बाजपेयी व विकास खण्ड लहरपुर के लोग और रेऊसा श्रेत्र के काफी लोग भण्डारे में रहे। इन्द्रपाल यादव, संतोष रस्तोगी, राकेश यादव, लखुआबेहड राजकुमार सिंह प्रधान प्रतिनिधि, सैदापुर नीरज कुमार प्रधान प्रतिनिधि, दुगानां संतोष शुक्ला सेमरावा विनय सिंह सैदापुर अभय प्रताप सिंह सीतापुर सुनील राजबसी प्रदेश उपाध्याय सुहेल देव पार्टी से ब्रजेश कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

### चोरी के माल के साथ शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** कोतवाली देहात पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने कोतवाली देहात के ग्राम मलुही निवासी पंकज पुत्र दीपू को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि पंकज शातिर अपराधी है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी हुए जेवरात पायल 2 जोड़ी, बाली 1 जोड़ी, टप्स 1 जोड़ी, बुन्दा 1 , झाला 1जोड़ी, बिछिया 4 बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि बरामद जेवरात दो दिन पूर्व ख्रष्णा ग्रीन सिटी में दो घरो से चोरी किये थे। घटना के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर मु.अ.सं. 142/25 धारा 305/331(4) बीएनएस व मु.अ.सं. 143/25 धारा 305/331(4) पंजीख्रत है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# लाठी-डंडों से हमला कर लूटा

## तहरीर देकर कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** घर से शहर आ रहे एक व्यक्ति पर कुछ लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर उसके साथ लूटपाट कर उसे घायल कर दिया।

कोतवाली मार्ग स्थित कमालपुर खाईखेड़ी निवासी दिनेश कुमार पुत्र शीशराम सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक नजीबाबाद को दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार को दोपहर लगभग तीन बजे वह अपने घर से नजीबाबाद छोटे ट्रैक्टर से आ रहे थे तभी अचानक श्रावनपुर नहर के पास लगभग 12 लोग व्यक्ति जो चार मोटरसाइकिलों पर सवार थे। लाठी डंडों से उन पर हमला कर दिया। जिसमें प्रार्थी की एक सोने की चेन तथा 11 हजार 400 रुपए की धनराशि भी लूट ली और उस पर जानलेवा हमला भी किया। जिससे उसके हाथ में फ्रैक्चर भी हो गया।

पीड़ित ने तहरीर में बताया कि हमला करने वालों में ग्राम के ही सचिन पुत्र बाबूराम, प्रिंस पुत्र सचिन, राजकुमार पुत्र हुकुम सिंह व अन्य कई लोग जिनकी संख्या नौ थीं और उन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था। पीड़ित दिनेश कुमार ने उचित कार्रवाई की मांग थाना प्रभारी निरीक्षक से की है।

# लोहे के बाट तराजू पर नहीं लगती मोहर

## कम तौल कर दे रहे हैं ग्राहकों को माल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में कुछ व्यापारियों द्वारा लोहे के बाट तराजू (वजन मापने के उपकरण) पर सत्यापन की मोहर नहीं लगवाई जा रही है, जिससे ग्राहक ठगे जा रहे हैं।

मोहर न लगने के कारण कई दुकानदार कम तौल कर ग्राहकों को सामान दे रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान हो रहा है। वजन और माप विभाग की अनदेखी के चलते ये गड़बड़ी खुलेआम जारी है। नियमानुसार प्रत्येक तराजू और बाट का हर वर्ष सत्यापन कराना अनिवार्य होता है, जिस पर सरकारी मोहर



लगाई जाती है लेकिन नगर के कई व्यापारियों ने इस नियम की अनदेखी कर तराजुओं को बिना मोहर के ही उपयोग में ले रखा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि ग्राहकों को न्याय मिल सके और उन्हें सही तौल पर वस्तुएं प्राप्त हों। वजन माप विभाग को जल्द से जल्द नगर में निरीक्षण कर दोषी व्यापारियों पर जुर्माना लगा कर चेतावनी देनी चाहिए।

यदि संबंधित विभाग इस पर ध्यान दे तो नगर हुए क्षेत्र में सभी छोटे व्यापारी से लेकर बड़े व्यापारी तक के पास बिना मोहर लगे बाट और तराजू उपलब्ध मिलेंगे। पहले हर वर्ष कभी नगर पालिका परिषद में तो कभी अन्य जगहों पर सरकार की ओर से विभागीय अधिकारी आकर बाट तराजू पर मोहर लगाया करते थे और पूरे नगर के अंदर घूम कर एनाउंसमेंट हुआ करता था कि सभी लोग अपने बाट तराजू पर मोहर लगवा ले।

ग्राहक अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है और कम माल लेकर महंगे दामों में जा रहा है, उस पर महंगाई की डबल मार पड़ रही है जो बहुत ही चिंता का विषय बना हुआ है। छोटे दुकानदार ठेले वाले इसका पूरा लाभ उठा रहे हैं।

# मेडल जीतने वाली टीम का जोरदार स्वागत

## सभी खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश के वृंदावन में मां ज्वाला धाम के बैंकट हॉल में एक से तीन जून तक ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया।

चैम्पियनशिप में लगभग सात से आठ राज्यों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम में शामिल होकर जिला बिजनौर के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें सब जूनियर कैटिगरी में दिव्यांशी पाल, हर्ष राजूत, अर्णव तोमर ने गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। क्रेडिट कैटेगरी में राघव वर्मा, परीक्षा, सईदा, नवाज अली, प्रतीक, पार्थ चौधरी, तनु रानी ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। वहीं जूनियर वर्ग में निशांत तोमर, विशेष सैनी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। हिमांशी भावदीप, दर्श चौधरी ने ब्रान्ज मेडल अपने नाम किया। नजीबाबाद पहुंचने पर पूरी टीम का जोरदार स्वागत किया गया। टीम कोच रिंकू वर्मा व टीम मैनेजर मीनाक्षी चौधरी को सभी अभिभावकों ने बधाई दी।

इस स्तर पर नजीबाबाद ताइक्वांडो ट्रेनिंग अकादमी आदर्श नगर के अध्यक्ष मौहम्मद अरशद ने सभी बच्चों को मेडल पहनाकर अपना आशीर्वाद प्रदान किया। जिसमें ब्रजेश, अनमोल, हिमांशु, बिजेंद्र, विक्रम, वीरेंद्र ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विद्यालयों में समर कैंप का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विकास खंड क्षेत्र के 63 विद्यालयों में जिसमें 30 कंपोजिट विद्यालय तथा 33 पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार संचालित समर कैंप का मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर नहटौर के कंपोजिट विद्यालय व कश्मीरी के संविलियन विद्यालय में बच्चों ने कार्यक्रम आयोजित किए।

नहटौर कंपोजिट विद्यालय व कश्मीरी संविलियन विद्यालय में समर कैंप का समापन का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की। साथ ही इसके अलावा कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें लोकगीत डांस भाषण गीत आदि की प्रस्तुति की। समर कैंप में तीन छात्रों को जिसमे नमरा कक्षा 6, जोया कक्षा 7 एवं ताशु शर्मा कक्षा 8 को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कश्मीरी में पवनलता व चंचल कुमारी ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। नहटौर के कंपोजिट विद्यालय में शिक्षामित्र पूनम सैनी, सविता सैनी, को ट्राफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान परिपेक्ष में सरकारी विद्यालयों में जितना अध्यापकों द्वारा मेहनत की जा रही है। प्राइवेट विद्यालयों से सरकारी विद्यालय किसी भी स्तर पर काम नहीं है। साथ ही इन विद्यालय में प्राइवेट विद्यालयों की तरह स्मार्ट क्लास पुस्तकालय आईसीटी लैब जैसी सुविधाएं उपलब्ध है। वक्ताओं का कहना था कि सरकार इन सरकारी स्कूलों के माध्यम से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास करने का प्रयास कर रही है। अभिभावक को को भी चाहिए प्राइवेट स्कूलों से हटकर इन विद्यालय में अपने बच्चों को शिक्षा दिलाई ये विद्यालय किसी भी स्तर पर काम नहीं है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी




ओम गिरी, विनोद कुमार अग्रवाल, गुड्डे सभासद, महफूज, सुखबीर सिंह, हेमराज आर्य, अभिषेक भटनागर, रामावतार सिंह, संजीव त्यागी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद कुमार अग्रवाल तथा संचालन स्कूल के प्रधान अध्यापक मोहम्मद शफी ने किया। इसके अलावा अतिथियों द्वारा प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक क्षेत्र के 63 विद्यालयों में जिसमें 30 कंपोजिट विद्यालय व 33 पूर्व माध्यमिक विद्यालय सहित 63 विद्यालयों में समर कैंप का समापन हुआ।

# भीषण गर्मी ने बढ़ाई मुसीबत, नलों में पानी आना बंद

## बीमारियों का बढ़ा खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचे पारे ने जहां लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है, वहीं सबमर्सिबल मोटरें और नल व्यवस्था ठप होने से पानी का संकट गहरा गया है। इसके साथ ही लू और अन्य मौसमी बीमारियों का खतरा भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है।

नगर निवासी मलिक, सला. उद्दीन साहिल, दिलशाद, सलाउद्दीन अंसारी और शरीफ अहमद ने बताया कि भीषण गर्मी की वजह से सबमर्सिबल पंपों ने काम करना बंद कर दिया है। कई घरों में दो-दो दिन से नलों में पानी की एक बूंद नहीं आई है। लोग पानी की तलाश में यहां-वहां भटकने को मजबूर हैं सलाउद्दीन अंसारी ने बताया कि नगर पालिका की टंकी से जुड़े कुछ घरों में ही पानी पहुंच रहा है। जिनके घरों में





निजी सबमर्सिबल या मोटर हैं, वहां मोटरों ने गर्मी के चलते जवाब दे दिया है। जिससे नगर के अधिकांश इलाकों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। महिलाएं और बच्चे परेशान हो रहे हैं। मौहल्लों में महिलाओं और बच्चों को दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर देखा जा रहा है। कई परिवारों को पानी भरने के लिए सुबह चार बजे से ही लाइन में लगना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार को इस दिशा में तुरंत ठोस कदम उठाने की जरूरत है। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि इस हीटवेव से बचे।

नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मलिक ने बताया कि इस समय लू का प्रभाव सबसे अधिक है। शरीर में पानी की कमी, सिर दर्द, चक्कर आना, उल्टी-दस्त और यहां तक कि दिल का दौरा पड़ने जैसी घटनाएं भी सामने आ सकती हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें। यदि निकलना जरूरी हो, तो सिर पर कपड़ा रखें, छाता इस्तेमाल करें और लगातार पानी, नींबू पानी, शिकंजी और छाछ का सेवन करते रहें। तले-भुने और बासी भोजन से पूरी तरह परहेज करें। नगर वासियों ने नगर पालिका से राहत की मांग की है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका से मांग की है कि नगर में शीघ्र जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त की जाए। साथ ही मौहल्लों में पेयजल टैंकरों की व्यवस्था की जाए। ताकि गर्मी के इस दौर में लोग राहत महसूस कर सकें। यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में हालात और अधिक गंभीर हो सकते हैं।


# दूध नापने वाले मग्गों में भारी धांधली

## बेईमानी से कमा रहे मुनाफा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में दूध विक्रेताओं द्वारा दूध नापने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे मग्गों (माप बर्तनों) में भारी धांधली सामने आ रही है। उपभोक्ताओं को एक लीटर के नाम पर 800 से 900 मिलीलीटर ही दूध दिया जा रहा है जबकि पूरा मूल्य वसूला जा रहा है

सूत्रों के अनुसार कई दूध विक्रेता छोटे मग्गे बनवाकर उन्हें एक लीटर का बताकर बेच रहे हैं। इस तरह रोजाना सैकड़ों ग्राहकों को कम दूध देकर ठगा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दूध मापने वाले बर्तनों की नियमित जांच हो और दोषी विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों की प्रशासन से मांग है कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में इस तरह की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि नाप-तौल विभाग को अचानक




चेकिंग कर दूध विक्रेताओं की माप का परीक्षण करना चाहिए।

जनता से अपील की जा रही है कि वे दूध लेते समय माप का ध्यान रखें और शक होने पर इलेक्ट्रॉनिक मापक से खुद जांच करें या प्रशासन को सूचना दें। दूध नापने वाले मग्गों को बनाने वालों ने अपनी बिक्री और ज्यादा करने के लिए उनका साइज छोटा कर दिया गया है और दूध बेचने वाले उन्हीं को खरीदते हैं ताकि बेइमानी और धोखाधड़ी करके वह ज्यादा मुनाफा कमा सके। यह बहुत ही चिंता का विषय है कि एक तो महंगाई की मार आम जनता खेल रही है तो वही दूध की कीमत अगर इन दूध बेचने वालों के हिसाब से लगाई जाए तो 100 रूपए से भी अधिक का एक लीटर पड़ रहा है। यह बहुत ही गंभीर समस्या है। संबंधित विभाग को इन लोगों के नाप की जांच करनी चाहिए। यदि नियम अनुसार किसी भी व्यक्ति का नाप कम होता है तो उस पर कानूनी कार्यवाही करके आम जनता को इस बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचारियों से बचाने में अपना सहयोग दें।

# यूके भेजने का झांसा देकर ठगी

## पीड़ित दो महीने से काट रहा थाने के चक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के ग्राम शेरगढ़ निवासी फैसल पुत्र मौ. सलीम से यूके भेजने के नाम पर दो शातिर एजेंटों ने न सिर्फ 50 हजार रुपए की ठगी की, बल्कि अब जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। हैरानी की बात ये है कि पीड़ित द्वारा पूरे सबूत देने के बावजूद अफजलगढ़ पुलिस ने अब तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया।

पीड़ित फैसल ने बताया कि करीब सात महीने पहले अफजलगढ़ कस्बे के पारस पब्लिक स्कूल के सामने स्थित एक एजेंसी ऑफिस में अमन विर्क और जसपाल नामक युवक मिले। दोनों ने खुद को यूके भेजने वाला एजेंट बताते हुए फैसल को भरोसे में लिया और कहा कि स्टडी वीजा के जरिए वह जल्द ही विदेश पहुंच जाएगा। भरोसा दिलाकर



दोनों एजेंटों ने फैसल से उसका पासपोर्ट और 50,000 रुपए ले लिए, जो उसने ब्याज पर लेकर इकट्ठे किए थे। फैसल का कहना है कि एजेंटों के झांसे में आकर उसने अपनी पढ़ाई तक छोड़ दी थी। धोखा और धमकी काफी महीनों तक झांसा देने के बाद दोनों एजेंटों ने पासपोर्ट तो लौटा दिया, लेकिन पैसे लौटाने से इंकार कर दिया। जब फैसल ने अपने पैसे वापस मांगे, तो दोनों ने उसे धमकाते हुए कहा तेरा पासपोर्ट दे दिया है, अब पैसे नहीं मिलेंगे। जो करना है कर ले। अगर दोबारा पैसे मांगे, तो जान से मार देंगे या किसी फर्जी केस में फंसा देंगे। पीड़ित के पास दोनों आरोपियों की बातचीत की रिकॉर्डिंग, फोन नंबर (9917699666 और 8218088890) और पैसों के लेन-देन से जुड़े सारे सबूत मौजूद हैं। थाने की चुप्पी फैसल ने दो महीने पहले अफजलगढ़ थाने में तहरीर दी। कई बार थाने गया, अधिकारियों से मिला, लेकिन आज तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई।

थाने में दोनों पक्षों को बुलाया जरूर, लेकिन न कोई पूछताछ की, न कोई कानूनी कार्रवाई की। उल्टा ठगों को छोड़ दिया गया और पीड़ित को नजरअंदाज कर दिया गया। प्रशासन से सवाल जब पीड़ित के पास सबूत मौजूद हैं, तो पुलिस क्यों कार्रवाई से बच रही है क्या ठगों को थाने से संरक्षण प्राप्त है। आखिर गरीब, पढ़ाई छोड़ चुका युवक दो महीने से चक्कर काट रहा है, तो इंसाफ क्यों नहीं। फैसल ने कहा कि पुलिस से उसे कोई उम्मीद नहीं बची है।

अगर अब भी न्याय नहीं मिला, तो वह डीएम, एसपी से लेकर मुख्यमंत्री पोर्टल तक अपनी शिकायत लेकर जाएगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि न्याय न मिला, तो वह आत्महत्या जैसा कदम भी उठा सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी आरोपी एजेंटों की होगी।

# घर में घुसा चोर जाग होने पर भागते समय घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र के एक ग्राम में बीती रात एक चोर चोरी करने के इरादे से घर में घुस गया। परिजनों द्वारा जाग जाने पर चोर भागते हुए बिजली के तारों की चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस में उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

ग्राम मनोहरवाली में बीती रात एक चोर चोरी करने के इरादे से नाजिर हुसैन के घर में घुस गया। घर के सभी सदस्य सो रहे। तभी नाजिर हुसैन की पुत्रवधू की आहट से आंख खुल गई। चोर को देख उसने शोर मचा दिया। जाग जाने पर नाजिर हुसैन व परिजनों ने शोर सुनकर भाग रहे चोर का पीछा किया। वह सीढ़ियां चढ़ कर छत पर पहुंचकर चोर भागने लगा। चार-पांच छते आपस में मिली हुई थी। जैसे ही आखरी मुस्तफा की छत पर पहुंचकर कूदने का प्रयास किया, तो छत के पास बिजली के तारों में फंस कर घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर ग्राम में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान मौहम्मद उमर ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया। चोर की पहचान किशन उर्फ कालू पुत्र सुरेश निवासी ग्राम हसनपुर, थाना रेहड़ के रूप में हुई है। किशन इससे पूर्व भी कई बार चोरी के मामले में जेल जा चुका है। किशन को पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई हेतु हिरासत में लेकर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

## मासिक पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं का उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत गन्ना समिति में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता घसीटा सिंह और संचालन प्रशांत चौधरी ने किया।

पंचायत में किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने बिजली की समस्या का मुद्दा व यूरिया खाद की कमी, ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग व गुलदार जैसी समस्या को लेकर किसानों ने एक ज्ञापन जिले के अधिकारियों को दिया। किसानों ने जल्द से जल्द क्षेत्र की समस्या को दूर किया जा सके। हर वर्ष की तरह हरिद्वार में लगने वाले चिंतन शिविर ज्यादा से ज्यादा लोगों को चलने का आह्वान किया गया। पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष अमरपाल चौधरी ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में चिंतन शिविर में चलने की अपील की व संगठन का विस्तार करते हुए बाबू पाल को ग्राम अध्यक्ष धमरोली मनोनीत किया गया। इस अवसर पर दर्जनों किसानों को सदस्यता ग्रहण



कराई गई। पंचायत में उपस्थित प्रदेश संगठन मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा, भोपाल सिंह, यादराम सिंह, दुष्यंत यादव, रो. हतास सिंह, सत्य प्रकाश यादव, यशवीर सिंह, राजेश सैनी, अशोक, महेंद्र यादव धनकड, कपिल धनकड़, सुशील शर्मा, विपिन शर्मा, योगेश कुमार, टीकम सिंह, सोनू चौधरी, बलराम सिंह, चरन सिंह, बुद्ध सिंह, दीपक चौहान, नासिर हुसैन, टीकाराम सिंह और युवा ब्लॉक अध्यक्ष मोनू चौधरी आदि मौजूद रहे।

# एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस के एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर में साक्षी चौधरी ने 76.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, परिक्रमा ने 75.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा अक्षिका ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज कॉलेज ऑफ साइंस की प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का

## साक्षी चौधरी प्रथम व परिक्रमा दूसरे स्थान पर रही

परिणाम सदैव ही उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, सहायक प्रवक्ता अनुज कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीएम अविनाश सिंह की मेहनत लाई रंग

- सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में विकास कार्यों में बरेली ने किया टॉप
- मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी की गई मई 2025 माह की रैंकिंग में जनपद ने विकास कार्यों में प्रदेश में प्रथम रैंक की प्राप्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** प्रदेश में विकास कार्यों का मूल्यांकन, अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु गठित सीएम डैशबोर्ड पर इंटीग्रेटेड विभागों की सेवाओं, योजनाओं, परियोजनाओं में विभिन्न स्तरों के अधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह किए गए विकास कार्यक्रमों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर प्रत्येक माह निर्गत की जाती है।

सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर माह मई 2025 की जारी की गई रैंकिंग में जनपद बरेली को विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में प्रथम स्थान एवं राजस्व कार्यक्रमों में 12वां स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में ओवरऑल चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। जबकि विगत माह की रैंकिंग में जनपद 14वें स्थान पर था, 10 रैंक की छलांग लगाते हुए प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है।

डीएम अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन एवं निरन्तर गहन समीक्षा में दिये गये निर्देशों के परिणामस्वरूप जनपद के कार्य प्रदर्शन में उत्तोरत्तर वृद्धि हो रही है।

सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर माह अप्रैल, 2025 की जारी की गई रैंकिंग में जनपद बरेली को विकास कार्यक्रमों में प्रदेश में 11वां स्थान एवं राजस्व कार्यक्रमों में 21वां स्थान व विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में जनपद को प्रदेश में ओवरऑल 14वां स्थान प्राप्त हुआ था।

आज मई माह की जारी रैंकिंग में जनपद ने विकास कार्यों में 10 रैंक की छलांग लगाकर प्रथम स्थान पर, राजस्व कार्यक्रमों में 09 रैंक की छलांग लगाकर 12वें स्थान पर तथा विकास एवं राजस्व कार्यों की संयुक्त रैंकिंग में 10 रैंक की छलांग लगाकर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है।

डीएम द्वारा इस उपलब्धि पर समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विकास एवं राजस्व कार्यक्रमों की प्रगति में निरन्तर गति बनाये रखने के निर्देश दिये गये।

## भीषण गर्मी में गहराया बिजली संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** लोकल फाल्टों की वजह से शहर के कई इलाकों में बिजली संकट रहा। भीषण गर्मी में लोग परेशान होते रहे। दिनभर रामपुर बाग स्थित हेल्प डेस्क का फोन घनघनाता रहा। तमाम लोगों ने बिजली समस्या से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराईं।

बता दें कि सोमवार रात आठ बजे कुतुबखाना सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर का फेस खराब होने से बांस मंडी, सरायखाम फीडर और कुमार टाकीज इलाके में आपूर्ति प्रभावित रही। शाहदाना सब स्टेशन क्षेत्र में नई बस्ती पानी की टंकी के पास पोल से बिजली खराब हो गई। वहीं, लोकल फाल्ट से सुरेश शर्मा नगर, चंद्र शेखर पार्क आदि स्थानों पर काफी देर तक बिजली गुल रही। इसके अलावा सिविल लाइंस के बरेली क्लब, आवास विकास कालोनी, कोहड़ापीर इलाके में फेस नहीं आने की समस्या रही। सीबीगंज और सनसिटी में भी फेस नहीं आने की समस्या रही।

# बाइक में ट्रक ने मारी साइड, पत्नी की मौत

- पति और सात वर्षीय पुत्र की हालत गंभीर
- बेटे की गोद भराई करने जा रहे दंपति





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बेटे की गोद भराई करने जा रहे दंपत्ति की बाइक में ट्रक ने साइड मार दी। ट्रक की साइड लगने से असंतुलित होकर बाइक फिसल गई, जिससे बाइक सवार पति-पत्नी और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर 108 एंबुलेंस घायलों को सीएचसी फरीदपुर लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया, वहीं बाइक सवार पति और सात वर्षीय पुत्र के गंभीर चोटे आई हैं। जिनका इलाज जारी है।

फरीदपुर क्षेत्र में बाइक पर ट्रिपल ड्राइविंग करना दंपति को जानलेवा साबित हो गया। फरीदपुर के गांव शाहपुर बनियान निवासी प्रेमपाल ने अपने पुत्र बबलू का विवाह नवाबगंज के ग्राम भड़सर से तय किया था। मंगलवार को प्रेमपाल नवाबगंज के ग्राम भड़सर की ओर बाइक से अपनी पत्नी सीता (45) और सात वर्षीय पुत्र रवि को लेकर जा रहे थे। फरीदपुर के ग्राम ढकनी के पास पहुंचने पर अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रक ने बाइक में साइड मार दी, जिससे बाइक असंतुलित होकर फिसलकर खिसकती चली गई, और बाइक सवार प्रेमपाल अपने पुत्र व पत्नी के साथ ट्रक के पहिए की चपेट में आकर बुरी तरह घायल हो गए। पीछे से आ रहे परिजनों ने ट्रक को रुकवाया, लेकिन ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सीता को मृत घोषित कर दिया। पति प्रेमपाल एवं सात वर्षीय पुत्र रवि की हालत गंभीर बनी हुई है। सीता के पांच पुत्र व दो पुत्रियां हैं, जिनका रो-रो कर बुरा हाल है।

## एक नजर

### गंदे शब्दों को बोलने का विरोध करने पर युवती और उसके भाई को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक शोहदा सरेआम युवती को गंदे शब्द बोलकर परेशान करता है। विरोध करने पर युवक ने युवती के साथ मारपीट की। पुलिस ने युवती के भाई की तरफ से रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नगर के एक मोहल्ले के एक युवक अनीस ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि शबलू पुत्र नन्हा ठेकेदार उसकी बहन को राह चलते गन्दे शब्द बोलकर परेशान करता है। जब अनीस ने इसका विरोध किया तो शबलू ने उसे और उसकी बहन के साथ मारपीट की, और जान से मारने की धमकी दी।

अनीस ने अपनी शिकायत में बताया है कि शबलू उसकी बहन को कई बार परेशान कर चुका है, और जब उसकी बहन ने इसका विरोध किया तो शबलू ने उसे धमकाया। अनीस ने पुलिस से अनुरोध किया है कि शबलू के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है।

पीड़ित परिवार ने बताया कि शबलू की धमकी से वे लोग काफी डरे हुए हैं, और अपनी जान को खतरा महसूस कर रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है, और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की है।

### मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक युवक ने अपने ही गांव के रहने वाले मुस्तकीम और उसके परिवार के लोगों के खिलाफ मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि मुस्तकीम ने उसे और उसकी पत्नी को गाली दी, और मारपीट की। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया तो मुस्तकीम और उसके साथियों ने उसे और उसकी पत्नी को जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुस्तकीम, जुनैद, मुजीब, शमीम, तस्लीम, अफसार, वसीम, गुलफाम, कामरान और ननुकी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित और उसके परिवार के साथ मारपीट और धमकी की घटना हुई थी, जिसमें कई लोग शामिल थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रही है। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद ही आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है, और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की है। पीड़ित परिवार ने बताया कि मुस्तकीम और उसके साथियों की धमकी से वे लोग काफी डरे हुए हैं, और अपनी जान को खतरा महसूस कर रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान करने का आश्वासन दिया है, और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में की गई शिकायत की जांच को पहुंचे नायब तहसीलदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के एक युवक ने तहसील के एक चर्चित लेखपाल पर कुरा बनवाए जाने के नाम पर 50 हजार रुपए लिए जाने के बाद भी गलत रिपोर्ट लगा दिए जाने का आरोप लगाते हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी।

कस्बे की आदर्श नगर बस्ती के रहने वाले रामसिंह राठौर ने क्षेत्र के गांव सिजौलिया में गाटा संख्या 410, 411 व 413 में से कुछ जमीन खरीदी थी। जिसका बंटवारे का मुकदमा एसडीएम कोर्ट में चल रहा है। इस मामले में कोर्ट ने कुरा बंटवारे की रिपोर्ट तलब की थी, जिसपर रामसिंह राठौर ने क्षेत्र के लेखपाल से संपर्क किया। आरोप है कि कुरा बनवाने के नाम पर संबंधित लेखपाल ने पहले तो एक लाख रुपए मांगे, उसके बाद सौदा 50 हजार में तय हो गया। आरोप है कि रामसिंह राठौर द्वारा लेखपाल को 50 हजार रुपए दिए जाने के बाद भी उन्होंने गलत रिपोर्ट लगा दी, जिससे झल्लाकर रामसिंह राठौर ने क्षेत्र के लेखपाल की शिकायत डीएम अविनाश सिंह से करने के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की थी।

सोमवार को तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में भी रामसिंह राठौर ने इस मामले की शिकायत करते हुए आरोपी लेखपाल के खिलाफ कार्यवाही की मांग की थी, शिकायत पर मंगलवार को नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह ने शिकायतकर्ता के साथ स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

### आखिर खाली हो गया सरकारी आवास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेवानिवृत कर्मी की शिकायत पर हुई कार्यवाही**

**नवाबगंज।** पिछले काफी दिनों से चली आ रही शिकायत का सोमवार को पटाक्षेप हो गया। एक सेवानिवृत कर्मी की शिकायत पर तहसीलदार ने सरकारी आवास संग्रह अमीन से खाली करा लिया।

तहसील के सेवानिवृत कर्मी अमीर सरवर द्वारा जिले के आला अधिकारियों के साथ ही मुख्यमंत्री और राजस्व परिषद को शिकायती पत्र भेजकर नगर में निजी आवास होने के बाद भी तहसील के संग्रह अमीन महेंद्र सिंह पर सरकारी आवास पर जमे होने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की थी। सेवानिवृत कर्मी की इस शिकायत पर तहसील प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए पहले आरोपी संग्रह अमीन महेंद्र सिंह को आवास खाली करने का नोटिस दिया था, जिसपर संग्रह अमीन ने कुछ दिनों की मोहलत ले ली थी। बार-बार आला अधिकारियों द्वारा दिए गए आदेशों पर तहसील प्रशासन ने भी आंखें तरेरते हुए आवास खाली करने कि सख्त हिदायत दी थी, जिसपर सोमवार को संग्रह अमीन महेंद्र सिंह द्वारा सरकारी आवास से अपना सामान समेटते हुए आवास खाली कर चाबी तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह को सौंप दी।

तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि संग्रह अमीन महेंद्र सिंह से आवास खाली करा लिया गया है, उसका जल्द किसी कर्मी को आवंटित कर दिया जाएगा।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# समर कैम्प का हर्षोल्लास के साथ समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** राजकीय हाईस्कूल सियाठेरी में आयोजित समर कैम्प का समापन हुआ। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने अपने अनुभवों और गतिविधियों को साझा किया।

समापन समारोह में प्रधानाचार्य राकेश माथुर, ग्राम प्रधान इसराइल अहमद, समर कैम्प प्रभारी महेन्द्र पाल और राजेन्द्र सहाय ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए।

समर कैम्प के प्रमाण-पत्र पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। यह समर कैम्प विद्यार्थियों के लिए एक यादगार रहा, जिसमें उन्होंने नई चीजें सीखीं, और अपने कौशल में सुधार किया।

## एक साथ लापता हुई देवरानी-जेठानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** हाफिजगंज थाना क्षेत्र से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। एक गांव निवासी देवरानी-जेठानी घर से 70 हजार रुपये और जेवर लेकर चली गईं। दोनों के पतियों ने उनकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उनका पता नहीं चला। इस बीच किसी व्यक्ति ने उनके नंबर पर कॉल कर धमकी दी। परिजनों ने बताया कि देवरानी-जेठानी के सोशल मीडिया पर अकाउंट हैं। दोनों के अंजान युवकों से संबंध हो गए थे। उन्हीं के बहकावे में घर से चली गईं। पीड़ित पतियों ने थाने में तहरीर देकर पत्नियों की बारामदगी की मांग की है। थाना हाफिजगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने थाने में दी तहरीर में कहा कि उसकी पत्नी व उसके भाई की पत्नी सोमवार रात किसी वक्त घर में रखे 70 हजार रुपये व जेवर लेकर कहीं चली गईं।

# नगर पंचायत की बैठक में दस करोड़ के विकास कार्यों का प्रस्ताव पारित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** नगर पंचायत के बोर्ड की मीटिंग में अक्टूबर 2024 से मई 2025 तक के आय व्यय का ब्यौरा चेयरमैन नीलोफर ने पटल पर रखा। जिसमें 18.56 करोड़ की आय व 16.70 करोड़ का व्यय दिखाया गया। कस्बे में 10.13 करोड़ से नाला निर्माण, सीसी रोड, प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था के कार्य सर्वसहमति से पारित हुए।

शासन द्वारा नई नियमावली के तहत कस्बे में घरों के नक्शे पर लगने वाला शुल्क, जलकर, गृहकर आदि की नई दरें लागू करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। कस्बे की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए जाने हेतु ठेके पर दो सफाई नायक रखे जाने, बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने को क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों को हटाकर उनके स्थान पर अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन नीलोफर ने एवं संचालन अधिशासी अधिकारी दुर्गेश कुमार ने किया।

### बिजली समस्या दूर करने को चेयरमैन नीलोफर ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

कस्बे में ओवर लोड की समस्या विकराल होती जा रही है कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों से काम लिया जा रहा है जिस कारण ओवरलोड की समस्या दिनप्रतिदिन बढ़ती जा रही है हालात यहां तक पहुंच गए है कि ग्रामीणों को शिफ्टों में बांटकर आपूर्ति की जा रही आधे लोगों को रात को व आधे को दिन में आपूर्ति मिल रही है बिजली कर्मचारी ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने को तैयार नहीं है जबकि ग्रामीण गर्मी से झुलस रहे है इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने के लिए चेयरमैन नीलोफर ने प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर कस्बे के लोगों की इस गंभीर समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग की है।

# कप्तान ने भुता और सिरौली इंस्पेक्टर को किया निलंबित, दो लाइन हाजिर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** एसएसपी अनुराग आर्य ने चोरी की घटनाओं को रोकने में नाकाम व उनके खुलासे में लापरवाही बरतने वाले भुता और सिरौली के इंस्पेक्टर को निलंबिल कर दिया है। एसएसपी ने मूल्यांकन प्रणाली में फिसड्डी रहे सुभाषनगर इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह और अपराधियों पर कार्रवाई में लापरवाही बरतने पर फतेहगंज पश्चिमी थाने के इंस्पेक्टर क्राइम प्रदीप चतुर्वेदी को लाइन हाजिर किया है।

इज्जतनगर के इंस्पेक्टर क्राइम रविंद्र कुमार को इंस्पेक्टर भुता, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के प्रभारी जगत सिंह को इंस्पेक्टर सिरौली की कमान सौंपी है। रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात सुरेंद्रपाल सिंह को फतेहगंज पश्चिमी का इंस्पेक्टर क्राइम और अरुण श्रीवास्तव को इंस्पेक्टर सुभाषनगर बनाया गया है।

इसके अलावा मोहन चतुर्वेदी को साइबर थाने से इंस्पेक्टर एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग, चंद्र प्रकाश शुक्ला को पुलिस लाइन से इंस्पेक्टर बिथरी चौनपुर, अभिषेक कुमार को बिथरी चैनपुर से इंस्पेक्टर सीबीगंज, राजेश कुमार को किला से इंस्पेक्टर शेरगढ़, आशुतोष द्विवेदी को शेरगढ़ से इंस्पेक्टर देवरनियां, दिनेश कुमार शर्मा को देवरनियां से इंस्पेक्टर साइबर थाना, राजकुमार शर्मा को इंस्पेक्टर क्राइम भमोरा से इंस्पेक्टर भमोरा बनाया गया है।

# लोगों को योजनाओं के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंगलवार को डीएम अविनाश सिंह एवं डीपीओ मो. निका राणा के निर्देश अनुसार रिंकी सैनी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर व हरविंदर कौर जेंडर स्पेशलिस्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन व संध्या जैस्वाल संरक्षण अधिकारी के द्वारा ब्लॉक दमखोदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेटियों को कपड़ों की बेबी किट दी गई। बेटियों के माता-पिता को जन्म होने की बधाइयां दी गईं। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टाफ उपस्थित रहे। जिसमें एमओआईसी डॉक्टर शशांक रतन यादव, बीपीएम सुरजीत कुमार वर्मा, प्रेमपाल कोऑर्डिनेटर व कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी स्टाफ मौजूद रहे, व महिलाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया, तथा हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई। उनके बच्चों के लिए प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना व कन्या सुमंगला की विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# रूड़की में चल रहे अवैध क्लीनिक को स्वास्थ्य विभाग ने किया सील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुड़की में अवैध क्लीनिक चला रहे अरविंद कुमार के क्लीनिक को मंगलवार को चिकित्सीय टीम और मजिस्ट्रेट प्रतिनिधि की उपस्थिति में सील कर दिया गया। इस कार्रवाई में चिकित्सा अधीक्षक डा. अमित कुमार, एआरओ महिपाल गंगवार, संजय दत्त और नायब तहसीलदार बहेड़ी मौजूद रहे।

अवैध क्लीनिक के खिलाफ यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गई है, जो अक्सर फर्जी पंजीकरण और झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई करती रहती है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य मरीजों की जान बचाना और उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है।

ऐसी घटनाएं पहले भी देखी गई हैं, जहां अवैध क्लीनिकों को सील किया गया है। बहेड़ी में एक अवैध क्लीनिक को सील किया गया था, जिसका पंजीकरण फर्जी पाया गया था। इसी तरह बहेड़ी में भी झोलाछाप के क्लीनिक को सील किया गया था, जहां गलत इलाज के कारण एक युवती की मौत हो गई थी। इसके अलावा टीम ने बहेड़ी में एक और अवैध क्लीनिक सील किया था, जिसमें कुछ दिन पहले झोलाछाप के गलत इलाज से दुल्हन की मौत हो गई थी।

अवैध क्लीनिक अक्सर फर्जी पंजीकरण के आधार पर चलते हैं, और झोलाछाप चिकित्सक मरीजों का इलाज करते हैं, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ सकती है। स्वास्थ्य विभाग ऐसे क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई करता है, ताकि मरीजों की जान बचाई जा सके।

स्वास्थ्य विभाग की टीम के अनुसार लगातार ऐसे क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, और आगे भी करती रहेगी। अवैध क्लीनिकों के खिलाफ कार्रवाई करना आवश्यक है, ताकि मरीजों की जान बचाई जा सके, और उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा सके।

# दबंगों ने पुलिस को दी खुली चेतावनी

- बर्थडे पार्टी मनाने गए परिजनों से दबंगों ने की मारपीट, स्कूटी तोड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पुलिस का खौफ दबंग युवाओं पर जरा सा भी दिखाई नहीं देता है, इसका उदाहरण सोमवार की रात कस्बे के एक रेस्टोरेंट में देखने को मिला। अपनी नवासी का बर्थडे मनाने गए एक परिवार के साथ दबंगों ने गाली गलौज कर उनके साथ मारपीट कर दी, इतना ही नहीं इन दबंगों ने एक स्कूटी भी तोड़ डाली। महिला की तहरीर पर पुलिस ने 4-5 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट तो दर्ज कर ली, लेकिन अभी तक एक भी दबंग को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

कस्बे के फोटो ग्राफर हेमन्त राठौर की पत्नी नीलिमा राठौर सोमवार की रात कस्बे के बाईपास स्थित हरिभोग रेस्टोरेंट पर अपनी नवासी का जन्मदिन मनाने के लिए अपने भाई सतेन्द्र सिंह राठौर, सूर्य राठौर आदि परिजनों के साथ पहुंची थी। आरोप है कि उनके पहुंचते ही एक डिजायर कार से आए 4-5 दबंगों ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी, जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उन्होंने ईंटों और हथियारों से उनपर हमला कर दिया। आरोप है कि दबंगों ने रेस्टोरेंट के सामने खड़ी उनकी स्कूटी भी तोड़ डाली।

घटना की सूचना दिए जाने पर डायल 112 पुलिस के पहुंचने से पहले ही दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस मामले में नीलिमा राठौर की तहरीर पर पुलिस ने रात में ही 4-5 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली, लेकिन अभी तक किसी भी दबंग को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

कस्बे में घटी इस घटना से लगता है कि पुलिस का खौफ इन दबंग युवाओं में नजर नहीं आ रहा है, जिसके चलते इनका खौफ लोगों में साफ दिखाई देता है। दूसरी ओर कस्बे में दबंगों द्वारा की गई इस घटना से नगर में खासी नाराजगी है। आज सारे दिन सोशल मीडिया पर इस घटना को लेकर लोग अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते रहे।

# पुलिस ने तीन लाख लीटर अवैध शराब कराई नष्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** एसएसपी अनुराग आर्य के ऑपरेशन क्लीन 3.0 के क्रम में थाना हाफिजगंज पुलिस ने न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-षष्टम के आदेश पर मालखाना में दाखिल 3,50,000 लीटर अवैध शराब को नष्ट करा दिया गया। एसडीएम नवाबगंज की ओर से गठित टीम ने सोमवार को सिथरा पेट्रोल पंप के सामने गड्ढा खोदवाकर शराब के विनिष्टिकरण की कार्रवाई की। जेसीबी से गहरा गड्ढा खोद कर नष्ट किया गया। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी कराई गई। इस दौरान नायब तहसीलदार नवाबगंज, जिला आबकारी अधिकारी बरेली, सीओ नवाबगंज एवं प्रभारी निरीक्षक हाफिजगंज भी मौजूद रहे। निस्तारित माल को थाना अभिलेखों में अंकित करने व आदेश को मालखाना रजिस्टर में चस्पा करने के लिए मालखाना मोहर्रिर को आदेशित किया गया है। बता दें कि हरियाणा मार्का यह शराब अलग-अलग मामलों में पकड़ी गई थी।

# स्कूल-कॉलेजों के पास गुटका-तंबाकू बेचने वालों पर लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** शिक्षण संस्थाओं के पास गुटका व तंबाकू की बिक्री बड़े पैमाने पर की जा रही है। इसकी शिकायत मिलने पर एसएसपी अनुराग आर्य ने सोमवार से अभियान शुरू कराया। पुलिस ने तीन मुकदमे दर्ज करके दुकानदारों पर 44 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। एसएसपी के अभियान में सबसे प्रभावी कार्रवाई शाही थाने में हुई। यहां छह विद्यालयों को चेक किया गया, जिनमें से दो स्थानों पर सौ गज की परिधि के अंदर गुटका व तंबाकू बिकता मिला। मामले में दो रिपोर्ट दर्ज की गईं। अलीगंज थाना पुलिस ने एक शिक्षण संस्था के पास इस तरह की गतिविधि पकड़ी तो माल जब्त कर रिपोर्ट दर्ज कर ली। कोतवाल अमित पांडेय की टीम ने इन दुकानदारों का काफी सामान जब्त करने के साथ ही जुर्माना लगाया। सर्वाधिक जुर्माना 10500 रुपये का बारादरी पुलिस ने वसूला। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जिले भर में 242 विद्यालयों के पास निरीक्षण किया गया। सौ गज की दूरी पर 216 जगह तंबाकू पदार्थ बिकते मिले। कुल 44000 रुपये जुर्माना डाला।

# डाउन ट्रैक पर युवक हुआ गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** मंगलवार सुबह गांव खरगपुर के पास एक युवक डाउन ट्रेक पर गिरकर गंभीर घायल हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे 108 एंबुलेंस के द्वारा स्थानीय सीएचसी भेज दिया। डॉक्टर ने हालत नाजुक होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बेसुध होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह दिल्ली की ओर से बरेली जा रही ट्रेन से अचानक एक अज्ञात युवक गिरकर घायल हो गया।उसके सिर में गहरी चोट लगने के कारण वह बेसुध हो गया। गांव खरगपुर के लोगो ने उसे उठाया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को

एंबुलेंस के द्वारा जिला अस्पताल भेज दिया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।हालत गंभीर और बेसुध होने के कारण उसका नाम और पता नहीं लग पाया है।उसके पास से पहचान का कोई कागज भी नहीं मिला है।



# सांसद की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की बैठक संपन्न

## केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में सांसद ने एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, शहर विधायक आक. ाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की उपस्थिति में विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जननी सुरक्षा योजना, आभा आईडी और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी विभागीय अधिकारियों से



ली। सांसद ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सही ढंग से पहुंचे इसके लिए आवश्यक है कि योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाये और इसकी जानकारी आम जनमानस तक पहुंच. ाने का हर सम्भव प्रयास किया जाये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं में बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है। सभी अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ कार्य करें तो निश्चित ही सफलता हासिल होगी और जनपद में शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकेगा। जरूरतमंद को योजनाओं से जोड़कर उन्हें लाभ दिलायें। सांसद ने कहा कि सड़क हादसों को रोकने और सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में लगातार हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं, जो प्रशंसनीय है।

एमएलसी ने कहा कि सभी योजनाओं का क्रियान्वयन सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद में अधिकारियों द्वारा किया जाए, जिससे प्रधानमंत्री जी के लक्ष्य के अनुसार 2047 तक देश को विकसित भारत के रूप में पूरे विश्व में स्थापित कराएंगे।

उन्होंने कहा कि बच्चों, महिलाओं, युवा और किसानों सहित समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति के लिए चलायी जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को मिले।

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने सभी अधिकारियों से कहा कि आम जनमानस के हित में कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनपद रामपुर में सभी योजनाओं में पूर्व की तुलना में अधिक प्रगति देखने को मिल रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बिना भेदभाव के कार्य करें और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाएं।

उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को प्राइवेट स्कूलों में लगातार बढ़ाई जा रही फीस को लेकर स्कूलों में जांच करने और ऐसे स्कूलों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए भी कहा।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि प्राइवेट अस्पताल को लाइसेंस देते समय यह जांच अवश्य करा लें कि कोई भी अस्पताल आवासीय क्षेत्र में न हो तभी एनओसी जारी की जाए।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा की दिशा की बैठक का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से जिले के विकास की रूपरेखा तैयार करना है। उन्होंने जनपद में कराए जा रहे विकास कार्यों से सभी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। उन्होंने मा. सांसद एवं जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त सभी सुझाव एवं निर्देशों की समीक्षा कर योजनाओं को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ क्रियान्वित किया जाएगा।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख और संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# समर कैंप के अंतिम दिन हुआ एसडीएम द्वारा पौधारोपण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में समर कैंप के अंतिम दिन एसडीएम मुख्यालय विकास वर्मा ने अमरूद के पौधे का पौधारोपण किया। समर कैंप के बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर में लगे विभिन्न पेड़ पौधे विद्यालय के भौतिक वातावरण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

इससे पर्यावरण को भी लाभ पहुंचता है और हमारे विद्यालय का भौतिक वातावरण भी स्वस्थ रहता है जिससे बच्चों का मन पढ़ाई में लगन के साथ लगता है। आज 21 दिन के समर कैंप की समाप्ति के बाद मॉडल मोंटेसरी स्कूल किला में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम में सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर को ब्लॉक के समर कैंप उत्कृष्ट विद्यालय सम्मान से डायट प्राचार्या नीलम रानी टम्टा ने शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर चिरंजीव गुड्डू, खुर्शीद अहमद, अहमद अली उपस्थित रहे।

**■ समर कैंप उत्कृष्ट विद्यालय सम्मान से पुरस्कृत हुआ सैदनगर का कंपोजिट स्कूल घाटमपुर**

# नदी के किनारे बनी ड्रीम सिटी पर चला बुलडोजर

## बिलासपुर रोड की 32 दुकानों पर आज चल सकता है बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** जिलाधिकारी के ड्रीम प्रोजेक्ट नहाल नदी की सफाई में बाधा बन रही ड्रीम सिटी की दीवार और पुलिया को गिरा दिया नगर के मोहल्ला शाहूँ जी नगर के पास नवदिया ड्रीम सिटी के नाम से कई वर्षो पूर्व कॉलोनी बनाई गई थी। जिसका कुछ हिस्सा नहाल नदी की जमीन पर कब्जा कर दीवार और पुलिया का निर्माण कर दिया गया था। जिलाधिकारी रामपुर द्वारा विलुप्त हो चुकी नहर नदी पुनर्जीवित किया गया है और इसकी जमीन पर अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। इसी को लेकर आज ड्रीम सिटी की एक दीवार और नगर से जोड़ने वाली पुलिया से अवैध कब्जा को बुलडोजर चलाकर तोड़ दिया गया। दूसरी ओर बिलासपुर रोड की 32 दुकानों को तोड़ने की



प्रक्रिया भी प्रशासन ने शुरू कर दी। आज प्रशासन की ओर से अनाउंसमेंट कराकर कल सुबह 11:00 बजे तक दुकान खाली करने का ऐलान किया है। दुकान खाली न होने पर तोड़फोड़ में सामान टूटने की जिम्मेदारी दुकानदारों की स्वयं होगी गिराने की सूचना से दुकानदारों में हड़कंप मच गया है।

# राजकीय इंटर कॉलेज मनकरा में हुआ समर कैंप का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर/रामपुर।** मंगलवार को 21 दिन से चल रहे राजकीय इंटर कॉलेज मनकरा में समर कैंप का समारोह को बड़े धूमधाम से आयोजन किया गया।राजकीय इंटर कॉलेज मनकरा में पिछले 21 दिनों से समर कैंप का छात्र-छात्राओं को विद्यालय के शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण कराया जा रहा था। इस प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को योग अभ्यास एवं व्यायाम से संबंधित तरह-तरह के प्रशिक्षण के बारे में जानकारी विस्तार पूर्वक दी जा रही थी इस 21 दिवसीय प्रशिक्षण को पूरा करा कर समर कैंप आयोजन का समापन कराया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अभिभावक तथा राजकीय इंटर कॉलेज के समस्त अध्यापक ग्राम प्रधान सना काशिफ एवं राजकीय इंटर कॉलेज मनकरा प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, प्रवक्ता विपिन सिंह यादव, कनिष्ठ सहायक इंदल सिंह, राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के समिति के प्रबंधक अध्यक्ष सलीम अल्वी सहित और अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## एक नजर

# पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार



**शाह टाइम संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली पुलिस में अभियान चला कर एक वारंटी को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय को भेजा पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक रामपुर के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी मिलक महोदय के पर्यावेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक थाना मिलक के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वारण्टी अभियुक्त मोनू पुत्र चोखेलाल निवासी अस्दुल्लापुर थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद सख्या 541/18 धारा 60(1) आ0अधि0 मु.अ.स. 749/17 नियत दिनांक 23.6.25 व वाद सख्या 482/20 धारा 60(1) आ0अधि. मु.अ.स. 298/20 को गिरफ्तार कर न्यायलय जनपद रामपुर भेजा गया ।

# सड़क पार करते समय एक वृद्ध को कंटेनर ट्रक ने रौंदा मौके पर हुई मौत



**( मुफीद हुसैन )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर में एक वृद्ध व्यक्ति की सड़क पार करते समय कंटेनर की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नगर के गुलाब नगर निवासी चांद बाबू उम्र 60 वर्ष सड़क पार कर रहे थे जब कंटेनर ने उन्हें रौंद दिया।हादसे में चांद बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए।और रोने-बिलखने लगे। सुचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। लोगो ने प्रशासन से मांग की है कि सड़कों पर गति सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। परिजनो ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया हैं।

# कंपोजिट विद्यालय भूबरा में समर कैंप का समापन हुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** नगर के कंपोजिट विद्यालय भूबरा में आज समर कैंप का समापन हुआ दिनांक 21-5-2025 से 10- 6- 2025 तक चले समर कैंप में बच्चों ने योग अभ्यास, व्यायाम, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो ,कंप्यूटर की बेसिक जानकारी, चित्रकला, कविता लेखन ,समूह गायन के साथ-साथ कागज से लिफाफा बनाना, मिट्टी से खिलौने, आदि का निर्माण बच्चों द्वारा किया गया समर कैंप का संचालन कर रहे शिक्षामित्र जसवंत सिंह मौर्य एवं रियाज बानो ने बच्चों को प्लास्टिक एवं प्रदूषण से होने वाले प्रदूषण की जानकारी दी कपड़े एवं कागज के थैले प्रयोग करने की अपील की गई विश्व पर्यावरण दिवस पर पेड़ पौधे आदि लगाने के लिए बच्चों को समझाया गया समर कैंप समापन समारोह में सहायक अध्यापिका श्रीमती पूजा अग्रवाल ,शिक्षा मित्र जसवंत मौर्य ,रियाजबानो आदि उपस्थित रहे।

# लावड़ में अवैध स्विमिंग पुल संचालित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में अवैध रूप से संचालित हो रहे स्विमिंग पूल प्रशासन की आंखों में धूल झोंकते हुए न सिर्फ युवाओं की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं, बल्कि कानूनी नियमों की भी सरेआम अवहेलना कर रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कस्बे और आसपास के क्षेत्रों में कई स्विमिंग पूल बिना किसी अनुमति और जरूरी मानकों को पूरा किए बगैर चल रहे हैं। इन पूलों में न तो प्रशिक्षित लाइफ गार्ड हैं और न ही जल शुद्धिकरण की कोई उचित व्यवस्था। अधिकांश स्विमिंग पूलों के पास न तो नगर पंचायत या अन्य किसी विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र एनओसी है और न ही अग्निशमन विभाग या स्वास्थ्य विभाग से कोई अनुमति ली गई है। इसके बावजूद स्थानीय प्रशासन इन पर कोई कार्रवाई करता नहीं दिख रहा है, गर्मी के इस मौसम में इन पूलों में बड़ी संख्या में बच्चे और युवा तैरने आते हैं, लेकिन सुरक्षा के नाम पर कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं। कई स्थानों पर पूल की गहराई का कोई संकेत तक नहीं लगा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय नागरिकों ने इस पर चिंता जताते हुए प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध पूलों की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते इन पर रोक नहीं लगी तो किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इन अवैध स्विमिंग पूलों पर कब तक कार्रवाई करता है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को थाना क्षेत्र में अलग अलग सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम मीरापुर शाहबाद के रहने वाले 27 वर्षीय सतीश पुत्र प्रेमपाल और 21 वर्षीय पैंथेपाल पुत्र मंडू सिंह दूसरी ओर बिसौली जिला बदायूं निवासी 19 वर्षीय अनिकेत पुत्र प्रेमपाल सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

# मारपीट की घटनाओं में आधा दर्जन का शांति भंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान पर हुई मारपीट की घटनाओ में आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट को भेजा। थाना मिलक पुलिस द्वारा मारपीट पर आमदा आधा दर्जन नफर अभियुक्तगण अजय पुत्र जयवीर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम पैगम्बरपुर थाना शहजादनगर रामपुर,ज्ञानेन्द्र पुत्र सुन्दरलाल उम्र 25 वर्ष निवासी उपरोक्त,कमरुद्दीन पुत्र नसरुद्दीन उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम धमौरा थाना शहजादनगर रामपुर, महेन्द्र पुत्र भगीरथ आयु 30 वर्ष निवासी ग्राम उदयपुर थाना मिलक जनपद रामपुर,ताराचन्द पुत्र राममूर्ती उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम भैसोङी थाना मिलक जनपद रामपुर और छविराम पुत्र राममूर्ती उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम भैसोङी थाना



# कम वोल्टेज के विरोध में जेई को बनाया बंधक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र ग्राम शोंदत्त के सैकड़ों लोगों ने नारेबाजी करते हुए नगर के बिजली घर पर अधिकारियों का घेराव किया। वहीं कम वोल्टेज की समस्या बार-बार बिजली कट आदि की समस्या का विरोध करते हुए जल्द से जल्द समाधान कराने की बात कही। ग्राम शोदत मैं कम वोल्टेज की समस्या, बार-बार बिजली का कटना, बिजली का कोई शेड्यूल न होना ये सारी समस्याओं को लेकर सैकड़ो ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने जेई विनोद यादव को काफी देर तक घेरे रखा बाद में जेई ने समस्या का समाधान जल्दी ही करने का आश्वासन दिया।

# गर्मी से बचाव के लिए लोगो को पिलाया ठंडा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** गर्मी से राहत दिलाने के लिए समाज सेवी युवको ने अपने प्रतिष्ठान पर ठंडे शरबत के पानी का स्टाल लगा कर रहागीरो व आस पास के लोगो व वाहन चालको को ठंडा पानी पिलाया गर्मी के मौसम मे गर्मी से लोगो का बुरा हाल है लोगो का घर से निकलना दुश्वार होगया है।

जहा लोगो का गर्मी मे बुरा हाल हे वही गर्मी से बचाव के लिए नगर के युवको ने अपने प्रतिष्ठान पर स्टाल लगा कर रहागीरो व आस पास लोगो को ठंडे पानी का सबील किया लोगो ने ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई गर्मी मे आम नागरिको का बुरा हाल है लोग घरो से नही निकल पा रहे है ठंडा पानी व



शरबत पीकर लोग राहत मेहसूस कर रहे है इस दौरान रिशव गुप्ता, विशाल मौर्य, विनीत मौर्य, अमित कुमार, अर्जुन, राज, राजीव मौर्य, सूरज, प्रिन्स आदी युवक मौजूद रहे।

# सीबीआई ने जीएसटी कर अधीक्षक व वकील को रिश्वत लेते पकड़ा

## अमरोहा कार्यालय से गिरफ्तारी के बाद टीम ने गजरौला स्थित कार्यालय पर पहुंचकर भी की छानबीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** सीबीआई की टीम ने सीजीएसटी के कर अधीक्षक और एक वकील को एक लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर कारोबारी पर दबाव बनाकर रकम लेने का आरोप है। उत्पीड़न से परेशान होकर कारोबारी ने सीबीआई की गाजियाबाद यूनिट से इसकी शिकायत की थी। सीबीआई की टीम ने सेंट्रल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (सीजीएसटी) के अधीक्षक और एक अधिवक्ता को कारोबारी से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोचा है। दोनों को सीबीआई की टीम अपने साथ ले गई है। गजरौला के एक कारोबारी का आरोप है कि सीजीएसटी की ओर उसे नोटिस जारी किया गया था। सीजीएसटी के अधीक्षक निशान सिंह मल्ली और अमरोहा के अधिवक्ता अमित खंडेलवाल इस मामले में उन पर सौदेबाजी के लिए दबाव बना रहे थे। उनके उत्पीड़न से परेशान होकर कारोबारी ने मामले की शिकायत सीबीआई की गाजियाबाद यूनिट से की। कारोबारी की शिकायत पर सोमवार को सीबीआई की टीम ने जाल बिछाया। तय कार्यक्रम के मुताबिक कारोबार रुपये लेकर अमरोहा के आवास विकास कॉलोनी स्थित सीजीएसटी के कार्यालय पर पहुंचे, जहां पर अधीक्षक निशान सिंह माली और अधिवक्ता अमित खंडेलवाल मौजूद थे। कारोबारी ने जैसे ही एक लाख रुपये की रिश्वत सौंपी, तभी सीबीआई की टीम ने दोनों को दबोच लिया। सीबीआई की टीम ने कार्यालय की तलाशी लेने के बाद उसे सील कर दिया है और दोनों आरोपियों को अपने साथ ले गई है।

**■ एक कारोबारी ने की थी सीबीआई से शिकायत**







**गजरौला।** नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर स्थित जीएसटी का कार्यालय, यहां पर भी पहुंची थी सीबीआई की टीम।

### गजरौला के जवाहरनगर निवासी हैं कर अधीक्षक

**अमरोहा।** सीबीआई की टीम द्वारा गिरफ्तार किए गए कर अधीक्षक निशान सिंह मल्ली नगर के मौहल्ला जवाहर नगर के निवासी हैं। उनकी पत्नी चिकित्सक हैं तो वहीं उनकी माता स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त एएनएम हैं। सीबीआई की टीम ने उनके घर पहुंचकर भी परिजनों से पूछताछ की।

### अमरोहा से हुई कर अधीक्षक की गिरफ्तारी

**अमरोहा।** कर अधीक्षक गजरौला के साथ साथ अमरोहा का कार्य भी देखते थे। बीते दिन उनकी व वकील की गिरफ्तारी अमरोहा के आवास विकास स्थित कार्यालय से हुई, जिसके बाद टीम कर अधीक्षक को गजरौला स्थित कार्यालय पर लाई और यहां पर अभिलेख खंगाले। चर्चा है कि टीम मंगलवार की सुबह तक यहीं पर डटी रही।

### गजरौला कार्यालय पर भी पहुंची टीम

**अमरोहा।** सीबीआई की टीम गजरौला के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में हाईवे स्थित कार्यालय पर भी पहुंची और यहां पर भी अखिलेख खंगाले। रात भर टीम यहीं पर रही और सुबह को रवाना हुई। टीम ने दफ्तर के कर्मियों के बयान भी दर्ज किए तो वहीं उनके फोन आदि भी जब्त किए गए।

### वकीलों के बीच मचा रहा हड़कम्प, देर रात तक सीबीआई की छापेमारी

# विभागीय फाइलें व दस्तावेज भी कब्जे में लिये

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार सीजीएसटी के कर अधीक्षक और अधिवक्ता के ठिकानों पर सीबीआई की छापेमारी देर रात तक जारी रही। कार्यालयों के साथ दोनों के घरों को खंगालने वाली टीम ने कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और विभागीय फाइलों को भी अपने कब्जे में लिया है। इसके अलावा कम्प्यूटर और लैपटॉप का डेटा भी पैन ड्राइव में स्टोर करने का चर्चा है। वहीं, कार्रवाई के चलते मंगलवार को विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ वकीलों के बीच हड़कंप मचा रहा। घूसखोरी के आरोप गिरफ्तार अमित खंडेलवाल जिला टैक्स बार एसोसिएशन के सचिव भी हैं। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम से जुड़ी धाराओं में मुकदमा दर्ज कर टीम ने दोनों को सीबीआई कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

गौरतलब है कि आवास विकास कॉलोनी द्वितीय निवासी कारोबारी गौरव सिरोही की शिकायत पर सीबीआई की टीम ने सोमवार को शहर की आवास विकास कॉलोनी स्थित सीजीएसटी कार्यालय पर छापा मारकर कर अधीक्षक निशान सिंह और अधिवक्ता अमित खंडेलवाल को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ दबोच लिया था। दरअसल, कारोबारी की फर्म पर लाखों रुपये की जीएसटी बकाया थी। विभाग स्तर से उन्हें कर

**■ घर व दफ्तर रहे खास निशाने पर**

जमा कराने के लिए बीते दिनों नोटिस जारी किया गया था। आरोप है कि कर अधीक्षक निशान सिंह ने मामला निपटाने के बदले में 4 लाख रुपये देने की पेशकश की थी, अधिवक्ता अमित खंडेलवाल के जरिए वह कारोबारी पर लगातार पैसे देने का दबाव बना रहे थे। परेशान होकर कारोबारी ने अपनी शिकायत सीबीआई की गाजियाबाद यूनिट में कराई थी। रिश्वत मांगे जाने के सबूत में वीडियो दिखाए थे, लिहाजा सीबीआई ने सोमवार को मामले में केस रजिस्टर्ड कर जाल बिछा दिया था। बताया जा रहा है कि सीबीआई अफसरों ने पहले कारोबारी की अधिवक्ता अमित खंडेलवाल से बात कराई। चार लाख रुपये की रिश्वत चार किस्तों में देने की बात तय हो गई। योजना के मुताबिक इसके बाद सीबीआई ने गौरव सिरोही को उसी वक्त एक लाख रुपये लेकर कार्यालय भेज दिया। पीछे से टीम भी अमरोहा पहुंच गई। कारोबारी जब कार्यालय पहुंचा तो वहां कर अधीक्षक निशान सिंह के अलावा अधिवक्ता अमित खंडेलवाल भी पहले से बैठे हुए मिले। कारोबारी ने जैसे ही रिश्वत दी वैसे ही सीबीआई टीम ने अंदर घुसकर दोनों को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ दबोच लिया। इसके बाद सीबीआई ने देर रात तक अमरोहा से लेकर गजरौला तक कार्यालयों और घरों पर रेड की। टीम ने देर रात में दोबारा अमरोहा पहुंचकर सीजीएसटी कार्यालय से लेकर अधिवक्ता के घर खंगाले। साक्ष्य जुटाने के बाद सीबीआई टीम अधिकारी व अधिवक्ता को अपने साथ ले गई।

# वकील के समर्थन में उतरी जिला टैक्स बार

### रिश्वत खोरी में जेल भेजने का मामला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजे गए अधिवक्ता अमित खंडेलवाल के समर्थन में जिला टैक्स बार एसोसिएशन उतर आई है। मंगलवार को राज्य कर कार्यालय पर बैठक कर अधिवक्ताओं ने सीबीआई की कार्रवाई का विरोध जताया तथा अगले तीन दिन तक कलमबंद हड़ताल का ऐलान करते हुए विरोध-प्रदर्शन की रणनीति तैयार की। बैठक में पहुंचे दूसरे जिलों के अधिवक्ताओं ने भी हड़ताल का समर्थन करते हुए कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने का भरोसा दिलाया।

बार पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं की बैठक में गिरफ्तारी की निंदा करते हुए बार अध्यक्ष मशकूरुल हसन एडवोकेट ने कहा कि अमित खंडेलवाल को साजिश के तहत फंसाया गया है। यह कार्य उन्हीं के क्लाइंट द्वारा किया गया है। पूरे मामले में अमित खंडेलवाल का कहीं से कहीं तक कोई कसूर नहीं है। अधिवक्ता कोई भी हो वह सिर्फ अपने क्लाइंट के हितों के लिए कार्य करता है। उत्तर प्रदेश कर अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष हर्ष शर्मा एडवोकेट ने विश्वास दिलाया कि साथी अधिवक्ता के साथ किसी सूरत में अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने सीबीआई पर झूठा केस बनाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की कड़ी निंदा की। बैठक में हापुड़, गाजियाबाद, मुरादाबाद व हसनपुर समेत दूसरे जिलों की बार एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। आखिर में आपसी सहमित से अधिवक्ताओं ने कार्रवाई के विरोध में तीन दिन तक हड़ताल पर रहते हुए न्यायिक कार्यो का बहिष्कार करने का फैसला लिया। इस दौरान विष्णु दयाल अग्रवाल, शिवकुमार माहेश्वरी, राजीव कुमार गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, वसीम युसूफ, सैफुल हसन, विकास बाबू, शाहिद अली, जावेद खुर्शीद, पुनीत माथुर, कपिल अग्रवाल, सिराजुद्दीन, मोहम्मद अमीर, शुजाउद्दीन, पंकज सक्सेना, सीपी सक्सेना, अरविंद यादव, अनुराग माहेश्वरी, अता अब्बास, सुरेंद्र रावत, सनाल यासिर, आसिफ सुल्तान, सफी उल्लाह, अदील अब्बासी, असद अहमद, विकास गर्ग, सचिन अग्रवाल, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बीएसए समेत सात के खिलाफ रिपोर्ट

### गर्भपात के नाम पर शिक्षिका ने लिया था 42 दिन का अवकाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गर्भपात के नाम पर शिक्षिका का 42 दिन का वेतन स्वीकृत करने में तत्कालीन व मौजूदा बीएसए समेत सात लोग फंस गए हैं। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला कोट निवासी शिक्षिका वर्षा गुप्ता की तैनाती जोया ब्लॉक के गांव पप्सरा के प्राथमिक विद्यालय में है। साल 2016 में गर्भपात होने की बात बताकर उन्होंने चार जुलाई से 14 अगस्त तक अवकाश लिया था। इस अवधि में बिना कार्य किए उनका 42 दिन का वेतन स्वीकृत हुआ था। अधिवक्ता मनु शर्मा ने इस संबंध में तत्कालीन बीईओ जोया से आरटीआई के तहत एक सूचना मांगी थी। जिसमें खुलासा हुआ था कि शिक्षिका वर्षा गुप्ता को गर्भपात हुआ ही नहीं था। उनके द्वारा चिकित्सा संबंधी पर्चे व अन्य जांच रिपोर्ट को भी विभाग में दाखिल नहीं कराया गया था। बावजूद इसके तत्कालीन बीएसए व अन्य विभागीय कर्मियों ने 42 दिन के वेतन स्वीकृत करने की संस्तुति कर दी थी। अधिवक्ता मनु शर्मा ने मामले में कोर्ट की शरण ली थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि सीजेएम कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन व मौजूदा बीएसए के अलावा शिक्षिका समेत चार कर्मियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सबूत जुटाते हुए मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### पूर्व विधायक ने बच्चों का किया मार्गदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** टोकरा पट्टी गांव स्थित संविलियन विद्यालय में 21 मई से चल रहे समर कैंप का मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच समापन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरपाल सिंह व विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आरती गुप्ता ने समर कैंप में बच्चों द्वारा सीखी गई गतिविधियों की प्रशंसा की। इस मौके पर डॉ.राजीव शुक्ला, रिफाकत, गुड्डु, अरविंद कुमार, चमन सिंह, आमिर, नीरज, मौ.आरिफ, जोगेन्द्र सिंह, सुबोध कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं पूर्व विधायक ने आंगनबाडी कक्ष का फर्श ठीक कराने के लिये सहयोगर राशि प्रदान की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने मन मोहा



**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** नगर के बस्ती स्थित संविलियन विद्यालय में 21 मई से आयोजित हो रहे समर कैंप का मंगलवार को शानदार समापन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ. विरेन्द्र सिंह ने समर कैंप के कार्य की प्रशंसा की, बच्चों और शिक्षिकाओं के प्रयास की सराहना की। मुख्य अतिथि ने सराहनीय प्रदर्शन करने वाले बच्चों व मार्गदर्शन करने वालीं शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया। इस मौके पर राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका रेखा रानी, आकांक्षा मिश्रा, शशि बाला, पंकज त्यागी मीना समेत फुर्सत जहां, रेखा, ब्रजपाल सिहं आदि मौजूद रहे।

### कार सवारों ने युवक को पीटा, हत्या की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** कार सवार लोगों ने घर से दूसरे गांव जा रहे व्यक्ति को रोककर एक व्यक्ति के साथ मारपीट करते हुए वसीयत से संबंधी प्रकरण में गवाही देने पर गोली मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सतनाम सिंह पुत्र स्व०नेतर सिंह निवासी अवंतिका नगर गजरौला 9 जून की शाम अपने घर से ग्राम ढकिया भूड़ जा रहा था। शाम करीब 6.20 बजे धनौरा रोड पर ग्राम शकरथली के पास पीछे से आ रही एक क्रेटा कार ने उसकी बाइक को ओवर टेक कर जवरन रोक लिया और कार सवार प्रशांत उर्फ जुम्मन व उम्मेद सिंह ने कार से उतरकर उसके साथ मारपीट की और गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। एक व्यक्ति का नाम लेते हुए कहा कि यदि तूने उसकी वसीयत में गवाही दी तो तुझे गोली मार दी जाएगी। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शांतिभंग में 13 आरोपियों का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** एसपी अमित कुमार आनंद के नेतृत्व और एएसपी अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में, सीओ श्वेताभ भास्कर के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान नेतृत्व में थाना पुलिस ने तरीकत पुत्र नसीर अहमद, अनवार अहमद पुत्र वसीर अहमद, मुजम्मिल पुत्र निजामुद्दीन, जाफर पुत्र साबिर, इंसाफ अली पुत्र निजामुद्दीन निवासीगण ग्राम बसेली थाना गजरौला व फैजान पुत्र अनीशनिवासी ग्राम रसूलपुर नगला थाना चांदपुर जनपद बिजनौर, जाबिर पुत्र खालिद व फरदीन पुत्र मकबूल निवासीगण ग्राम लखमिया लूट थाना बछरायूं जनपद अमरोहा, कपिल गुर्जर पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी काला शहीद मौ0 खैवान थाना हसनपुर, प्रवेश सैनी पुत्र भूकन सिंह निवासी उपरोक्त, सोनू गुप्ता पुत्र अनिल गुप्ता निवासी राजपूत कालोनी थाना हसनपुर व उम्मेद सिंह पुत्र विजेन्द्र सिंह व प्रशान्त कुमार पुत्र उम्मेद सिंह निवासीगण ग्राम छीतरा थाना बछरायूं जनपद अमरोहा के विरूद्ध शांतिभंग की धाराओं में निरूद्ध करते हुए कोर्ट में पेश किया।

# पूर्व प्रधान की बेटी में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

### पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** पूर्व प्रधान की बेटी की शादी में रस्म रिवाज को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिससे विवाह स्थल पर भगदड़ मच गयी। पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार बुरावली के पूर्व प्रधान की बेटी की बारात गंगवार के एक मैरिज हाल में आयी थी। बारात में रस्मों का रीति रिवाज चल रहा था। इस दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई। देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गयी। कुछ ही देर में मारपीट व लाठी डंडे निकल गयीं। इस दौरान एक दूसरे पर जमकर प्रहार किये गये। जिससे मैरिज हाल में भी अफरा तफरी का माहौल बन गया। मारपीट में एक पक्ष की ओर से कौशिन्द्र, सुमित, कपिल निवासी गांव नवाबपुरा भूड़ एवं सुमित पुत्र प्रीतम निवासी गांव पपसरी खादर घायल हुए। जबकि दूसरे पक्ष की ओर से नीतू, नरदीप, रिंकू, आकाश, लवकुश निवासी बुरावली घायल हो गये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया है।

# भाकियू ने दी सड़क जाम करने की चेतावनी

### एसडीओ कार्यालय का किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन ने बिजली विभाग के एसडीओ का घेराव करते हुए बिजली की अनेकों समस्याओं का जल्द निस्तारण करने की मांग की है। समस्यायों का समाधान न होने पर 12 जून को सड़क जाम करने की चेतावनी दी है।

मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता के कार्यालय पर पहुंच गये। वहां पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने धरना देना शुरू कर दिया। इस दौरान वहां पहुंचे बिजली विभाग के एसडीओ का भाकियू कार्यकर्ताओं ने घेराव कर लिया। इस दौरान भाकियू



कार्यकर्ताओं ने कहा कि टेप पोजीसन को बढ़ाया जाये। जिससे लो वोल्टेज से छुटकारा मिल सके। हसनपुर बिजली घर से गांव झकड़ी तक जर्जर तारों को बदलवाया जाये। उन्होंने कहा कि बिजली घर को कटौती मुक्त कराया जाये। जिससे किसानों को ग्रुप के अनुसार 5 या 6 घंटे बिजली मिल सके। गांव अहरोला अहमद यार खा में बिजली घर बनाने की प्रक्रिया है। उसे जल्द पूरा किया जाये ताकि किसानों की समस्याओ का स्थाई समाधान हो सके। किसानों के बीच बैठे एसडीओ ने उनकी समस्याओं का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। भाकियू ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वह 12 जून को गजरौला हसनपुर मार्ग को जाम करेंगे। इस अवसर पर महावीर सिंह चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह, महिपाल सिंह, सीता देवी, बृजपाल सिंह, महेश पहलवान, आलोक कुमार, शीशपाल सिंह, महेश, विजय पाल सिंह आदि मौजूद थे।




# सेना के सम्मान में जय हिंद यात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** कांग्रेसियों ने जय हिंद यात्रा निकालते हुए कहा कि संविधान भारत की आत्मा है। मोदी सरकार बाबा साहब के संविधान को बदलना चाहती है। ओमकार सिंह संविधान की रक्षा करने के लिए कांग्रेस कोई भी कुर्बानी देने का तैयार है।

मंगलवार को रहरा अड्डे से कांग्रेस की जय हिंद यात्रा का शुभारंभ किया गया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस ने हसनपुर नगर में भारत की सेना के सम्मान में जय हिंद यात्रा निकाली। मैथिली गार्डन में विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर संविधान की रक्षा का संकल्प लिया गया। जिला अध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया ने संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा संविधान भारत की आत्मा है। मोदी की भाजपा सरकार संविधान को बदलना चाहती हैं। पूर्व प्रत्याशी असीम हुसैन साबरी ने कहा भारत की सेना ने दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया। दुश्मन को तबाह किया हम सब सेना का सम्मान करते हैं। सेना के पराक्रम और शौर्य को सलाम करते हैं। मोदी सरकार देश के संविधान को बदलना चाहती है। भाजपा के नेता समय-समय पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर वह अन्य महापुरुषों का अपमान करते रहे हैं। पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष तारीख मोहम्मद खान मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी खेड़ी डॉ मेराज हुसैन जयपाल सिंह जाटव विनोद कुमार सक्सेना ख्यालीराम राणा अनवर हुसैन मयंक कुमार गुर्जर मोहम्मद इमरान प्रधान जी मेराजुल जफर अली इमाम रिजवी मानव त्यागी वाहिद अली सैफी ताहिर वसीम इकबाल अंसारी मंगल सिंह गुर्जर जीशान अली बब्बन हुसैन शकीरा मसूदी महबूब चौधरी हर स्वरूप प्रधान जी राजपाल सैनी चंद्रपाल सिंह चौहान आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तीन दिन में तीन ट्रांसफार्मर खराब

**रहरा।** क्षेत्र में बिजली की समस्या लगातार बिगड़ती जा रही है। तीन दिन में तीन ट्रांसफार्मर फुंक गये। जिससे भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल हो गया। बुरावली स्थित शिव मन्दिर के पास रखे ट्रांसफार्मर का रेडियेटर खराब होने की वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी। यहां के बाद शेर अली की दुकान के पास रखा ट्रांसफार्मर धूं धूंकर जल गया। नखासा में रखा ट्रांसफार्मर के भी फयूज उड़ गये। लगातार तीन ट्रांसफार्मर खराब होने से विद्युत आपूर्ति खराब हो गया। भीषण गर्मी में लोगों का बुरा हाल हो गया।

## डब्ल्यूटीसी के फाइनल में रोमांचक होगी

# दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत

### दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है



**लंदन, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है। दक्षिणी अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनाई है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा। संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉर्ड्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है।



मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।

# आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल महेन्द्र सिंह धोनी



**ये उपलब्धि पाने वाले 11वें भारतीय बने, सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए बोले-मेरे लिए गर्व की बात**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हाल ऑफ फेम में शामिल किया है। सोमवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी ने धोनी के करियर को लेकर कहा, ष17,266 इंटरनेशनल रन, 829 शिकार और 538 मैच, ये आंकड़े सिर्फ उनकी प्रतिभा ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता, फिटनेस और लंबे करियर का प्रमाण हैं।

वहीं, धोनी ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ष्आईसीसी हाल ऑफ फेम में नाम आना एक बहुत बड़ा सम्मान है। दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखना मेरे लिए गर्व की बात है। यह पल मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। आईसीसी की ओर से हाल ऑफ फेम 2025 की लिस्ट में कुल 7 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें 5 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी हैं।

पुरुष खिलाड़ियों में दक्षिण अफीका के हाशिम अमला, भारत के महेंद्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफीका के ग्रीम स्मिथ और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी शामिल हैं। वहीं, महिला क्रिकेटरों में पाकिस्तान की सना मीर और इंग्लैंड की सारा टेलर को यह सम्मान मिला है। आईसीसी ने बताया कि 2007 में जब भारत वनडे वर्ल्ड कप में जल्दी बाहर हो गया था, तब मुश्किल परिस्थिति में टी-20 वर्ल्ड कप के लिए धोनी को कप्तान बनाया गया। उस युवा टीम में रोहित शर्मा, आरपी सिंह, दिनेश कार्तिक और राबिन उथप्पा जैसे नए चेहरे थे। धोनी ने इन खिलाड़ियों के साथ ऐसा आत्मविश्वास दिखाया कि भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हाल ऑफ फेम के जरिए हम उन खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं जिन्होंने शानदार खेल दिखाकर क्रिकेट को खास बनाया और नई पीढ़ियों को प्रेरित किया।

जय शाह ने कहा, ष्इस साल हमें 7 बेहतरीन खिलाड़ियों को आईसीसी हाल ऑफ फेम में शामिल करने का मौका मिला है। मैं आईसीसी की तरफ से सभी को दिल से बधाई देता हूं। उम्मीद है यह सम्मान उनके लिए एक यादगार पल होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### तेम्बा बावुमा ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश घोषित की

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी है। यहां मीडिया के समक्ष एकादश के चयन को लेकर बावुमा ने कहा है कि मुल्डर काफी युवा हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मुल्डर के साथ खेलने, उन्हें देखने और पिछले दो वर्षों में लाल गेंद के प्रारूप में उनके प्रदर्शन को देखकर मुझे लगता है कि उनका एकादश में होना टीम के लिए मजबूती प्रदान करेगा। यह उनके आत्मविश्वास को बढायेगा, उसका समर्थन करते रहने और उसे वह करने देने के बारे में है जो वह सबसे अच्छा करता है। दबाव की स्थिति में खेलना उसके पास मौका है।

उन्होंने कहा कि केशव महाराज एकमात्र पूर्णकालिक स्पिनर हैं। वह इस गेंदबाजी लाइन. अप में लुंगी एनगिडी के साथ कैगिसो रबाडा, मार्को जेनसन भी शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शानदार फॉर्म में रहे डेन पैटरसन (पैटो) भी एकादश में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लुंगी का रिकॉर्ड भी बेहतर है वह पैटो से कुछ भी कम नहीं है। उसके पास अनुभव है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश इस प्रकार है:- एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, टेम्बा बावुमा (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

### ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए एकादश घोषित की

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को लॉर्ड्स में बुधवार से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी। यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मीडिया के समक्ष अपनी एकादश की घोषणा की। टीम में पूर्व नंबर वन रैंक वाले टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के साथ उस्मान ख्वाजा सलामी जोड़ी के रूप में मैदान में उतरेंगी। गेंदबा. जी में जॉश हेजलवुड को बाएं हाथ के गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कलमस के साथ एकादश में जगह दी गयी है। वहीं ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन पीठ की सर्जरी से उबरने के बाद अपना पहला टेस्ट खेलेंगे। ब्यू वेबस्टर ने एकादश में अपना स्थान बरकरार रखा है उसे मध्यम गति गेंदबाज के रूप में और स्पिनर के विकल्प के तौर पर टीम में रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका के साथ कल से शुरु हो रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया एकादश इस प्रकार है:- उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाब. शेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

## हॉकी इंडिया ने जर्मनी में चार देशों के टूर्नामेंट के लिए जूनियर पुरुष टीम की घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को जर्मनी की मेजबानी में 21 से 25 जून तक होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। बर्लिन में होने इस टूर्नामेंट में भारत, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान जर्मनी की टीमें शामिल है। प्रत्येक टीम एक राउंड-रॉबिन पूल चरण में एक दूसरे के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद शीर्ष दो टीमों की फाइनल में भिड़ंत होंगी तथा तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेला जायेगा। यह टूर्नामेंट इस वर्ष के आखिर में चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप 2025 से पहले भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी मंच के रूप में काम करेगा। भारतीय टीम की अगुवाई तेजतर्रार फॉरवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल करेंगे। टीम के उप कप्तान की जिम्मेदारी अनुभवी डिफेंडर आमिर अली पर होगी। गोलकीपिंग विभाग की कमान बिक्रमजीत सिंह और विवेक लाकड़ा संभालेंगे। रक्षापंक्ति में, आमिर अली के साथ तालिम प्रियोबर्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पी बी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह और सुखविंदर शामिल हैं। मिडफील्ड में, अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, रोहित कुल्लू, थोकचोम किंग्सन सिंह, थौनाओजम इंगलेंबा लुवांग, अद्रो. हित एक्का और जीतपाल है।

# टेस्ट डेब्यू के लिए तैयार अर्शदीप सिंह

**केंट, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट पहुंच गए हैं। उन्होंने यहीं काउंटी क्रिकेट खेला था। अब वह टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। बता दें कि, इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम पहुंच चुकी है।

शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ी जमकर पसीना बहा रहे हैं। 26 वर्षीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा- आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। आगे हम और बेहतर होते जायेंगे और

**■ टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे, जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके आएगा निखार**

बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने आगे कहा कि गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फार्म में भी है।

हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। इस दौरान अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें। भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा।

वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लाड्र्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरुआत भी हो जाएगी।

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम**

**शुभमन गिल** (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुम. राह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

## पीएम ने खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख को किया साझा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये पिछले 11 वर्षों में देश में खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाला एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने आज पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर करता है। डॉ. मांडविया द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला है।

## तनुष कोटियान-अंशुल काम्बोज के नाबाद अर्द्धशतक, मुकाबला रहा ड्रा

**नार्थम्पटन, वार्ता।** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल काम्बोज (नाबाद 51/ दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया दूसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे दिन ड्रा रहा। कोटियान और काम्बोज की जोड़ी ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली और की आठवें विकेट के लिए 149 रनों की अविजित साझेदारी कर इंडिया ए के लिए 92 ओवर में सात विकेट पर 417 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी।

इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 439 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड लायंस की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक 26 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। टॉम होंज (सात), एमिलियो गे (पांच) और जार्डन क्रॉक्स (शून्य) पर आउट हुये। इंग्लैंड के 11 ओवर में तीन विकेट पर 32 रन बनाए जाने के बाद मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया। अंशुल काम्बोज ने दो विकेट लिए और तुषार देशपांड़े ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 163 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। इंडिया ए का पांचवां विकेट ध्रुव जुरेल (28) के रूप में गिरा। इसके बाद नीतीश कुमार रेढी (42), शार्दुल ठाकुर (34) रन बनाकर आउट हुये। रेढी और ठाकुर को जॉर्ज हिल ने बोल्ड किया। इंडिया ए ने 92 ओवर में सात विकेट पर 417 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। तनुष कोटियान (90) और अंशुल काम्बोज (51) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड लायंस की ओर से जॉर्ज हिल ने तीन विकेट लिए। क्रिस वोक्स और एडवर्ड जैक को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले इंडिया ने पहली पारी में 348 रन और इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 327 रन बनाए थे।

### राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ हादसे पर दुख जताया और इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को मिली खिताबी जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर 18 साल का खिताबी सूखा समाप्त किया था और पहली बार इस टूर्नामेंट को जीता था। आईपीएल टीम राजस्थान रायल्स के कोच द्रविड़ ने कहा कि शहर की खेल संस्कृति को देखते हुए यह घटना और भी दर्दनाक है। भारत के पूर्व कोच और कप्तान द्रविड़ ने एक चौनल से कहा, यह काफी निराशाजनक है।

# निकोलस पूरन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



**त्रिनिदाद, वार्ता।** वेस्टइंडीज टीम के बांये हाथ के तूफानी बल्लेबाज एवं पूर्व कप्तान निकोलस पूरन ने महज 29 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पूरन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। जिस खेल से हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। इसके साथ खुशी, उद्देश्य और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने की यादें है। मैरून रंग पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक ऐसा सम्मान है जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों को अटूट प्यार के लिए धन्यवाद। आपने मुश्किल समय में मेरा साथ दिया और अच्छे पलों का बेजोड़ जुनून के साथ जश्न मनाया। मेरे परिवार, दोस्तों और साथियों को, मेरे साथ इस सफर पर चलने के लिए धन्यवाद। आपके विश्वास और समर्थन ने मुझे इस सब से ऊपर उठाया। भले ही मेरे करियर का यह अंतर्राष्ट्रीय अध्याय बंद हो गया हो, लेकिन वेस्टइंडीज़ क्रिकेट के लिए मेरा

**■ कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक ऐसा सम्मान है , जिसे मैं हमेशा दिल के करीब रखूंगा**

प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम की सफलता के अलावा कुछ नहीं चाहता। पूरन ने 167 बार वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें एकदिवसीय मैचों में 99-15 की स्ट्राइक रेट से 39-66 की औसत से 1983 रन बनाए और 136-39 की स्ट्राइक रेट से 2275 टी20 रन बनाए, जो वेस्टइंडीज के किसी खिलाड़ी का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। पूरन ने 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ यूएई में अंतर्राष्ट्रीय टी-20 पर्दापण किया था, इसके ठीक तीन साल बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में शुरुआत की थी। वर्ष 2018 में उन्होंने वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया और बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को वेस्टइंडीज क्रिकेट विश्व कप 2019 टीम में शामिल किया गया। उन्हें वर्ष 2022 में वेस्टइंडीज का सफेद गेंद कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन उसी साल ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 विश्वकप में विंडीज के लचर प्रदर्शन के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी।

# अर्जेंटीना के खिलाफ खेलने को तैयार: हरमनप्रीत

### टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है



**एम्स्टर्डम, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरा. पीय लीग की शुरुआत में नीदरलैंड से मिली हार को भूलकार अर्जेंटीना के खिलाफ चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

आगामी मैचों से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हम अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मैचों में आने वाली चुनौतियों से वाकिफ हैं। टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है। अर्जेंटीना एक मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई भी मैच आसान नहीं होता। हरमनप्रीत ने कहा कि हम किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी की है और लीड-अप में विभिन्न संयोजनों और रणनीतियों को आजमाया है। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करने का भरोसा है। उन्होंने कहा कि टीम का अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, लेकिन हम किसी भी चीज़ को हल्के में नहीं ले रहे हैं। वे परिणाम अतीत की बात हैं। हमें विश्वकप क्वालीफिकेशन के लिए वर्तमान में अच्छे प्रदर्शन करने की जरुरत है। टीम कड़ा अभ्यास कर रही है और कोचिंग स्टाफ हमें बहुत प्रोत्साहित कर रहा है। मुझे भरोसा है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में दोनों टीमों के बीच हुई भिड़त में अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। पेरिस 2024 ओलंपिक में दोनों टीमों के बीच खेला गया रोमांचक ड्रॉ रहा था। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया। भारत को दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी।

### पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो, वार्ता।** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा कि यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है।

# यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे गायकवाड़



**लंदन, वार्ता।** राणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रहे रुतुराज गायकवाड़ काउंटी क्लब यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे। ऋतुराज गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने के लिए अनुबंध किया है।

वह सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और चेतेश्वर पुजारा के बाद चौथे भारतीय बल्लेबाज है जो कि यॉर्कशायर की ओर से काउंटी खेलने वाले है। ऋतुराज जुलाई में सरे के खिलाफ रोथसे काउंटी चैम्पियनशिप से पहले यॉर्कशायर टीम से जुड़ेंगे। 28 वर्षीय गायकवाड़ ने भारत के लिए छह एकदिवसीय और 23 टी-20 मैच खेले हैं और वर्तमान में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारत ए टीम का हिस्सा हैं। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41-77 है, जिसमें सात शतक शामिल हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में 16 शतकों के साथ उनका औसत 56-15 रहा है। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने को लेकर कहा कि मैं इंग्लैंड के बाकी घरेलू सत्र के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है। मुझे पता है कि मैं सत्र के महत्वपूर्ण हिस्से में शानदार प्रदर्शन करना है।

# सम्पादकीय

बुधवार, 11 जून 2025

## कूटनीति कितनी कामयाब

ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख से विश्व समुदाय अवगत कराने गया ऑल पार्टी डेलिगेशन का आखिरी ग्रुप भी मंगलवार को भारत लौट आया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह डेलिगेशन 5 देशों- अमे. रिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया गया था। शशि थरूर ने दिल्ली एयरपोर्ट पर मीडिया से कहा कि जिन पांच देशों में हम गए थे, वहां हमारा स्वागत अच्छे से हुआ। हमनें उन देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और दूसरे सीनियर लीडर्स से हाई लेवल मीटिंग की। उन लोगों ने समझा कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर क्यों किया। ऑपरेशन सिन्दूर के बाद सरकार ने राजनयिक संदेश पहुंचाने की जिम्मेदारी जिन सात प्रतिनिधिमंडलों, जिनमें ज्यादातर सांसद और कुछ पूर्व राजनयिक थे को दी थी, उन्होंने अपनी यात्राएं पूरी कर ली हैं। पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान से इसके तार जुड़े होने से उपजे आक्रोश पर देश का नजरिया, पाकिस्तान के आतंकी बुनियादी ढांचे पर भारतीय हमलों की सटीक प्रकृति और आतंकी हमलों के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए रुख की जानकारी देने के लिए 59 सदस्यों ने 32 देशों का दौरा किया। यह संदेश महज विदेशी सरकारों के लिए नहीं था, बल्कि कानून-निर्माताओं, विदेशी मीडिया और आम जनता के लिए भी था, खासकर उन देशों में जहां नई दिल्ली को यह महसूस हो कि उसे अपेक्षित समर्थन नहीं मिला है। जिन देशों का दौरा किया गया, उनमें से कई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य हैं और वो देश भी शामिल थे, जो निर्वाचित गैर-स्थायी सदस्य हैं या अगले साल बनेंगे। यह अहम है, क्योंकि भारत को उस वक्त राजनयिक झटके का सामना करना पड़ा जब पाकिस्तान, जो साल 2025-26 के लिए निर्वाचित यूएनएससी सदस्य है, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का जिक्र हटवाने के लिए यूएनएससी के बयान में संशोधन कराने में सफल रहा। टीआरएफ ने ही पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान तालिबान प्रतिबंध कमेटी का अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कमेटी का उपाध्यक्ष चुने जाने में सफल रहा। यह इस हमले के लिए आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराए जाने का भारत का काम ज्यादा मुश्किल बनाएगा, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामजदगी के जरिये हो या वित्तीय कार्रवाई कार्य बल में। एक और क्षेत्र जिस पर फोकस किया गया, वह इस्लामी सहयोग संगठन की सदस्य-मंडली है, जो भारत के प्रति विशेष रूप से आलोचनात्मक रही है। यह देखा जाना बाकी है कि राजनीतिक कूटनीति की ये यात्राएं कितनी कामयाब रही हैं। खासकर भारत में इस आलोचना को देखते हुए कि विदेश में वार्ताकारों को प्रभावित करने के बजाय, ज्यादा वक्त भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में और साथ गए भारतीय मीडिया को साक्षात्कार देने में बिताया गया। इन प्रतिनिधिमंडलों को भारतीय नैरेटिव की काट के लिए पाकिस्तान द्वारा उठाए गए नकलची कदम से भी मुकाबला करना पड़ा।

## सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम



पहलगाम आतंकी हमला केंद्र की लाप. रवाही का नतीजा था, हमले वाली जगह पर सुरक्षाकर्मी क्यों नदारद थे, भाजपा सशस्त्र बलों की वीरता का राजनी. तिकरण करने की कोशिश कर रही है, भाजपा सरकार को चले जाना चाहिए, क्योंकि वह देश के लोगों को सुरक्षा देने में नाकाम है, पीएम मोदी केवल अपने बारे में विज्ञापन देने में बिजी हैं, आतंकवाद का कोई धर्म, जाति या पंथ नहीं होता, आतंकवादियों को सबक सिखाने की जरूरत थी, हम सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम करते हैं, पाक पर किया की गई एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर पीओके वापस लेने का एक अच्छा मौका था।

**-ममता बनर्जी**
**मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# विलुप्त नदियों में फिर से बहाव की आस



निश्च्छल प्रेम बसत जिहि हृदय, बिना स्वार्थ सेवारत रहतीं, ज्योति जगातीं संस्कारों की, जगती उसको मां ही कहतीं। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां मां के स्वरूप को उद्घाटित करती हैं। मां जीवन -प्रदायिनी होने के साथ-साथ संतति के पालन-पोषण और संस्कारों के बीजारोपण के दायित्वों का सम्यक निर्वहन करती है। जननी के साथ मातृभूमि और नदियों को भी हमने मां कहा है। विचारणीय बिन्दु यह है कि हम नदियों को मां क्यों कहते है? नदियां जल का स्त्रोत है। जल जीवन का आधार है, मानव शरीर में 60 से 70 प्रतिशत जल होता है और जल के बिना मानवजीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि मानव को पीने के साथ ही नित्यकर्मादि हेतु जल की नितांत आवश्यकता होती है। साथ ही जल से पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा प्राण वायु-आक्सीजन उत्पादित करते है। बिना प्राणवायु के मानव धरा पर कुछ मिनटों का मेहमान है जिसको हमने कोरोना काल में अनुभव किया है। इस प्रकार नदियां हमारे लिए जीवनदायिनी है और हम नदियों को मां कहते है। नदियों ने मानवजाति के पालन-पोषण में अग्रिम भूमिका का निर्वहन किया है। अनेक सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है, जिसमें सिंधु घाटी की सभ्यता नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। नगरों और महानगरों के निर्माण मे नदियों का विशेष योगदान है इसीलिए बड़े-बड़े शहर नदियों और समुद्र के किनारे बसे हुए हैं, क्योंकि नदियां मनुष्य की आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है और इसकी 50 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि को सिंचित करने, कृषि-भूमि को उपजाऊ बनाने के साथ पशुपालन में पशुओं को पानी पिलाने, नहलाने व चारा की उपलब्धता में नदियों का विशेष योगदान है।

हिन्दुओं में जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक संस्कार नदियों के किनारे ही सम्पन्न होते है जैसे मुण्डन संस्कार, मोर सिराना, कन्या विवाह के बाद स्नान, अन्तिम संस्कार में दाह संस्कार, राख व अस्थि विसर्जन और दसवां संस्कार नदियों के तट पर आज भी सम्पन्न होते देखे जाते हैं। इसके साथ ही पूजा -पाठ, यज्ञ-हवन, कथाओं के आयोजन के साथ ही जप, तप, ध्यान के लिए नदियों के घाटों को भारतीय धर्म-शास्त्रों में पुण्य प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन माना गया है क्योंकि ये शोर-शराबे से दूर शांत व सुरम्य वातावरण होते हैं, जो धार्मिक कृत्यों के लिए सर्वदा उपयुक्त हैं इसीलिए हमारे अनेक तीर्थ स्थल जैसे हरिद्वार, बृजघाट, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, काशी आदि पवित्र नदियों के तट पर अवस्थित हैं जो पुजा. रियों -पुरोहितों के अलावा छोटे दुकानदारों, व्यापारियों, होटल व्यवसायियों आदि अनगिनत लोगों के पालन-पोषण व धनार्जन का आधार है। इसके साथ ही पशु-पक्षी व जलीय जीव-जंतुओं को भोजन की व्यवस्था भी धार्मिक कृत्यों से होती रहती है। नदियां जल संरक्षण का प्राकृतिक रूप से सर्वोत्तम साधन हैं किन्तु आधुनिक समय में स्वार्थपरता, धन लोलुपता व भौतिकता की अंधी दौड़ में मानव जिस डाली पर बैठा है, वह बिना उसके परिणाम को जाने उसी को काट रहा। वह भूल रहा है कि इसका दुष्परिणाम हमारी संतति को किस विकराल रूप में भोगना पड़ेंगे। आज जल स्त्रोतों के अंधाधुंध दोहन, अवरोधन व अतिक्रमण के परिणामस्वरूप देश के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल स्तर में तेजी से गिरावट दृष्टिगोचर हो रही है और उन्हें डार्क जोन घोषित किया जा रहा है जो मानवजाति के लिए खतरे की घंटी है। इस विकराल समस्या को समय रहते केंद्र और प्रदेश सरकार ने अनुभव किया और जल संरक्षण के अन्तर्गत जल की एक-एक बूंद बचानी है की भावना को अंग. ीकार करते हुए हर गांव व नगरों में अमृत सरोवरों के निर्माण को साकार रूप प्रदान किया जा रहा है जिसकी प्रथम पहल भी उत्तर प्रदेश के रामपुर के पटवाई ग्राम से हुई जिसका उल्लेख देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया। नदियां जल का प्रमुख प्रकृतिक स्त्रोत है किन्तु सहायक नदियां जो किसी नदी की झांड़ यानी मुख्य धारा से निकली जलधारा हैं या झरने, तालाब, पोखर से निकली हैं तथा सीमित क्षेत्र में प्रवाहित होकर उस क्षेत्र में नदी के समस्त दायित्वों को पूर्ण करती हैं किन्तु मानव की संकीर्ण भौतिकवादी सोच का शिकार होने के कारण यह सहायक नदियां नाले या नदी चिन्ह के रूप में दृष्टिगोचर हो रही थीं। किन्तु शासन की जल संरक्षण नीति के अन्तर्गत प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी श्रंखला का एक उदाहरण है रामपुर जनपद की मिलक तहसील की नाहल नदी। जहां का मैं मूल निवासी हूं। 25-30 वर्ष पूर्व यह नदी के समस्त दायित्वों का निर्वहन करती थी। यद्यपि यह नदी भी रामपुर की प्रमुख नदी कोसी से निकली एक जलधारा हैं जो स्वार क्षेत्र से होते हुए सदर तहसील के चमरौआ ब्लाक के 5 गांवों में घूमती हुई मिलक क्षेत्र में प्रवेश करती है। स्वार और चमरौआ क्षेत्र में लोग इसे नदी -नाले के नाम से जानते है किन्तु मिलक क्षेत्र में यह नाहल नदी के नाम से विख्यात है। नाहल नाम नाले का अपभ्रंश रूप प्रतीत होता है। नाहल नदी मिलक ब्लाक में गंगापुर कदीम से निस्बी तक 51 किमी की दूरी में प्रवाहित होकर बरेली जनपद के मीरगंज में खंडिया नदी में मिलती है। किन्तु मानवजनित कुचेष्टाओं के कारण यह नदी मिलक नगर में लम्बे समय से नाले के रूप दृष्टिगोचर हो रही थी क्योंकि इसमें मिलक नगर के नालियों और नालों का गंदा पानी ही पहुंचता था, जबकि बचपन में हमने मिलक प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाते समय कल-कल करते स्वच्छ जल से युक्त इसके स्वरूप को देखा है। आज शासन की नीति और प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय 51 किमी लम्बी नाहल नदी को पुनर्जीवन मिला है ताकि जलस्त्रोतों को संरक्षित करके जलसंचयन के साथ गिरते भूमिगत जल स्तर को रोका जा सके और पर्यावरण को वृक्षारोपण करके हराभरा बनाने के साथ नदी तटों को कटान से सुरक्षित किया जा सके। इस हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र का प्रयास लाघनीय है जिन्होंने जमीनी स्तर पर नदी का स्थलीय निरीक्षण कर विकास, राजस्व, सिंचाई, पुलिस विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया। साथ ही नदी सम्बद्ध 29 ग्राम पंचायतों के लोगों से सीधा सम्पर्क स्थापित कर नदी के पुनर्जीवन की उपादेयता को समझाया। साथ ही कार्य में आ रही रुकावटों के निराकरण हेतु गांववासियों से बातचीत की और अतिक्रमणवादियों को चिन्हित कर सख्ती से नदी जमीन खाली करने हेतु आदेशित किया। नाहल नदी पुनर्जीवन में दोनों अधिकारियों ने श्रमिकों के साथ स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया और एक सार्थक संदेश दिया। इस नदी के पुनर्जीवन से 29 ग्राम पंचायतों के किसानों को सिंचाई का सरलता से सीधा लाभ मिलेगा। जल बहाव को रोकने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए नदी में जगहों को चिन्हित करके खंदकों का निर्माण किया गया। साथ ही नदी के दोनों ओर पटरी बनाई गई ताकि आवागमन और वृक्षारोपण का कार्य सुगमता से सम्पन्न हो सके। नदी का खुदाई कार्य मनरेगा द्वारा कराया गया और मनरेगा के कार्डधारक ही काम पर लगाए गए। नदियां चरैवेति-चरैवेति, मिलन, परमार्थ और पवित्रता की स्वत: साक्षात संदेशवाहक हैं। पूजा-पाठ के समय गायन किया जाने वाला पवित्रता- मंत्र -स बाह्याभ्यन्तर: शुचि अर्थात हम बाह्य और आंतरिक रूप से पवित्रता को धारण करें, मानव समाज को संदेश देता है कि हम अपने स्वयं के साथ -साथ अपने चारों ओर व्याप्त पर्यावरण को पवित्र, शुद्ध व स्वच्छ बनाने भी योगदान दें ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को भूजल स्तर की गिरावट आदि प्राकृतिक आपदाओं का सामना न करना पड़े।

**-डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

# योग की विरासत सहेजने को एक अनूठी वैश्विक पहल

**दरअसल, गिनीज बुक रिकॉर्ड की टीम कई महीने पहले से तैयारी करती है इस तरह के रिकॉर्ड दर्ज करने की। एक पूरा एग्रीमेंट बनाया जाता है। 90 दिन पहले प्रोसेस शुरू होता है। बाकायदा लाइसेंस इश्यू किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि अक्षर योग केंद्र के खाते में इससे पहले नौ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। डेढ़ दशक पहले स्थापित अक्षर योग केंद्र इस समय आयुष योग इंस्टीट्यूशन सार्टिफेकशन बॉडी में शामिल है।**

यह सुखद संयोग ही है कि भारत की सिलकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु से योग की अनूठी धारा दुनिया को हैरत में डालने वाली है। यूं तो बेंगलुरु आईटी हब है, लेकिन यहां आध्यात्मिक ज्ञान व योग की भी वैश्विक ख्याति है। आजकल बेंगलुरु स्थित अक्षर योग केंद्र इन देश-विदेश के हजारों योग साधकों की गहमा-गहमी का केंद्र बना हुआ है। आध्यात्मिक व योग गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर के नेतृत्व में इतिहास रचने की तैयारी जारी है। जिसमें अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका व एशिया के हजारों प्रतिभागी 12 गिनीज बुक रिकॉर्ड के ऑफिशियल प्रयास की तैयारी में जुटे हैं। यह आयोजन इस बार 11वें विश्व योग दिवस पर होने जा रहा है। अन्य विधाओं के साथ योग में भी विश्व रिकॉर्ड बनाने की क्या जरूरत है। हिमालय सिद्ध अक्षर कहते हैं कि यह प्रयास हमारी प्राचीन विरासत के संरक्षण के साथ दुनिया को यह बताना है कि इसके असली वारिस हम ही हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार 11वें विश्व योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ घोषित की है। उल्लेखनीय है कि साल 2010 में स्थापित अक्षर योग केंद्र यह आयोजन पहले ताइवान में करने जा रहा था। लेकिन भू-राजनीतिक कारणों की चुनौती के चलते इस आयोजन को बेंगलुरु में ही आयोजित करने का फैसला किया है। बता दें कि अक्षर योग केंद्र के नाम पहले ही योगासनों के नौ विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। जिसमें संस्थान के नाम वर्ष 2021 में वशिष्ठासन, 2022 में धनुरासन, वर्ष 2023 में उष्ट्रासन, हलासन तथा 2024 में चक्रासन, नौकासन, कौडिन्यासन, नटराजासन व सूर्य नमस्कार के लिए गिनीज बुक रिकॉर्ड दर्ज हो चुके हैं।

**रिकॉर्ड के लिए जुटेंगे देशी-विदेशी साधक**

दरअसल, पिछले डेढ़ महीने से दो हजार युवा योग साधक ट्रेंड हो रहे हैं। इस बार होने वाली प्रतियोगिता में हर रिकॉर्ड भाग लेने वाले साधकों के नंबर दिए जाएंगे। इस बार जहां कुछ रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, वहीं कुछ रिकॉर्ड टूटेंगे। उनकी संख्या में विस्तार किया जाएगा। इस बार की स्पर्धा का रोचक पक्ष यह है कि इसमें सेना व अर्द्ध सैनिक बलों के योग साधक रिकॉर्ड बनाने वाली टीम का हिस्सा होंगे। इसमें थल सेना, वायु सेना, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ व कर्नाटक पुलिस के युवा साधक शामिल होंगे। इनके हर विभाग के युवा होंगे। इसके अलावा कालेज के छात्र व मल्टीनेशनल कंपनियों के साधक भी शामिल होंगे। साथ ही, अक्षर योग केंद्र के साढ़े तीन सौ विदेशी साधक आएंगे। जिनमें फ्रांस, यूएसए, लंदन, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर, ताइवान, मलेशिया व जापान के योग साधक शामिल हैं। इन साधकों की पिछले दो महीने से ऑनलाइन ट्रेनिंग चल रही है। इन रिकॉर्ड की तार्किकता की पड़ताल के लिए गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की तरफ से दो सौ इंस्पेक्ट स्टुअर्ड तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड के तीन सीनियर ऑफिशियल भी मौजूद रहेंगे। इसमें एक विदेश से तथा दो भारत स्थित ऑफिशियल टीम का हिस्सा होंगे।

**ट्रेनिंग के लिए 70 योग शिक्षकों की टीम**

उल्लेखनीय है कि रिकॉर्ड दर्ज करने से इसकी लंबी प्रक्रिया में पहले आवेदन किया जाता है कि ऐसे रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, इसकी इतनी समय अवधि होगी। फिर टीम पूरे विश्व में जांच करती है कि क्या इससे पहले कोई रिकॉर्ड दर्ज तो नहीं है। समय, संख्या के अलावा बारह से अधिक पैरामीटर निर्धारित हैं। कुछ आसनों में छोटे बच्चे भाग नहीं ले सकते। जैसे बारह साल से कम के बच्चों को सुरक्षा कारणों से हैंड स्टैंड नहीं करने दिया जाता। वहीं अक्षर योग केंद्र की 70 योग शिक्षकों की टीम है, जिनकी मदद के लिए हैल्पर भी नियुक्त किए गए हैं। जो साधकों को योग सिखा रहे हैं। इस आयोजन का एक रोचक पक्ष यह है कि लगभग 50 दिव्यांग बच्चों की दो विशेष टीम भी आयोजन का हिस्सा होंगी। एक भारत से और दूसरी विदेशों से। ये दिव्यांग बच्चे बारह में से छह आसन पूरा करेंगे। ये देख- सुन नहीं सकते। ये बच्चे प्रतियोगिता वाले दिन मेन स्टेज पर प्रदर्शन भी करेंगे।

**80 दिनों तक 12 आसनों का प्रशिक्षण**

इस साल ग्यारहवें विश्व योग दिवस 21 जून को होने वाले इस आयोजन में देश-विदेश के हजारों योग साधक हिमालय सिद्ध अक्षर के मार्गदर्शन में पसीना बहा रहे हैं। इस साल बनने वाले रिकॉर्ड में जो आसन शामिल हैं उनमें भद्रासन, अधोमुख श्वानासन, शलभासन, गरुड़ासन , एक पाद पादांगुष्ठासन, उभय पादांगुष्ठासन, एक पाद राजकपोतासन प्रमुख हैं। वहीं जो पिछले रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी है, उनमें सेतुबंध, सर्वांगासन, वीरभद्रासन व उत्कटासन शामिल हैं। हिमालय सिद्ध अक्षर बताते हैं कि योग के इस महाकुंभ में करीब साठ देशों के योग साधक भाग लेगें। फिलहाल इसमें अमेरिका, यूरोप व एशियाई देशों के लगभग पांच-पांच सीनियर टीचर मूव करेंगे। ए सीनियर योग शिक्षक हैं। वहीं ट्रेंड योग साधकों की संख्या दो हजार के करीब रहेगी।

**-साभार डीटी**

# अंधविश्वास तथा आडम्बरों के घोर विरोधी थे कबीर दास





योगेश कुमार गोयल

**मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया।**

मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास जी ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया।

मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्एष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे।

उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीरदास ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है? संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ! दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहेनुसार लालटेन जलाकर ले आई।

वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनटों के बाद कबीरदास ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ए संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। लेकिन कबीरदास ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है?

उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंग. वाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवत: घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? कबीरदास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वत: ही हल हो जाती है।

# गोलीबारी से ऑस्ट्रिया के स्कूल में 11 छात्रों की मौत

## हमलावर स्कूल के छात्र ने खुद को भी मारी गोली



**वियना।** ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में मंगलवार सुबह एक हाई स्कूल में फायरिंग की घटना हुई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 28 घायल हो गए। उनमें से चार की हालत बेहद गंभीर है। कुछ लोगों के सिर में भी गोली लगी है।

पुलिस ने इलाके में बड़ा ऑपरेशन शुरू कर दिया है और लोगों से कहा गया है कि वे वहां से दूर रहें। ऑस्ट्रियाई मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेनगैस हाई स्कूल के अंदर गोलियों की आवाजें सुनी गईं। इसके तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध हमलावर शायद उसी स्कूल का छात्र था और उसने खुद को गोली मारकर जान ले ली। स्कूल के बाथरूम में उसकी बॉडी मिलने की भी सूचना है। ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मृतकों की वास्तविक संख्या अभी नहीं बताई जा सकती है, इसके साथ ही घायलों की संख्या की पुष्टि भी नहीं की जा सकती है। पुलिस प्रवक्ता सबरी योर्गुन ने बताया कि पुलिस अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वहां क्या हुआ था। फिलहाल स्पेशल फोर्स कोबरा को मौके पर तैनात किया गया है। ऑस्ट्रियाई चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर भी ग्राज के लिए रवाना हो गए हैं, जहां उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की योजना है। हाई स्कूल में घटी इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके को घेर लिया गया है और पुलिस ने लोगों से शांत रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

ग्राज ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जो देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और वहां करीब 3 लाख लोग रहते हैं। यूरोपीय यूनियन के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। हर बच्चे को स्कूल में सुरक्षित महसूस करना चाहिए और उसे भय और हिंसा से मुक्त होकर सीखने में सक्षम होना चाहिए। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और ऑस्ट्रियाई लोगों के साथ हैं।

## कैलिफोर्निया: पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर चलाई रबर की गोलियां

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में पुलिस ने शोरगुल वाले ग्रेनेडों के बाद सबसे सक्रिय प्रदर्शनकारियों पर रबर की गोलियां चलाई है। समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि इससे पहले सुरक्षा बलों ने फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। बाद में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने सक्रिय प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। गौरतलब है कि हिंसा सात जून को तब भड़की जब लॉस एंजिल्स में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) सेवा की ओर से अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी की गई, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इसी बीच प्रांत के लिए संघीय फंड में कटौती की खबरें भी सामने आईं। अगले दिन व्हाइट हाउस ने शहर में दो हजार नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का ऐलान किया। लॉस एंजिल्स काउंटी के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने नेशनल गार्ड की तैनाती की मांग नहीं की थी।



कीव। रूसी ड्रोन हमले के दौरान बम आश्रय के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे मेट्रो स्टेशन पर आराम करते लोग।

## अमेरिका की राजधानी में सैन्य परेड की तैयारी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की राजधानी में सेना के 250वें जन्मदिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 79वें जन्मदिन के सम्मान में शनिवार की सैन्य परेड की तैयारी हो रही है। सीक्रेट सर्विस के वाशिंगटन फील्ड ऑफिस के मैट मैककूल ने सोमवार को एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि हम भारी भीड़ के लिए तैयारी कर रहे हैं। अधिकारी के अनुसार 18 मील से अधिक 'एंटी-स्केल फेंसिग' लगाई जाएगी और कई ड्रोन का भी उपयोग किया जाएगा। कोलंबिया का पूरा जिला आम तौर पर ड्रोन के लिए नो-फ्लाई ज़ोन है। सेना के अधिकारियों ने शाम की सैन्य परेड में लगभग दो लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान लगाया है और मैककूल ने कहा कि वह इस समारोह में लाखों लोगों आगमन के लिए तैयार हैं। दिन के समय जन्मदिन समारोह और रात के समय परेड में प्रवेश को नियंत्रित करने वाली सुरक्षा चौकियों पर कुल 175 मैग्नेटोमीटर का उपयोग किया जायेगा।

# गाजा में उग्रवादी संगठन की मदद कर रहा इजरायल

## हमास का मुकाबला करने के लिए हाथयार भी दिए

**गाजा।** इजरायल सरकार पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उसने गाजा में हमास का मुकाबला करने के लिए एक फलस्तीनी मिलिशिया को हथियार दिए हैं। गाजा में हमास का पिछले 2 दशक से कब्जा है।

इजरायल तमाम कोशिशों के बावजूद हमास का पूरी तरह से खात्मा नहीं कर पाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजरायल ने गाजा में हमास को खत्म करने की जिम्मेदारी 'पॉपुलर फोर्सेज' को दी है। इसका लीडर यासर अबू शबाब है। अबू शबाब खुद को 'आतंकवाद को मिटाने वाला' कहता है, लेकिन कई मानवाधिकार संगठन इसे लुटेरों और अपराधियों का नेता मानते हैं।

### नेतन्याहू बोले: इसमें कोई बुराई नहीं

इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी पिछले सप्ताह माना था कि उन्होंने गाजा में हमास को कमजोर करने के लिए उनके विरोधी संगठनों को अपना समर्थन दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इससे इजरायली सैनिकों की जान बचती है, तो इसमें क्या गलत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अबू शबाब एक समय छोटे अपराधों में लिप्त था। कुछ साल पहले हमास की पुलिस ने उसे चोरी और ड्रग्स की तस्करी के आरोप में जेल में डाल दिया था। 2023 के अंत में जब इजरायल और हमास के बीच जंग छिड़ी, तो इजरायली हवाई हमलों की आड़ में वह जेल से फरार हो गया। जेल से भागने के बाद उसने खुद का एक सशस्त्र संगठन पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया खड़ा कर लिया। पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया दक्षिणी गाजा में एक्टिव है। इसमें 100 से ज्यादा मेंबर हैं। ये लड़ाके फलस्तीनी झंडे और 'काउंटर- टेररिज्म यूनिट' के पैच वाली वर्दी पहनते हैं। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पॉपुलर फोर्सेज इजरायली सेना के नियंत्रण वाले इलाकों में काम कर रही है।

# कैटरीना कैफ बनी मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर

## भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर बन गई हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की गई। विजिट मालदीव ने इस खबर को शेयर करते हुए कहा कि वे कैटरीना कैफ को अपने ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं।

गौरतलब है कि कैटरीना भारत में ब्रांड एंडोर्समेंट की दुनिया का बड़ा चेहरा हैं। कैटरीना ने इस मौके पर कहा कि मालदीव लग्जरी और नेचुरल ब्यूटी का शिखर है, ऐसी जगह जहां सादगी और शांति एक साथ मिलती है। 'सनी साइड ऑफ लाइफ' का फेस बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। इस कोलेबोरेशन के जरिए मैं दुनियाभर के लोगों को मालदीव की खासियत और बेहतरीन यात्रा अनुभव से परिचित कराने के लिए उत्साहित हूं। भारत-मालदीव रिश्तों में खटास के बीच आया यह कोलेबोरेशन यह कोलेबोरेशन ऐसे वक्त में हुआ है जब भारत और मालदीव के रिश्तों में पिछले साल जनवरी के बाद से कुछ कड़वाहट देखी गई थी। विजिट मालदीव ने हाल ही में समर सेल कैंपेन लॉन्च किया है ताकि दुनियाभर से ज्यादा से ज्यादा सैलानी मालदीव की खूबसूरती, समृद्ध समुद्री जीवन और लग्जरी अनुभवों को जान सकें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने मालदीव की यात्रा पर जा सकते हैं। मालदीव नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों ने बढ़ाया था विवाद गौरतलब है कि 2024 की शुरुआत में दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई थी।

# यमन में 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया गया

**अदन।** यमन के सुरक्षा बलों ने सोमवार को रेड सी तट के बाब अल-मंडब क्षेत्र में मानव तस्करी गिरोह से 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया, जिसमें कई महिलाएं भी शामिल थीं।

यहां के एक सुरक्षा सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि यमन के सरकारी बलों ने तैज प्रांत के धुबाब तटीय जिले में मानव तस्करी नेटवर्क से कई इथियोपियाई प्रवासियों को मुक्त कराया। यह बचाव अभियान बाब अल-मंडब से लेकर प्रांत लाहज के रस अल-अरह तटीय क्षेत्र तक फैले एक व्यापक सुरक्षा ऑपरेशन का हिस्सा था। सूत्रों के अनुसार यमन की पश्चिमी तटरेखा पर अफ्रीकी और यमनी तस्करों के सहयोग से मानव तस्करी के नेटवर्क सक्रिय हैं। ये गिरोह नाव से आये अवैध प्रवासियों को अपहरण कर निजी ठिकानों में कैद कर उनका शोषण करते हैं। यमनी न्यूज एजेंसी दो दिसम्बर ने इस सुरक्षा अभियान की पुष्टि करते हुए, इसे मानव तस्करी के खिलाफ जारी मुहिम का हिस्सा बताया। पश्चिमी तटीय सुरक्षा क्षेत्र के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल मुजाहिद अल-हजौरा ने कहा कि इस अभियान में धुबाब के विभिन्न हिस्सों में तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले ठिकानों और हिरासत स्थलों को निशाना बनाया गया तथा 123 पुरुषों और 54 महिलाओं को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया।

# पाक हुआ 76 हजार अरब रुपये का कर्जदार, वित्त मंत्री फिर भी संतुष्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार, 9 जून को इकोनॉमिक सर्वे 2024-25 जारी किया गया। इसे वित्तमंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने पेश किया। सर्वे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में पाकिस्तान पर कर्ज बढ़कर 76000 अरब पाकिस्तानी रुपये हो गया।

इसमें से 51500 अरब रुपये लोकल बैंकों से और 24500 अरब रुपये देश के बाहर दूसरे देशों या बैंकों से लिया गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले दो सालों से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आया है। मौजूदा वित्त वर्ष में इसमें स्थिरता और मजबूती आई है। नकदी के संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था इस साल 2.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। पाकिस्तान का वित्तीय वर्ष 1 जुलाई से शुरू होता है, जिसके लिए आज शाम पाकिस्तान का बजट पेश होगा। इससे एक दिन पहले इकोनॉमिक सर्वे पेश किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में औरंगजेब ने बताया कि साल 2023 में जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत थी, जो 2024 में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई है। वित्तमंत्री ने कहा, 2025 के लिए हमने 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह एक रिकवरी है और स्थाई विकास की दिशा में सही कदम है। अगला वित्तीय वर्ष एक बदलाव की कहानी होगा। वित्त वर्ष 2024-25 में जुलाई से अप्रैल के बीच चालू खाता (करंट अकाउंट) में 1.9 अरब डॉलर का सरप्लस दर्ज हुआ। इसकी मुख्य वजह आईटी सेक्टर से 3.5 अरब डॉलर का होने वाला निर्यात रहा। रेमिटेंस यानी जो लोग दूसरे देशों में पैसा कमाकर पाकिस्तान भेजते हैं, वो इस साल के अंत तक 37 से 38 अरब डॉलर पहुंच सकता है। दो साल पहले यह 27 अरब डॉलर था। 30 जून 2024 तक पाकिस्तान का फॉरेक्स रिजर्व्स यानी विदेशी मुद्रा भंडार 9.4 अरब डॉलर थे। 2023 में पाकिस्तान के पास सिर्फ दो हफ्ते के आयात के लिए ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा था।



### दो साल में अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटी

## अमेरिका में व्यापक यात्रा प्रतिबंध लागू

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से जारी व्यापक यात्रा प्रतिबंध सोमवार से लागू हो गया, जो ट्रम्प-प्रशासन की कड़ी आव्रजन नीति के बीच बढ़ते हंगामे के दौरान आया है। सप्ताहांत में, कैलिफोर्निया में आव्रजन छापों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लॉस एंजिलेस में प्रदर्शनकारियों की नेशनल गार्ड से झड़प हुई। न्यूयॉर्क सिटी में सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्पटॉवर पर कब्जा कर लिया और हाल ही में हिरासत में लिए गए प्रवासियों की रिहाई की मांग की। करीब 20 मिनट की तनातनी के बाद पुलिस ने करीब 20 लोगों को गिरफ्तार किया। पिछले सप्ताह ट्रम्प ने एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया।

## मेलबर्न में कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी मेलबर्न में सोमवार देर रात एक कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी गिप्सलैंड क्षेत्र में मंगलवार को मेलबर्न से 300 किलोमीटर पूर्व में ओरबोस्ट शहर में एक कार के पेड़ से टकराने की सूचना पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। इस हादसे में 18 वर्षीय पुरुष चालक और 15 वर्षीय पुरुष यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।




# छात्र बदसलूकी पर अमेरिका ने दी सफाई

## अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं, वैध तरीके से आएं, तो स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूजर्सी में भारतीय छात्र को जमीन पर पटकने, हथकड़ी लगाने और डिपोर्ट करने के मुद्दे पर भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को बयान दिया। दूतावास ने कहा कि अमेरिका में अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर लिखा-अमेरिका अपने देश में वैध यात्रियों का स्वागत करता है।

हम अवैध एंट्री, वीजा का दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे पहले भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन कुणाल जैन ने रविवार को इस घटना वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जैन ने एक्स पर लिखा-मैंने न्यूअर्क एयरपोर्ट पर एक युवा भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर, रोते हुए, अपराधी की तरह ट्रीट होते देखा। जैन ने बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं,

### एयरपोर्ट पर छात्र को पटका फिर इंडिया भेजा था

ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो में एयरपोर्ट अधिकारियों ने छात्र को जमीन पर पटका और उसे हथकड़ी लगाई। इसके बाद उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। अधिकारियों ने भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर जमीन पर पटक दिया। छात्र ने कहा कि वो पागल नहीं है, उसे जबरदस्ती पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। कुनाल जैन ने कहा था कि बच्चे वीजा लेकर सुबह फ्लाइट से आते हैं। किसी कारण से इमिग्रेशन अथॉरिटीज को अपने आने का कारण समझा नहीं पाते और शाम की फ्लाइट से हाथ-पैर बांधकर, मुजरिमों की तरह भेज दिए जाते हैं। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे केस ज्यादा बढ़ गए हैं। जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने लिखा था कि पता लगाना चाहिए कि इस छात्र का क्या हो रहा है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक्स पर लिखा कि अमेरिका में लगातार भारतीय नागरिकों को अपमानित किया जा रहा है। हर दिन ऐसी खबरें आ रही हैं और नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। मोदी सरकार भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में नाकाम साबित हुई है। हमारी मांग है कि नरेंद्र मोदी को ट्रंप प्रशासन से भारतीयों के अपमान को लेकर बात करनी चाहिए।

